रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 28 अक्टूबर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 70 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### राष्ट्रपति कोविंद 3 दिन की यात्रा पर गुजरात जायेंगे



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद गुरूवार से तीन दिन की यात्रा पर गुजरात जायेंगे। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार कोविंद शुक्रवार को भावनगर में आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के लोगों के लिए एक आवास योजना की परियोजना का उद्घाटन करेंगे। वह भावनगर जिले में मोरारी बापू के श्री चित्रकूटधाम आश्रम में भी जायेंगे।

### कश्मीर में एनआईए का विभिन्न स्थानों पर छापा

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कश्मीर में प्रतिबंधित जमात-ए-इस्लामी (जेईआई)के सदस्यों द्वारा आतंकवादी गतिविधियों सहयोग और फंडिंग के मामले में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारी ने आज यहां बताया कि एनआईए घाटी के विभिन्न जिलों में एक साथ छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा, आरसी -3/2021 के मामले में छापेमारी की जा रही है। अगस्त में एनआईए ने कश्मीर में जमात के खिलाफ एक बड़ी कार्रवाई की। फरवरी 2019 में गृह मंत्रालय ने जमात पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था।

# भ्रामक-तथ्यहीन खबरों से छवि खराब करने का आरोप, प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, वेब यूट्यूब, सोशल मीडिया के पत्रकारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग

## संसदीय सचिव, कांग्रेस विधायक यूडी मिंज और जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज यादव ने दिया आवेदन

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज सागर यादव तथा कांग्रेस विधायक संसदीय सचिव यूडी मिंज की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ सरकार की छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। कांग्रेस अध्यक्ष यादव ने थाना प्रभारी को दिए हुए आवेदन में जिन विषयों का भी उल्लेख किया है **राष्ट्रीय समाचार पत्र पायनियर** हूबहू आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने पत्र में किसी भी चिन्हांकित मीडिया हाउस या पोर्टल, यूट्यूब के नाम नहीं अपितु अपने आवेदन में जो मांग की है उसमें प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, वेब पोर्टल, सोशल मीडिया, यूट्यूब आदि का उल्लेख है।

यादव ने थाना प्रभारी कुनकुरी को दिए हुए आवेदन में लिखा है कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री व सरकार को बदनाम करने न्यूज एजेंसी, वेब पोर्टल एवं सोशल मीडिया के माध्यम से लगातार आए दिन भ्रामक दुष्प्रचार समाचार प्रकाशित हो रहा है। जिससे प्रदेश में सामाजिक सौहार्द, भाईचारा खतरे में है। यदि इसी प्रकार के समाचारों का प्रचार-प्रसार लगातार होता रहा तो आने वाले समय में शांति प्रिय एवं खुशहाल छत्तीसगढ़ का वातावरण जहरीला हो जाएगा और आने वाले पीढ़ी के लिए जीना बहुत ही कठिन होगा। साथ ही प्रदेश में दंगा-फसाद का वातावरण बनेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज सागर यादव ने अपने आवेदन में उक्त विषयों का उल्लेख करते हुए कहा है कि ऐसे असामाजिक तत्व, अशांति प्रिय प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, वेब पोर्टल, यूट्यूब, सोशल मीडिया इत्यादि पर भ्रामित कथित पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।






किसी भी घटना की पूरी जानकारी लिए बिना तथ्यहीन समाचार चलाकर शांति भंग करने और सरकार की छवि बिगाड़ने का प्रयास करने वाली सभी माध्यमों की मीडिया के खिलाफ यह ज्ञापन दिया गया है। पत्थलगांव सड़क हादसे में 1 की मौत को 4-5 मौत बताकर माहौल खराब किया जा रहा था। ऐसे लोगों पर कानूनी कार्रवाई हो।

**मनोज सागर यादव, अध्यक्ष जिला कांग्रेस जशपुर**

कांग्रेस पदाधिकारियों के द्वारा दी गई शिकायत के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। सामाजिक सौहार्द्र को ध्यान में रखकर इनके द्वारा ज्ञापन दिया गया है। आवेदन में किसी भी मीडिया का नाम नहीं लिया गया है।

**भास्कर शर्मा, थाना प्रभारी, कुनकुरी**

### सवालों के घेरे में कांग्रेसी नेता

- **छत्तीसगढ़ की यह पहली घटना जब बिना चिन्हांकित किए प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, वेब पोर्टल, यूट्यूब, सोशल मीडिया सभी को एक साथ उल्लेखित करते हुए अशांति प्रिय, असामाजिक तत्व का आरोप लगाकर कार्रवाई करने की मांग की गई।**
- **यदि किसी पोर्टल, प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया, यूट्यूब, सोशल मीडिया आदि में भ्रामित खबर प्रसारित की गई है तो उसके संदर्भ में स्पेसिफिक कार्रवाई की मांग न करके सभी मीडिया हाउस को टारगेट क्यों किया गया?**
- **प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया में खबरों के प्रसारण के लिए जवाबदेही तय होती है। पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों का चयन किया जाता है। उसके बाद खबरों का प्रसारण किया जाता है। इस जानकारी से वंचित विधायक और कांग्रेस पदाधिकारियों ने सभी मीडिया हाउस की शिकायत एक साथ थाने में कर कार्रवाई की मांग की।**
- **जबकि ऐसी कोई घटना की अंदेशा थी या है। और पर्याप्त सबूतों की उपलब्धता है तो उसे चिन्हांकित कर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की जानी चाहिए थी।**

### कांग्रेस के लोग मारपीट कर आतंक फैला रहे और मीडिया पर आरोप लगा रहे : साय



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने महासमुन्द के आबकारी दफ्तर में कांग्रेस विधायक और संसदीय सचिव की मौजूदगी में हुई मारपीट की घटना को प्रदेश के राजनीतिक इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते हुए कांग्रेस, प्रदेश सरकार और विधानसभा अध्यक्ष से उन्हें कांग्रेस, संसदीय सचिव व विधानसभा की सदस्यता से बर्खस्त करने की मांग की है। साय ने जशपुर जिला कांग्रेस द्वारा कुनकुरी थाना प्रभारी को सभी न्यूज एजेंसी के खिलाफ एफआईआर करने के लिए पत्र लिखे जाने और कांग्रेस विधायक यूडी मिंज द्वारा थाना प्रभारी को सौंपे जाने को कांग्रेस के अलोकतांत्रिक, असहिष्णु और अधिनायकवादी राजनीतिक चरित्र का परिचायक बताया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने कहा कि विधायक और संसदीय सचिव चंद्राकर की मौजूदगी में मंगलवार को जो कुछ हुआ, वह कांग्रेस के चरित्र की एक बानगी है। संसदीय सचिव के नाते प्रदेश सरकार का एक अंग होकर मारपीट करने वालों को अपने साथ लेकर आबकारी दफ्तर पहुँचने की बात पीड़ित कर्मचारी ने अपनी शिकायत में कही है और यह भी कहा है कि विधायक और उनके समर्थकों ने कमरा बंद करके बेदम पीटा, जिससे पीड़ित बुरी तरह घायल हो गया। उसकी जान भी जा सकती थी। प्रशासनिक अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ मारपीट और उन पर जानलेवा हमला करती कांग्रेस नेताओं और जनप्रतिनिधियों और उनकी गुण्डावाहिनियों की आपराधिक करतूतों के चलते जंगलराज जैसा आलम पूरे प्रदेश में देखा जा रहा है। कांग्रेस के लोग सत्ता की धौंस दिखाकर प्रदेश को अराजकता के गर्त में धकेल रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने कहा कि जशपुर के कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्याक्ष से कांग्रेस के ही भूपेश गुट द्वारा की गयी मारपीट से जुड़ी खबरें व वीडियो प्रसारित होने पर कांग्रेस के लोगों का मीडिया के खिलाफ प्रलाप करना समझ से परे है। यह मीडिया, सोशल मीडिया के प्रति कांग्रेस और उसकी सरकार के दुराग्रहों का परिचायक है। कांग्रेस के लोग ऐसी हरकतें करके अब मीडिया को खुले तौर पर धमकाने में लगे हैं। साय ने कहा कि टुकड़ा-टुकड़ा गैंग की अभिव्यक्ति की आजादी का झंडा उठाए देशभर में प्रलाप करती कांग्रेस आज अपने असहिष्णु चरित्र का परिचय दे रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अनेक मौकों पर मीडिया के प्रति अपने दुराग्रह का प्रदर्शन करते देखे-सुने और पाए गए हैं, अब कांग्रेस के बाकी लोग भी उसी रास्ते उसी चरित्र का परिचय देने में लगे हैं।

# राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव का आयोजन आज से

- **झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समारोह में करेंगे उद्घाटन**

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं राज्योत्सव 2021 का उद्घाटन 28 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में हिस्सा ले रहे विदेशों तथा छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों के आदिवासी नर्तक दलों द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया जाएगा तथा अतिथियों के उद्बोधन होंगे। उद्घाटन समारोह में दोपहर 12.30 से 2 बजे तक नाइजीरिया, फिलीस्तीन, छत्तीसगढ़ के गौर सिंग नर्तक दल, होजागिरी-त्रिपुरा के दल द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक अतिथियों द्वारा इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन तथा अवलोकन किया जाएगा। आयोजन स्थल पर दोपहर 2.30 बजे से 6.30 बजे तक विवाह संस्कार विधा पर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक दल को प्रस्तुति के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। इस प्रतियोगिता में 11 नर्तक दल अपनी प्रस्तुति देंगे, जिसमें गोंड जनजाति का कर्मा नृत्य-मध्यप्रदेश, कड़सा नृत्य-झारखंड, गोजरी नृत्य जम्मू-कश्मीर, गुरयाबल्लु-आंध्रप्रदेश, कारबी-तिवा-असम, डिम्सा-आंध्रप्रदेश, धप-ओड़िसा, कोम्मुकोया-तेलंगाना, दंडार-मध्यप्रदेश, बोण्डा-ओड़िसा, मेवासी नृत्य-गुजरात की प्रस्तुति होगी। शाम 6.30 से रात्रि 7.30 बजे तक पारम्परिक त्यौहार एवं अनुष्ठान, फसल कटाई-कृषि एवं अन्य पारंपरिक विधाओं पर नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें 05 नर्तक दल हिस्सा लेंगे। इनमें करमा नृत्य-छत्तीसगढ़, झींझीं हन्ना-उत्तराखंड, गुसाड़ी-डिम्सा-तेलंगाना, उरांव-झारखंड, सिद्धी गोमा नृत्य-गुजरात की प्रस्तुति होगी। रात्रि 8 बजे से 9.30 बजे तक मुख्य मंच पर राज्यपाल अनुसुईया उइके के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें अतिथियों के उद्बोधन के बाद स्वाजीलैण्ड, उजबेकिस्तान और माली के आदिवासी नर्तक दलों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

### नीरज चोपड़ा और रवि दहिया सहित 11 खिलाड़ियों को खेल रत्न

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलम्पिक में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास बनाने वाले भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा और रजत जीतने वाले पहलवान रवि दहिया सहित 11 खिलाड़ियों को देश के शीर्ष खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार के लिए चुना गया है जबकि क्रिकेटर शिखर धवन सहित 35 खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार के लिए चुना गया है। राष्ट्रीय खेल पुरस्कार हर वर्ष 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर राष्ट्रपति द्वारा प्रदान किये जाते हैं लेकिन इस बार उसी समय के आसपास टोक्यो ओलम्पिक और पैरालम्पिक होने के कारण पुरस्कारों को दिए जाने में देरी हो गयी। खेल रत्न के लिए चुने गए खिलाड़ियों में नीरज चोपड़ा, रवि दहिया, हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश, फुटबाल कप्तान सुनील छेत्री, महिला क्रिकेटर मिताली राज, महिला मुक्केबाज लवलीना बोर्गोहैन, सुमित अंतिल, अवनि लेखड़ा, कृष्णा नागर और मनीष नरवाल शामिल हैं।

# पेगासस जासूसी : सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को लगाई फटकार

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने पेगासस जासूसी मामले में बुधवार को केंद्र सरकार को फटकार लगाते हुए पूरे मामले की जांच के लिए एक कमेटी गठित कर जांच कराने के आदेश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश एन वी रमन और न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति आर. वी. रविंद्रन, पूर्व भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी आलोक जोशी तथा डॉ संदीप ओबरॉय की अगुवाई में साइबर एवं फॉरेंसिक विशेषज्ञों की तीन सदस्यों वाली एक टेक्निकल कमेटी से जांच कराने का आदेश दिया है। श्री आलोश जोशी 1976 बैच के आईपीएस अधिकारी है। डॉ. ओबरॉय चेयरमैन सब कमेटी (इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ स्टैंडरडाइजेशन/ इंटरनेशनल इलेक्ट्रो-टेक्निकल कमिशन/ जॉइंट टेक्निकल) हैं। यह कमेटी अगले आठ सप्ताह के अंदर अपनी अंतरिम रिपोर्ट देगी। पीठ ने कहा है कि टेक्निकल कमेटी के सदस्य के तौर पर आईआईटी बाम्बे के प्रोफेसर डॉ अश्विनी अनिल के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टर नवीन कुमार चौधरी और डॉक्टर प्रबाहरण पी. सदस्य होंगे। डॉक्टर चौधरी, डीन- नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी, गांधीनगर गुजरात), डॉक्टर प्रबाहरण पी., प्रोफेसर (स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग) अमृत विश्व विद्या पीठम, अमृतपुरी, केरल और डॉ अश्विनी अनिल गुमस्ते, इंस्टिट्यूट चेयर एसोसिएट प्रोफेसर इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मुंबई से हैं।


# कैप्टन अमरिंदर अपनी पार्टी बनाने की प्रकिया में, नाम का खुलासा बाद में

वार्ता < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कहा है कि वह अपनी पार्टी बनाने की प्रकिया में हैं और इसके नाम का खुलासा बाद में किया जाएगा। श्री सिंह ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह अपनी पार्टी बनाने की प्रक्रिया में है और उनके वकील निर्वाचन आयोग से बात कर रहे हैं। पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह तय किया जा रहा है जिनकी घोषणा बाद में की जाएगी। कैप्टन अमरिंदर ने पाकिस्तानी महिला पत्रकार अरूसा आलम के साथ अपने संबंधों के बारे में दो टूक राय दी और यह भी कहा कि अगर वीजा पाबंदी हटा दी जाए तो वह उन्हें फिर आमंत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि वह बुद्धिमान महिला है। उन्होंने पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में सीमा सुरक्षा बल(बीएसएफ) की तैनाती पर कहा कि यह बल पंजाब में किसी चीज को नियंत्रण में नहीं लेने जा रहा है। राज्य का काम पंजाब सरकार ही देखेगी और पुलिस को जहां मदद की जरूरत होगी बीएसएफ उसकी मदद करेगी। मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद यह पहला मौका है जब श्री सिंह मीडिया से रूबरू हुए हैं। गुरूवार को गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। श्री सिंह ने सरकार के उन मंत्रियों की कड़ी आलोचना की जिन्होंने कहा है कि जब वह राज्य के मुख्यमंत्री थे तो साढ़े चार साल के कार्यकाल में कोई काम नहीं हुआ है।



राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव NATIONAL TRIBAL DANCE FESTIVAL
रायपुर-छत्तीसगढ़ RAIPUR-CHHATTISGARH

छत्तीसगढ़ में
# आदिवासी संस्कृति
संगीत व नृत्य की छटा



## तीन दिवसीय
# राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव

28 से 30 अक्टूबर, 2021

**7 देश | भारत के 27 राज्य एवं 6 केंद्र शासित प्रदेश**
**के 1000 से ज्यादा कलाकार देंगे अपनी प्रस्तुतियां**

युगांडा, नाइजीरिया, उज्बेकिस्तान, स्वाज़ीलैंड, मालदीव, श्रीलंका, फिलिस्तीन और सीरिया की आदिवासी संस्कृति की झलक

दो विधाओं में प्रदर्शन - विवाह संस्कार एवं पारम्परिक विधाएं

हर विधा में

| प्रथम पुरस्कार | द्वितीय पुरस्कार | तृतीय पुरस्कार |
|---|---|---|
| 5 लाख | 3 लाख | 2 लाख |

# उद्घाटन कार्यक्रम

प्रात: 11 बजे | 28 अक्टूबर, 2021
साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर

**मुख्य अतिथि**
## श्री हेमंत सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार

**अध्यक्षता**
## श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**अतिविशिष्ट अतिथि**

**श्री के.सी. वेणुगोपाल**, माननीय सांसद, राज्यसभा
**श्री पी.एल. पुनिया**, माननीय पूर्व सांसद, राज्यसभा
**श्री अधीर रंजन चौधरी**, माननीय सांसद, लोकसभा
**डॉ. चरणदास महंत**, माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा
**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला**, माननीय पूर्व मंत्री, हरियाणा सरकार
**श्री बी.के. हरिप्रसाद**, माननीय पूर्व सांसद, राज्यसभा
**श्री भक्तचरण दास**, माननीय पूर्व केन्द्रीय मंत्री
**श्री मनोज मंडावी**, माननीय उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा
**श्री मोहन मरकाम**, माननीय विधायक


**विशिष्ट अतिथि**

**श्री ताम्रध्वज साहू**, माननीय मंत्री
**श्री टी.एस. सिंहदेव**, माननीय मंत्री
**श्री रविन्द्र चौबे**, माननीय मंत्री
**डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम**, माननीय मंत्री
**श्री मोहम्मद अकबर**, माननीय मंत्री
**श्री कवासी लखमा**, माननीय मंत्री
**डॉ. शिवकुमार डहरिया**, माननीय मंत्री
**श्रीमती अनिला भेंडिया**, माननीया मंत्री
**श्री जयसिंह अग्रवाल**, माननीय मंत्री
**श्री गुरु रुद्रकुमार**, माननीय मंत्री
**श्री उमेश पटेल**, माननीय मंत्री
**श्री अमरजीत भगत**, माननीय मंत्री
**श्री सुनील सोनी**, माननीय सांसद, रायपुर
**श्री चिंतामणि महाराज**, माननीय संसदीय सचिव
**श्री विकास उपाध्याय**, माननीय संसदीय सचिव
**श्री कुंवर सिंह निषाद**, माननीय संसदीय सचिव
**श्री द्वारिकाधीश यादव**, माननीय संसदीय सचिव
**श्री सत्यनारायण शर्मा**, माननीय विधायक
**श्री धनेन्द्र साहू**, माननीय विधायक
**श्री बृजमोहन अग्रवाल**, माननीय विधायक
**श्री कुलदीप जुनेजा**, माननीय विधायक
**श्रीमती अनीता शर्मा**, माननीय विधायक

एवं
समस्त माननीय सांसद, विधायक, संसदीय सचिव, निगम, मंडल, आयोग, जिला पंचायत के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं माननीय महापौर की गरिमामय उपस्थिति।

## आप सादर आमंत्रित हैं

संवाद 30329/108



"छत्तीसगढ़ राज्य की जीवंत संस्कृति में कई जनजातियों का योगदान है, वे हमारी साझी संस्कृति का एक अहम् हिस्सा हैं जिन पर हमें गर्व है। इस आदिवासी नृत्य महोत्सव का उद्देश्य छत्तीसगढ़ और अन्य राज्यों के आदिवासी जीवन की समृद्ध विविधता और सांस्कृतिक विशिष्टता को बढ़ावा देना और दुनिया के सामने प्रदर्शित करना है"

**भूपेश बघेल** मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ शासन

# मूलभत सुविधाओं के लिए जद्दोजहद, कलेक्टर के कार्यप्रणाली पर उठने लगे सवाल

## कांकेर जिले में सबसे अधिक आंदोलन ?

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांकेर एक ऐसा जिला है जहां औसतन हर दो दिन में सरकार के विरुद्ध रैली निकलते रहती है। ज्यादातर रैलियां भूलभूत सुविधाओं तथा क्षेत्र की जनता की मांगों से सम्बन्धित हैं। जिला प्रशासन का प्रमुख कार्य मूलभूत सुविधाओं पर जोर देना, सरकार की योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वन करना साथ ही कानून व्यवस्था लॉ एण्ड आर्डर बना के रखना। लेकिन क्षेत्र में ऐसी क्या परिस्थितियां निर्मित हो रही हैं कि बस्तरवासियों को राजधानी कूच करना पड़ रहा है। निश्चित ही यह अध्ययन का विषय है। क्या स्थानीय प्रशासन अपने स्तर पर इनके मूलभूत सुविधाओं की समस्या को हल करने में नाकामयाब है कि जनता राजधानी कूच करने के लिए विवश हो रही है। कांकेर जिला में छः बड़े लौह अयस्क खनन परियोजना जैसे रावघाट, गोदावरी, बजरंग, पुष्प स्टील, मोनेट और सीएमडीसी चल रहा है जिसका भरपूर पैसा लोगों के विकास के लिए जिले के कलेक्टर को सीएसआर और डीएमएफ के रूप में मिलता है। जिले के विकास के लिए राज्य सरकार किसी भी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरतना चाहती। उसके बाद भी हर दूसरे दिन रैलियां का दौर क्यों? आखिर सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए स्थानीय निवासियों को क्यों सड़क पर उतरना पड़ रहा है। क्या जिला प्रशासन कार्यों के प्रति उदासीन हैं। या कलेक्टर अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

बहरहाल कारण जो भी हो, लेकिन हालातों पर काबू नहीं पाया गया तो आने वाले समय में कांग्रेस को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। वर्तमान में जिले की तीनों सीटों में सत्ताधारी दल का कब्जा है।

बात करते है हाल ही की बड़ी रैली की जो अंतागढ़ क्षेत्र के 53 गांव के ग्रामीण नारायणपुर जिले में शामिल होने के लिए रायपुर पैदल कूच करने निकले थे। रायपुर पहुंचकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को अपनी समस्या बतायी। मुख्यमंत्री को ग्रामीणों को ये आश्वासन देना पड़ा की उनको अलग जिले में शामिल कर देंगे। आखिर इतने दूर से 53 गांव के आदिवासियों को रायपुर तक पैदल कूच करना क्यू पड़ा। इनकी समस्या यह है की इन्हें कांकेर जिले से मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही थी इसलिए ये नारायणपुर जिले में शामिल होना चाह रहे है। कलेक्टर ने इन्हे समझाने और बैरिकेड करके रोकने की पूरी कोशिश की पर ये बेचारे माने नहीं और पैदल मार्च पर निकल पड़े। शायद छत्तीसगढ़ के इतिहास में ऐसा आंदोलन बस्तर के आदिवासी क्षेत्र से रायपुर में पहले कभी हुआ हो। सवाल यह उठता है कि क्या इन ग्रामीणों को तो कांकेर प्रशासन पे विश्वास ही नहीं बचा? सरकारी काम भी करने में इन्हे महीनों लग जाते है। इसलिए ये जिला ही बदलवाना चाहते है या कारण कुछ और है। फिलहाल इन ग्रामीणों की समस्या का वर्तमान में समाधान होते नहीं दिख रहा। मुख्यमंत्री लाख बैठक लें पर अफसर फील्ड में निकलने को तैयार नहीं हैं जिसके कारण ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यही हाल अमाबेड़ा क्षेत्र का है जहां मूलभूत सुविधाओं के अभाव में 100 से ज्यादा गांव के ग्रामीणों ने शासन के विरुद्ध आंदोलन किया। कमोबेस यही हाल कोयलीबेड़ा विकास खंड का है जहां 68 गांव के आदिवासियों ने बेसिक शिक्षा सुविधा नहीं मिल पाने के कारण शासन के विरुद्ध आंदोलन किया। हजारों बेरोजगारों ने पखांजूर में शासन के विरुद्ध आंदोलन किया। पूरे बरसात में कांकेरवासी घटिया सड़क के कारण आंदोलन करते रहे। वहीं दुर्गकोंदल ब्लॉक की बात करें जहां माइन्स प्रभावित हजारों आदिवासी मूलभूत सुविधा के अभाव में आए दिन प्रशासन विरुद्ध आंदोलन करते रहते है। आखिर माइन्स का पैसा उनके लिए नहीं है तो फिर किस काम के लिए। जिला में कभी सर्व आदिवासी समाज की रैली तो कभी अन्य वर्ग की बड़ी रैली निकलते रहती है। आखिर लागों में आक्रोश क्यों है। यदि मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं तो और किसकी है जिसके लिए लोगों को सड़कों पर उतरना पड़ रहा है।

### प्रमुख समस्याएं

- मूलभूत सुविधाएं जैसे रोड, हॉस्पिटल, जल, शिक्षा, इत्यादि की भारी कमी। कांकेर के अंदरूनी गांव में तो रोड और लाइट तक नहीं पहुंच पा रही है।
- ज्यादातर रोड उखड़े हुए है। मरम्मत सालों से नहीं हुआ। कांकेर का मुख्य मार्ग ही गड्ढों से भरा हुआ है जिस पर रोज आने जाने वाले अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं।
- अंदरूनी गांव के लोग बरसाती नाले का पानी पीने को है मजबूर। बहुत से गांव में लाल पानी की समस्या है पर अधिकारी बेसुध पड़े है।
- कांकेर के अधिकत्तर स्कूल भवन जर्जर पड़े हुए है। बरसात में पानी टपकता है जिससे आदिवासी बच्चे स्कूल आना बंद कर रहे है।
- अंदरूनी क्षेत्रों में प्रशासन की मौजूदगी लगभग ना के बराबर है । इस वजह से आदिवासी हताहत होके शासन को कोसते है।
- शासन की महत्वपूर्ण रोजगार देने की योजनाएं कांकेर में अमल नहीं हो पा रहा आंदोलन में इन्ही बेरोजगार युवा की भूमिका होती है।
- शासन के पैसे जनता तक नहीं पहुंच पा रहा। जिला प्रशासन में किसी का नियंत्रण नहीं। अंदरूनी क्षेत्रों में तो प्रशासन की पहुंच ना के बराबर है।
- लौह अयस्क से प्राप्त राशि का उपयोग मूलभूत सुविधाओं को छोड़कर गार्डन और सौंदरीकरण में लगाया जा रहा है।
- रोजगार की कमी और प्रशासन की शिथिलता के कारण अपराधो में एक साल में बढ़ोतरी हुई है।





फाइल फोटो

## यशवंत नगर में हो रहे अतिक्रमण को हटाने कलेक्टर से ग्रामीणों ने लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता < कांकेर
www.dailypioneer.com





शासकिय भूमि पर जबरदस्ती अति मण कर मकान निर्माण करने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए ग्राम पंचायत यशवंतनगर के लोगो ने कलेक्टोरेड पहुंचकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौपा है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले तो कब्जा करने वाला कब्जा को छोड़ने के लिए पंचायत के कहने पर तैयार हो गया था। कुछ समय बाद कब्जा छोड़ने बजाय मकान निर्माण कार्य चालू कर दिया। ज्ञापन सौपने के लिए पंचायत के 70 लोग सरपंच समेत वार्ड पंच पहुंचे जिन्होने बताया कि पीव्ही 59 निवासी नारायण विश्वास पिता स्व. महाराज विश्वास जो कथित तौर पर कांग्रेसी नेता है और उन्हें राजनैतिक संरक्षण भी मिल रहा है जिसके द्वारा पंचायत के आरक्षीत शासकीय भूमि खसरा नं. 294 रकबा 0.51 हेक्टेयर पर पहले से प्रस्तावीत भूमि पर आजिविका संसाधन केंद्र कचरा शेड एवं सांस्कृतिक भवन के निर्माण के लिए आरक्षित किया गया है। उक्त भूमि पर पूर्व में ही अति मण करने पर सचिवालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी राजस्व विभाग, वन विभाग, स्वस्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत, सरपंच, सचिव, पंचगण व ग्रामीणों द्वारा रोक लगाने पर अति मण को छोड़ने के लिए हामी भरा था। समय बीतने के बाद 18 अक्टूबर को मकान बनाने के लिए आ गया। पटवारी, सरपंच, सचिव व ग्रामीणों द्वारा मना करने पर भी नही माना और निर्माण कार्य कर रहा है। नोटिस भी जारी किया गया फिर भी ग्राम पंचायत की बातो को अनदेखा किया। संबंध में पखांजुर के तहसीलदार को अवगत कराया गया और अति मण हटाने का आवेदन 20 अक्टूबर को दिया गया, इसके बावजूद नारायण द्वारा मकान निर्माण कार्य कर रहा है। सरपंच सीमा बिश्वास ने बताया कि 18 अक्टूबर को बॉस बल्ली से अति ण करना शुरू किया जिसके बाद पंचायत ने अति मण पर रोक लगाने को कहा। कब्जा नही हटाने पर तहसीलदार, पुलिस, एसडीएम के पास भी आवेदन दिया पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। ग्रामीणो ने नारायण विश्वास द्वारा शासकिय जमीन कर रहें अवैध रूप से कब्जे पर रोक लगाकर शासकिय भवन निर्माण बनाने के आदेश देने की मांग की है। मांग पूरा नही होने पर ग्रामीणों ने पखांजुर तहसील कार्यालय के सामने उग्र आंदोलन करने की बात कही है। ज्ञापन सौपने के दौरान गंगा दत्ता, कविता मंडल, ममता मल्लीक, राजेंद्र बछार, निर्मल, असीम बिश्वास व ग्रामीण उपस्थित रहें।

## 1 नवम्बर से धान खरीदी समेत किसानों की अन्य समस्याओं पर प्रेस वार्ता

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



स्थानीय अटल सदन जिला भाजपा कार्यालय मे आयोजित प्रेस वार्ता मे मीडिया से चर्चा करते किसानों के हित मे जारी अपने वक्तव्य मे भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य और प्रदेश उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान की फसल तकरीबन तैयार है लेकिन शासन द्वारा इस सत्र में इसकी खरीदी को लेकर किसी तरह की घोषणा नहीं किये जाने से किसानों में बेचैनी है । सर्वविदित हैं कि प्रदेश में मुख्य रूप से महामाया और सरना दो किस्म के धान की खेती होती है । महामाया धान की फसल की कटाई का काम जहां नवम्बर के पहले सप्ताह में पूरी हो जायेगी, वहीं सरना की कटाई भी पहले सप्ताह में ही शुरू हो जायेगी । किसानों को कटाई और मिजाई के लिए भी पैसे की जरूरत होती है, इसके साथ ही हिन्दुओं का प्रमुख त्यौहार दीपावली भी पहले सप्ताह में ही होने के कारण किसानों को पैसों की सबसे अधिक आवश्यकता इसी समय होती है । लेकिन अभी तक शासन द्वारा धान खरीदी का कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है । कांग्रेस अभी तक इस मामले पर चुप्पी साधे हुई है जिससे किसानों का धैर्य जवाब देता जा रहा है। प्रदेश में इसी तरह धान के रकबे को गुपचुप ढंग से कम किए जाने की साजिश भी कांग्रेस सरकार रच रही है । अफसरों पर दबाए डाला जा रहा है, कर्मचारियों को जबरन धान का रकबा कम दिखाये जाने का निर्देश दिया जा रहा है । चुनाव के समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी घोषणा की थी कि किसानों का एक-एक दाना धान खरीदेंगे । अब जब केंद्र सरकार खुद प्रदेश की लगभग सारी उपज खरीदने की घोषणा कर चुकी है, मोदी जी की सरकार प्रदेश से 61 लाख मीट्रिक टन से अधिक चावल खरीदने का निर्णय ले चुकी है, तो किसानों का दाना दाना खरीदने में आखिर भूपेश सरकार को क्या दिक्कत है ?

कांग्रेस सरकार अपने वादे के अनुसार धान का 25 सौ रूपये प्रति क्विंटल कीमत एकमुश्त तो नहीं ही दे पा रही है, ऊपर से केंद्र द्वारा हर सत्र में जो समर्थन मूल्य बढाया जा रहा है, उसका भी लाभ किसानों को नहीं दिया जा रहा है । पिछले सत्रों में केंद्र ने धान के समर्थन मूल्य में करीब 300 रूपये की वृध्दि की है । इस अनुपात में प्रदेश के किसानों को अगले फसल के लिए न्यूनतम 2800 रूपये प्रति क्विंटल धान की कीमत एकमुश्त देने की घोषणा करना चाहिए ।

इस गंभीर विषय पर कदम उठाने का आग्रह कर शासन से मांग है कि धान खरीदी हर हाल में एक नवंबर से प्रारंभ करे । धान की पूरी कीमत का भुगतान एकमुश्त हो। पिछ्ला बकाया भुगतान तुरंत हो । केंद्र द्वारा एमएसपी में लगातार किये गए वृद्धि का लाभ किसानों को देना सुनिश्चित हो । गिरदावरी के बहाने रकबा कटौती पर पूरी तरह रोक लगाए जाएं। कांग्रेस की घोषणा के अनुरूप किसानों का दाना-दाना धान खरीदे जाएं । घोषणा पत्र में किये वादे अनुसार किसानों को दो वर्ष का बकाया बोनस दिए जायें ।

## नगरपालिका में निर्मित करवाये जा रहे है गोबर से इकोफ्रेंडली दीये



**किरन्दुल।** गौधन न्याय योजना अंतर्गत प्राप्त गोबर से दीपावली पर्व हेतु नगरपालिका स्वच्छता दीदियों द्वारा आकर्षक रंग बिरंगा घेरलू दीये बनाये जा रहे है।सुपर वाइजर लोमन सिन्हा ने मीडिया को बताया कि मणि कंचन केंद्र में 5000 दीये निर्मित की जा चुकी है जिसे नगर के हाट बाजार में विक्रय की जा रही है और अब तक दीये के बिक्री से नगरपालिका को 3800 रु प्राप्त हुई है।

## एनएमडीसी कॉम्प्लेक्स परियोजना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ

पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com




केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार इस वर्ष भी बी. आई. ओ. एम. किरन्दुल कॉम्प्लेक्स परियोजना में 26 अक्टूबर 2021 से 01 नवम्बर 2021 तक स्वतंत्र भारत 75 सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भता विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सतर्कता अधिकारी ने यह बताया कि ये परम्परा आयोग द्वारा 1999 से एक मिशन के तौर पर शुरू हुआ था।इसका उद्देश्य जन जन तक ये संदेश पहुँचाना है कि सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी अपनाकर ही भ्रष्टाचार को मिटाया जा सकता हैं। इस अवसर पर विनय कुमार, महाप्रबंधक (उत्पादन) द्वारा प्रशासनिक भवन के प्रांगण में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आयोग द्वारा प्रदत्त सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा दिलाया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द द्वारा दिया गया संदेश अनिमेष बंध्योपाध्याय महाप्रबंधक (विद्युत) सेवाऐं द्वारा पढ़कर सुनाया गया।उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू द्वारा दिया गया संदेश पी. प्रसाद, उप महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं सेवा) द्वारा पढ़कर सुनाया गया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिया गया संदेश बी. के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) द्वारा पढ़कर सुनाया गया। केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त सुरेश एन. पटेल द्वारा दिया गया संदेश केदार दास देवगम, उप महाप्रबंधक (सतर्कता) द्वारा पढ़कर सुनाया गया। इस शपथ कार्यक्रम पर समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष एवं उनके अधिनस्थ अधिकारी और कर्मचारी श्रमिक संघ के प्रतिनिधि राजेश संधू, के. साजी, पी.एल. साहू, उपस्थित थे। अंत में सतर्कता अधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इस आयोजन के दौरान होने वाले विभिन्न प्रतियोगिता में अधिक से अधिक भाग लेने हेतु कहा गया।

## पुलिस अधिक्षक फिजिकल अभ्यास और कोचिंग में शामिल बस्तर फाइटर भर्ती के अभ्याथियों को दिया मार्गदर्शन

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



एसपी गिरिजा शंकर जायसवाल ने नारायणपुर पुलिस द्वारा उप निरीक्षक संवर्ग भर्ती और आरक्षक बस्तर फाईटर भर्ती हेतु संचालित निःशुल्क फिजिकल अभ्यास और कोचिंग के अभ्याथियों से मिलकर उनका मार्गदर्शन किया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चन्द्राकर, रक्षित निरीक्षक दीपक साव, निरीक्षक मालिक राम, निरीक्षक आकाश मसीह सहित प्रशिक्षण टीम के अधिकारी/कर्मचारी व पुलिस भर्ती की तैयारी करने वाले लगभग 450 अभ्यार्थी डीआरजी ग्रेट हॉल, नारायणपुर में उपस्थित रहे। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चन्द्राकर ने भी हाई स्कूल ग्राउण्ड में चल रहे फिजिकल अभ्यास की समीक्षा करते हुए भर्ती के दौरान फिजिकल टेस्ट और परीक्षा में आने वाले संभावित प्रश्नों की तैयारी के संबंध में बारीकियों से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि बस्तर संभाग के सभी जिलों में आरक्षक बस्तर फाईटर की भर्ती प्रक्रिया जारी है, इसके तहत् जिला नारायणपुर में 300 पदों के विरूद्ध भर्ती प्रक्रिया चल रही है। पुलिस अधीक्षक जायसवाल ने अभ्यार्थियों से कहा कि ये भर्ती जिला नारायणपुर के मूल निवासियों के लिये पहली बड़ी भर्ती है जिसमें केवल 300 स्थानीय युवाओं को नियुक्ति प्रदान की जाएगी। इस भर्ती की सबसे खास बात ये है कि इस भर्ती में स्थानीय बोली, हल्बी और गोण्डी के जानकार को 20 अंक बोनस भी प्रदान किये जायेंगे। आरक्षक बस्तर फाईटर के 300 पदों के विरूद्ध भर्ती में जिला नारायणपुर का कोई भी निवासी समान रूप से प्रतियोगिता में भाग लेकर फिजिकल टेस्ट, लिखित परीक्षा, स्थानीय बोली के ज्ञान और साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट हासिल कर अपना नियुक्ति सुनिश्चित कर सकता है। उन्होनें कहा कि यह भर्ती पूरी तरह से पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त होगा। जायसवाल ने अभ्यार्थियों का मनोबल ऊँचा करते हुए कहा कि आरक्षक बस्तर फाईटर की यह भर्ती न सिर्फ आपको देश-प्रेम और राज्य की सेवा करने अवसर प्रदान करेगी वरन् आप सबके लिये गरीमामय जीवन जीने, आर्थिक आजादी और सामाजिक स्टेटस प्रदान करने सहित आत्म निर्भर होने का भी अवसर प्रदान करती है।

## शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय में भू-जल सम्बंधित तृतीय स्तर प्रशिक्षण एवं सार्वजनिक विचार विमर्श कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

भू-जल सम्बंधित तृतीय स्तर प्रशिक्षण एवं सार्वजनिक विचार विमर्श का आयोजन सोमवार 25 अक्टूबर को शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र तथा केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड, रायपुर (भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास एवं गंगा संरक्षण विभाग) के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, उत्तर मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ प्रदीप नायक ने अपने संबोधन में कृषकों, छात्र छात्राओं तथा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को छत्तीसगढ़ में भू जल स्तर की स्थिति एवं बस्तर क्षेत्र की भू जल स्थिति को विस्तार पूर्वक बताया। डॉ नायक ने पूर्व की तुलना में वर्तमान स्थिति में भूजल का दोहन अधिक होने की बात कही तथा लगातर भूजल दोहन की दर बढ़ने पर आने वाले समय में जल संकट एक बहुत बड़ी समस्या के रूप में होगी कहकर कार्यक्रम में ध्यानाकर्षण किया तथा सभी प्रशिक्षणार्थियों से जल संरक्षण के विधियों को अमल में लाने की अपील की। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आर एस नेताम ने कहा कि पीने योग्य पानी के बिना मानव जीवन की परिकल्पना नहीं की जा सकती, भूमिगत जल को व्यर्थ न गवांयें तथा वर्षा जल को संरक्षण करने की सलाह दी। डॉ नेताम ने आने वाले समय में घटते हुये जलस्तर पर चिंता व्यक्त की तथा जलसंरक्षण जागरूकता अभियान में सभी को अपना योगदान सुनिश्चित करने की सलाह दी। कार्यक्रम में उपस्थित उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एके ठाकुर ने जल संरक्षण के साथ साथ सिंचाई के विकल्पों के विभिन्न विधियों को प्रशिक्षण के दौरान बताया डॉ ठाकुर ने सिंचाई के दौरान पानी का समुचित उपयोग करने की सलाह दी एवं उन्नत सिंचाई की विधियों जैसे स्प्रिंकलर, ड्रिप इत्यादि का अधिक से अधिक प्रयोग में लाने की सलाह दी। मृदा वैज्ञानिक डॉ टी पी चंद्राकर ने मृदा जल संरक्षण की विधियों को विस्तारपूर्वक बताया तथा मृदा जल संरक्षण के तकनीक को अपनाकर खेती करने से हमारी खेती करने से हमारी खेती कैसे टिकाऊ खेती होगी विषय पर अपना विचार प्रस्तुत किया। केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ अजय कुमार सिन्हा ने भू-भौतिकीय तकनीक तथा भूजल स्तर अन्वेषण विषय पर अपना व्याख्यान दिया तथा भू-भौतिकीय प्रतिरोधकता अन्वेषण की वैज्ञानिक विधि का प्रदर्शन कर जानकारी दी।

## दीपावली से पहले बोनस राशि देने की मांग

पायनियर संवाददाता < चारामा
www.dailypioneer.com



ब्लॉक इकाई द्वारा किसानों के हित को देखते हुए दीपावली से पहले किसान की बोनस राशि की एक साथ प्रदान करने की मांग और 15 नवंबर से धान खरीदी चालू करवाने जिसमें छत्तीसगढ़ भर में धान कटाई जोरों से चल रही है जिसमें किसानों के पास सही ढंग से संग्रहण करने का जगह की कमी पाई जाती है उसी को देखते हुए किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है पिछले वर्ष संग्रहण केंद्रों में बारदाना की कमी के कारण कई किसानों का धान सही ढंग से विक्रय नहीं हुआ इसको देखते हुए किसानो के हित में शिवसेना चारामा इकाई का ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग को पूरा करने के लिए चारामा में एसडीएम के समक्ष ज्ञापन प्रेषित किया जिसमें मुख्य रूप से चारामा ब्लॉक अध्यक्ष चोवाराम साहू ब्लॉक उपाध्यक्ष तुलसी राम साहू जिला महासचिव व्यास यदु ब्लॉक सचिव राजकुमार साहू जी उपस्थित थे।

## 1 नवंबर से धान खरीदी करने की मांग, भाजपा ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओ को लेकर जिसमे एक नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ किये जाने,धान की पूरी किमत का भुगतान एक मुश्त हो व पिछ्ला भुगतान भी तुरंत हो,केंद्र सरकार के द्वारा बढ़ाए गए एमएसपी का लाभ किसानों को मिले सहित किसानो की अन्य समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर नारायणपुर को ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन, रतन दुबे, जयप्रकाश शर्मा, जैकी कश्यप, सुदीप झा, राजेन्द्र प्रजापति, हँसा पिद्दा सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**SHREE NARAYANA NURSING INSTITUTE**
**OLD DHAMTARI ROAD SEJBAHAR, VADANTA CITY, RAIPUR**
**Approved by Regulatory Council**
Under Temporary Affiliation College to Pt. Deendayal Upadhyay Memorial Health Sciences & Ayush University of Chhattisgarh, Uparwara, Naya Raipur

**Application are invited for following posts**

| S.No. | Name of the post | No. of Post | Qualification and Experience as per INC Norms |
|---|---|---|---|
| 01. | Principal cum Professor | 01 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N), Ph.D.(N) having Total 15 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years after M.Sc.(N) in collegiate programme. Ph.D.(N) is desirable. |
| 02. | Vice-Principal cum Pofessor | 01 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) Total 12 years experience with M.Sc.(N) out of which 10 years teaching experience after M.Sc.(N) Ph.D.(N) is desirable. |
| 03. | Associate Professor/Reader | 02 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- Total 8 years experience with M.Sc.(N) including 5 years teaching experience Ph.D.(N) is desirable. |
| 04. | Assistant Professor/Lecturer | 03 | Essential Qualification:- M.Sc.(N) Experience:- M.Sc.(N) with total 3 years teaching experience Ph.D.(N) is desirable. |

**Other terms & Conditions:-**
1. Experience : As per Council Norms
2. Pay Scale : As per State Govt. Pay Scale
3. Reservation : As per State Government Norms

**Selection criteria :-** Selection will decide on merit. Merit list will be prepared on the basis of Academic marks, Educational Qualification, Interview, Experience and Academic contribution of candidate in various field like-
* Number of paper publications in various national / international journals.
* Paper presentation in conferences.
* Total No. of conferences attended.

**Last date of receipt of Application :-** Within 15 Days from the date of publication of advertisment.

**Incharge Registrar**

# बोइरगाव पंचायत की सामग्री का निजी उपयोग कर रहे सरपंच एवं उपसरपंच

पायनियर संवाददाता < बागबाहरा
www.dailypioneer.com




बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बोइरगाव में विकास कार्य कराने के बजाय सरपंच ने सरकारी राशि को स्वयं के विकास के लिए आहरित कर वही सरपंच द्वारा द्वारा पंचायत में लाखों रुपये का भ्रष्टाचार कर बिना कार्य कराए फर्जी बिल के सहारे लाखों रुपये का आहरण भी कर लिया गया है जिसकी शिकायत ग्रामिणो द्वारा किया गया है । बतादे की सरकार द्वारा ग्राम पंचायतो में विकास कार्य कराने के लिए मूलभूत राशि, 14 वे वित्त, 15 वे वित्त सहित अन्य मदों के माध्यम से राशि दिया जाता है ताकि ग्राम पंचायत में मूलभूत सुविधाओं सहित विकास एवं निर्माण कार्य कराया जा सके लेकिन ग्राम पंचायत सरपंचों द्वारा शासकीय राशि का उपयोग केवल अपनी जेब भरने के लिए किया जा रहा है बतादे की बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बोइरगाव में पंचों एवं ग्रामीणों ने सरपंच द्वारा शासकीय राशि को बिना कार्य कराए एवं फर्जी बिल लगाकर निकालने की शिकायत की है। गौरतलब हो कि सरपंच द्वारा 14 वे वित्त एवं 15 वे वित्त की राशि सहित मनरेगा योजना में भी मस्टर रोल में फर्जी नामों को जोड़ कर शासकीय राशि में बंदरबाट करने की शिकायत की है ।

**निजी उपयोग में डिजिटल इंडिया का कनेक्शन** – शासन द्वारा प्रत्येक पंचायत को इंटरनेट के माध्यम से जोड़कर ऑनलाइन करने की डिजिटल इंडिया वाली योजना के तहत पंचायत द्वारा बीएसएनएल की ब्रॉडबैंड कनेक्शन पंचायत द्वारा लिया गया था लेकिन ये ब्रॉडबैंड कनेक्शन एवं सोलर पैनल बोइरगाव के उप सरपंच के घर पर लगे हुए है और उपसरपंच द्वारा इस ब्रॉडबैंड कनेक्शन एवं सोलर पैनल का उपयोग का बाकायदा ग्राहक सेवा केंद्र का संचालन कर रहा है जबकि लोगो को पंचायत के कामों के लिए उपसरपंच के ग्राहक सेवा केंद्र का चक्कर लगाना पड़ता है ।

**पंचायत के फर्नीचर का निजी उपयोग** – सरपंच द्वारा 14 वें वित्त की राशि से पंचायत भवन के लिए 63540 रुपये का फर्नीचर क्रय किया गया था लेकिन इन फर्नीचरों का उपयोग पंचायत में नही बल्कि सरपंच द्वारा अपने घर में उपयोग किया जा रहा है। वही सरपंच द्वारा 9040 रुपये के मूल्य के स्टील डंबल भी क्रय किया गया है जिसका प्रावधान 14वे वित्त में नही है उसके बावजूद भी राशि आहरण किया गया।

### 18 बिंदुओं पर ग्रामीणों ने किया शिकायत

ग्राम पंचायत बोइरगाव के चंद्रशेखर ठाकुर, विजय सिंग ठाकुर, मोती, रूपसिंग, दसरथ ठाकुर, मोहन सिंग, बल्ला, रामकुमार, होमन, मेसराम ठाकुर, उदयसिंग, युवराज, नेतुराम, जमुना,देवदास, ललिता बाई सहित अन्य ग्रामीणों एवं पंचों द्वारा सरपंच के खिलाफ 18 बिंदुओं में शासकीय राशि मे फर्जीवाड़े कर राशि आहरित करने की शिकायत की है जिसमें गोठान में 3 एचपी के 8 सेट मोटर खरीदने के नाम पर 55450 रुपये निकाला गया । सहित खेल सामग्री, साफ - सफाई, मुरुम ढुलाई, मोटर वाइंडिंग, पाइपलाइन सामग्री, कम्प्यूटर रिपेयरिंग, चपरासी मानदेय सहित पंच-सरपंच के मानदेय के नाम पर फर्जी बिल लगाकर राशि का आहरण कर लिया गया है।

ग्रामीणों एवं पंचों द्वारा लगाए गए आरोप निराधार है । जितना भी समान य किया गया है सब का बिल वाउचर लगा है और प्रस्ताव भी किया गया है।
**- वीरेंद्र महानंद** (सरपंच ग्राम पंचायत बोइरगाव)

ब्रॉडबैंड कनेक्शन कुछ दिनों के लिए लगा था ।
**- नंद कुमार यादव** (उपसरपंच बोइरगाव)

मेरा ट्रांसफर दूसरी जगह हो गया है अब इस बारे मे मुझे कोई जानकारी नही है जो भी जानकारी है वो सरपंच से पूछ लीजिए।
**-नाथूराम गायकवाड़** (पूर्व पंचायत सचिव बोइरगाव)

मेरी पोस्टिंग मई माह में इस पंचायत में हुई है मेरे आने से पहले का मामला है । ग्रामीणों एवं पंचों की शिकायत वाला मामला मेरे संज्ञान में है।
**- कनक ध्रुव** (वर्तमान सचिव)

# स्वामी विवेकानंद शिक्षण समिति के सचिव पद पर अनिल जैन सर्वसम्मति से निर्वाचित



पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

स्वामी विवेकानंद शिपक्षण समिति भाटापारा का चुनाव लीलाधर चन्द्राकर अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर न्यू राजेन्द्रनगर रायपुर एवं रामकुमार वर्मा विभाग समन्वयक के मार्गदर्शन एवं अषोक वाजपेयी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम पूर्व सचिव धर्मेन्द्र शर्मा ने कोरोनाकाल की इस भयावह स्थिति में विद्यालय संचालन की सम्पूर्ण क्रियाकलापों पर अपना विचार प्रस्तुत किया साथ ही पूर्व अध्यक्ष अशोक वाजपेयी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्यालय में अपने कार्यकाल की जीवंत योगदान एवं कार्य पर विचार रखा एवं समिति का कार्यकाल पूर्ण हो जाने पर भंग करने की घोशणा की। समिति भंग होने की घोषणा के तुरंत बाद चुनाव अधिकारी लीलाधर चंद्राकर ने विभाग समन्वयक रामकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ करते हुए शांतिमय एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में निर्वाचन का कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, उपाध्यक्ष हंसा राठी, सचिव अनिल जैन, सहसचिव विशाल पारप्यानी, कोशाध्यक्ष भीखमचंद धुरंधर, निर्वाचित हुए। कार्यकारिणी सदस्यों में विष्णु अग्रवाल, अनिल कुमार चांडक, अशोक वाजपेयी, बल्लभ लाहोटी, टुपेन्द्र शर्मा, प्रवीण जैन को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। विद्यालय के प्रचार प्रसार प्रमुख मालिक राम वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि इस निर्वाचन के अवसर पर सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर से नियुक्त चुनाव अधिकारी लीलाधर चन्द्राकर, विभाग समन्वयक रामकुमार वर्मा सहित अशोक वाजपेयी, धमेन्द्र शर्मा, मोहन लाल शर्मा, बल्लभ लाहोटी, विष्णु अग्रवाल, भीखमचंद धुरंधर, बिहारीलाल अग्रवाल, प्रवीण कुमार जैन, श्रीकिशन चौबे, विषाल पारप्यानी, अनिल जैन, टूपेन्द्र शर्मा, हंसा राठी, दुर्गेष नंदनी, एवं संस्था प्रमुख तेजराम साहू व कार्यालय प्रमुख निर्मल कुमार वर्मा उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से निर्वाचन पष्चात चुनाव अधिकारी लीलाधर चन्द्राकर ने उपरोक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोशणा किया एवं विद्यालय विकास में समिति को आवश्यक सुझाव एवं मार्गदर्षन प्रदान किए साथ ही रायपुर विभाग समन्वयक रामकुमार वर्मा ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में सारगर्भित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपना विचार नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी समिति के समक्ष रखा इस अवसर पर नवनिर्वाचित सचिव अनिल जैन ने विद्यालय विकास में आगामी योजना पर अपना संक्षिप्त विचार रखा अंत में प्राचार्य ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएॅ एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खैरमाल ने जीता लगातार दूसरा टूर्नामिंट टेमरी में केसराटाल को 70 रनों से हराया



पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

ग्राम टेमरी में आयोजित अंडर कार्क बाल क्रिकेट प्रतियोगिता खैरमाल ने जीता। सीजन शुरू होते ही खैरमाल की यह दूसरी जीत है। फाइनल मुकाबला केसराटाल एवं खैरमाल के मध्य खेला गया जिसमें 70 रनों से जीत दर्ज की । फाइनल मैच के मैन ऑफ द मैच कन्हैया, मैन ऑफ द टूर्नामेंट सुरेश, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज अरविंद, गेंदबाज दीपेश, कीपर ओमसिंग, फील्डर विशिकेशन बरिहा रहे? समापन समारोह के मुख्य अतिथि अर्तुण्डा सरपंच संतोष कुमार तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता छिबर्रा सरपंच प्रतिनिधि इंदल प्रसाद खूटे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में टेमरी सरपंच प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पोर्ते, पंच सुरेंद्र स्वाई, हेमंत साहू, फुलझर क्रिकेट संघ के सचिव सुनील साहू, सलाहकार मीनकेतन पटेल, पीआरओ कमलेश चौधरी उपस्थित थे। कुल 24 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था जिसका समापन 25 अक्टूबर को अर्तुण्डा के मैदान में खेला गया। आयोजन को सफल बनाने में जेएमजी क्रिकेट समिति के समस्त खिलाड़ियों का पूर्ण योगदान रहा।

### कसियारा में चारदिवसीय सद्गुरु कबीर संत समागम समारोह में शामिल हुई शकुंतला साहू



**लवन।** ग्राम पंचायत कसियारा में आयोजित चार दिवसीय संत समागम समारोह में छत्तीसगढ़ शासन की संसदीय सचिव एवं क्षेत्रीय विधायक शकुन्तला साहू अतिथियों सहित शामिल हुई एवं संत कबीर जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक शकुंतला साहू ने कहा कि धार्मिक एवं सत्संग कार्यक्रमों के आयोजनों से आपसी भाईचारा बढ़ता है।उन्होंने कहा कि संत कबीर के संदेश आज भी देश दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं। उन्होंने पूरे देश और विश्व को एक नया विचार और संदेश दिया जिसे जीवन मे आत्मसात कर समाज मे ब्याप्त बुराइयों, आडंबरों, पाखंडों, छुआछूत, भेदभाव व अंधविश्वास की भावना को खत्म किया जा सकता है।उन्होंने सत्संग कार्यक्रम आयोजित करने पर ग्रामवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों में गांव के प्रत्येक ब्यक्ति को बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर संसदीय सचिव शकुंतला साहू ने सरपंच एवं ग्राम वासियों की मांग पर हीरा सिंह पटेल के घर से मुक्ति धाम तक सीसी रोड निर्माण कराने एवं कबीर कुटी निर्माण हेतु 5.00 लाख एवं बालिका सुवा समूह हेतु स्वेच्छानुदान से 10 हजार देने की घोषणा की साथ ही साहू ने अतिथियों सहित फीता काटकर क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

# नवनियुक्त नगर पालिका एल्डरमेन को एसडीएम ने दिलाई शपथ




पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका सभागार में राज्य सरकार द्वारा नियुक्त एल्डरमेन युवा नेता मनीष पंजवानी को भाटापारा एसडीएम लवीना पांडेय के द्वारा पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई साथ ही उन्हें नगर हित मे कार्य करने हेतु शुभकामनाये भी दी। वही मनीष लंबे समय से कांग्रेस के लिए सच्चे सिपाही के रूप कार्य कर रहे है मनीष पंजवानी भाटापारा नगर पालिका परिषद एल्डरमेन बनाया गया है समस्त कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारीयो ने मनीष पंजवानी को शुभकामनाएं प्रेषित की है। वही मनीष पंजवानी ने भी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस विषय पर जानकारी देते हुए नवनिवार्चित एल्डरमैन मनीष पंजवानी ने कहा कि भाटापारा नगर पालिका परिषद के एल्डरमेन बनाने में अपना पूरा सहयोग और आशिर्वाद देने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, शिवकुमार डहरिया कैबिनेट मंत्री नगरी निकाय, निगम मंडल सदस्य सतीश अग्रवाल, छ.ग.शासन गणेश ध्रुव आयोग सदस्य, जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर छ.ग.शासन, सुशील शर्मा प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष शहर कांग्रेस विनोद अग्रवाल,जनहित मे कार्य करने आस्वस्त किया है। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष सुनीता गुप्ता, उपाध्यक्ष त्रिलोक सलूजा, आलोक मिश्रा, सीएमओ जगदीश पांडेय,जिला अध्यक्ष गौरी भिरगू महिला कांग्रेस, प्रमिला साहू ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस, विक्की ठाकुर, रोहित साहू, समीर ध्रुव, लालू मानिकपुरी, मनमोहन कुर्रे, विवेक यदु, आदिल चनेजा, फैजान अहमद, अमित मारकंडे हरीशलहरे, सदामखान, सेवादल अध्यक्ष निर्मला कोशले, कुमारी साहू, सतरूपा वर्मा, सिमा रात्रे, मोगसिया विश्कर्मा, अनिता साहू, हेमिन ध्रुव, भोलीन तोड़े, दीपक जांगड़े, कृष्णा टंडन, अल्ताफ खान, विजय महिलांगे, हितेश रात्रे, विकास लहरे, शमसेर खान, शुभम सोनी अन्य संगठन कार्यकर्तागढ़ पदाधिकारीगढ़ मौजूद थे।

# पूर्व विधायक जनकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में निर्माण कार्यो का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



जनपद पंचायत बलौदाबाजार, अंतर्गत ग्राम करमदा मे निर्माण कार्यो का भूमी पूजन पूर्व विधायक जनकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य में विधिवत सम्पन्न हुआ उक्त अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा उपस्थित रहे तथा सुमित्रा घृतलहरे महामंत्री एवं जिला पंचायत सदस्य, बिटावन ध्रुव जनपद सदस्य, सावन बघेल सरपंच, के के वर्मा, देवलाल वर्मा, दुजराम ध्रुव, गोवर्धन साहू, मोहन साहू, बंशी,रुक्मणी वर्मा, रामप्रसाद साहू, लुखराम साहू, भगवती साहू एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। भूमि पूजन के दौरान पूर्व विधायक वर्मा द्वारा छ.ग. सरकार के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से ग्रामीणजनों को अवगत कराये व नरवा,गरवा, घुरवा बारी अंतर्गत चल रहे कार्यो की विस्तृत समीक्षा किये। इसी क्रम में ग्राम करमदा में ही जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा साहू समाज के सामुदायीक भवन निर्माण हेतु विधिवत भूमिपूजन किया गया। ग्राम के साहू समाज के द्वारा बताया गया कि समाज में भवन उपलब्द्ध नहीं होने के कारण सामाजिक गतिविधियों के संचालन मे अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था, किन्तु सामाज के लिये सामुदायीक भवन के निर्माण होने से सामाजिक कार्यक्रम सरलता से सम्पन्न किया जा सकेगा। ग्राम करमदा वासियों के द्वारा पूर्व विधायक जनकराम वर्मा व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# पंचों ने रामिन बाई को बनाया अस्थाई सरपंच

पायनियर संवाददाता < मैनपुर
www.dailypioneer.com


सरपंच

मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार काण्डेकेला मामले पर ग्रामीणों के शिकायत के बाद कई बार जांच का दौर चला था। मामले पर आक्रोशित ग्रामीणों ने 28 अगस्त को एनएच 130 सी पर चक्का जाम भी किया था, मामला तूल पकड़ता देख प्रशासन ने कड़ा रूख अपनाया और फिर से एक बार उच्च स्तरीय जांच किया गया, जिसमें आरोप सत्य पाए गए और सचिव को तत्काल निलंबित कर दिया गया और अब सरपंच को बर्खास्त किया गया, सरपंच को बर्खास्त करने के बाद गांव में जमकर खुशिया मनाई गई।



मंगलवार को काण्डेकेला में स्थानापन्न सरपंच के नियुक्ति के सबंध में वरिष्ठ करारोपण अधिकारी चेतन लाल ध्रुव, अमरनाथ मरकाम की उपस्थिति में स्थानापन सरपंच नियुक्ति के सबंध में कार्यवाही किया गया, सर्वप्रथम पंचों की उपस्थिति लिया गया, जिसमें 20 में से 16 पंच उपस्थित हुए, जिन्हे स्थानापन्न सरपंच नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दिया गया, उसके बाद सभी पंचों ने सर्व सम्मति से रामिन बाई कोमर्रा को स्थानापन्न सरपंच चुना गया।

### ग्रामीणों ने की दोषी सरपंच-सचिव पर एफ आईआर की मांग

मामले पर सरपंच के बर्खास्तगी के बाद भी ग्रामीण दोषी सरपंच-सचिव पर एफआई आर की मांग को लेकर अड़े हुए हैं, एफआईआर कराने बीते सोमवार को काण्डेकेला ग्रामीणों का एक प्रतिनिधि मंडल गरियाबंद कलेक्टर निलेश क्षीरसागर और एसपी पारूल माथुर से मुलाकात कर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। इस संबंध में कलेक्टर और एसपी ने कार्रवाई करने के संबंध में ग्रामीणों को आश्वस्त किया है।

### जुलूस निकाल कर किया गया स्वागत

स्थानापन्न सरपंच के निर्वाचन के बाद काण्डेकेला में ग्रामीणों ने जुलूस निकाला, वही जनपद सदस्य पुनीत सिन्हा का जोरदार स्वागत हुआ, क्योंकि इस आंदोलन में पुनीत सिन्हा का भी बड़ा योगदान था, पिछले कई माह से ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार को लेकर संघर्ष कर रहे धनेश्वर सिन्हा, मोतीलाल जगत सहित भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले दर्जनभर युवाओं ने जुलूस में भाग लेकर नव नियुक्त सरपंच रामनी बाई कोमर्रा का जोरदार स्वागत कर गांव भ्रमण किया गया।

## श्रीराम भक्ति की सुदंरता पर भगवान निःशब्द

# जानकी की कोई तुलना हो ही नहीं सकती, श्रीसीता जी सुंदरता को बनाती है और सुंदर

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com






संत कंबर राम उघान में आयोजित श्रीराम कथा के द्वितीय दिन दादी मां मंदाकिनी श्री रामकिंकर जी ने पुष्पवाटिका प्रसंग पर व्याख्यान देते हुए कहा कि महाराज विदेह की वाटिका में श्री राम ने जब श्रीसीता जी को देखा तो जो अभी तक चंद्रमा थे वे स्वयं चकोर हो गये। उनके अंदर श्रृंगार रस की भावमयी कविता स्वः स्फू रित हो गयी और वैरागी लक्ष्मण से कहने लगे ये विदेहराज की पुत्री है इनका ही यहां स्वंयम्बर है फि र किसी ने पूछा आप लगे हाथ में ये भी बता दीजिये कि कितनी सुंदर है । तब राम जी चुप। तब हमारे मानस के कवि ने कहा मैं प्रयास करता हूं तब उन्हें याद आया सरस्वती जी से तुलना किया तो सरस्वती जी में ज्यादा वाचाल है, ये अवगुण गिरा में है पार्वती अर्धनारिश्वर है आधा अंग शिव जी का है ये अवगुण है, रति कामदेव की पत्नी तो है सुदर भी है पर अशरीरी पति के कारण सदा दुखित रहती है। लक्ष्मी का दोष है कि वे विष की एवं वारूणी की बहन है । जानकी की कोई तुलना नहीं हो सकती क्योंकि श्रीसीता जी सुंदरता को ही सुंदर बनाती है। वस्तुतः पुष्प वाटिका का प्रसंग विश्व साहित्य का अनूठा प्रसंग है अनमिलित का ही मिलन का दृश्य है और ये विदेह नगर में ही संभव है । कार्यक्रम में शैलेष नितिन त्रिवेदी पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष, सुरेन्द्र वर्मा अध्यक्ष कृषक कल्याण, संतोष शुक्ला, अंजय शुक्लाी, श्याम शुक्ला, अरविंद शुक्ला, भिलाई से पधारे श्री रामकिंकर शिष्य परिषद के सदस्य गण इत्यादि उपस्थित रहे। संचालन विष्णुधर दीवान ने किया कल कथा का विराम दिवस है। कथा के साहिदिक दार्शनिक धार्मिक, समाजिक, सभी दृष्णि कोण से अदभुत विवेचना की जा रही है। सभी नगरवासियों तथ श्रोतगण भविविभोर होकर कथा की प्रशंसा कर रहे है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी) CIN:U40108CT2003SGC15822
सी.–1, सी.–2, पावर कंपनी परिसर, डंगनिया, रायपुर फोन. नं.: 07171–2574626, फैक्स: 0771–2574628
क्रमांक/04–03/वितरण/कार्य/982 रायपुर, दिनांक 06.10.2021
ई–बिडींग पद्धति द्वारा
सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | निविदा विशेषीकरण क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत जीएसटी सहित (रूपए लाख में) | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय 13.00 बजे तक | निविदा खुलने की तिथि एवं समय 13.15 बजे तक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | CEC/D/W/21-22/24 | Construction of A-I type control room including toilet, internal electrification and chain link mesh yard (50 m) fencing at proposed 33/11 KV S/s Palm Bellagio under Daldal Seoni City Division East Raipur | Rs. 1229531/- | 29.10.2021 up to 13:00 Hrs. | 30.10.2021 13:15 Hrs. onwards |
| 2 | CEC/D/W/21-22/25 | General civil maintenance at Sandi D/C under O&M Division Balodabazar. | Rs. 557649/- | 29.10.2021 up to 13:00 Hrs. | 30.10.2021 13:15 Hrs. onwards |
| 3 | CEC/D/W/21-22/26 | Annual sweeping cleaning at Central Training Institute Executive Hostel, Lineman Training Centre & premises situated at Gudhiyari Raipur | Rs.1395227/- | 29.10.2021 up to 13:00 Hrs. | 30.10.2021 13:15 Hrs. onwards |

1. उक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.Cspcl.co.in से भी डाउनलोड की जा सकती है। 2. शुद्धिपत्र/निरस्तीकरण/समयवृद्धि की जानकारी कंपनी के ऊपर उल्लेखित वेबसाईट एवं कार्यालय के सूचनापटल पर देखी जा सकती है।
अधीक्षण अभियंता (सिविल)
मुख्य अभियंता (सिविल–वित.)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं. लिमि., रायपुर
राष्ट्र हित में उर्जा बचाये
संवाद- 30326/3

# तिलका मांझी राष्ट्रीय सम्मान-2021 : बस्तर के त्रिपाठी के नाम की दिल्ली में हुई घोषणा

पायनियर संवाददाता ∢ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




तिलका मांझी राष्ट्रीय सम्मान-2021 की चयन समिति ने सर्वसम्मति से छत्तीसगढ़ के बस्तर के कृषि उद्यमी, देश के जुझारू किसान नेता, साहित्यकार तथा जनजातीय सरोकारों, कला संस्कृति, साहित्य की मासिक पत्रिका ककसाड़ के संपादक डॉ राजा राम त्रिपाठी को देश का प्रतिष्ठित तिलका मांझी राष्ट्रीय सम्मान-2021 हेतु लिए चयनित किए जाने की घोषणा की है। यह विशिष्ट अवार्ड देश के आदिवासी समुदायों की सेवा, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण संवर्धन आदि उत्थान कार्यों में निस्वार्थ भाव से, लंबे समय से संलग्न संस्था अथवा व्यक्ति को प्रदान किया जाता है। अवार्ड हेतु सुपात्र के चयन हेतु निष्पक्ष चयनकर्ताओं की एक सर्वाधिकार संपन्न चयन समिति गठित की गई है । देश के वरिष्ठ पत्रकार शिवकुमार मिश्र वर्तमान में इस चयन समिति के अध्यक्ष हैं। डॉक्टर त्रिपाठी को पिछले तीन दशकों से देश के सघन वन क्षेत्र बस्तर के आदिवासियों के लिए विशेषकर युवाओं तथा महिलाओं के लिए निस्वार्थ भाव से की गई सेवा कर रहे हैं। देश की कृषि तथा किसानों से संबंध समस्याओं, कृषि एवं ग्रामीण अर्थशास्त्र के वे गंभीर चिंतक तथा विशेषज्ञ माने जाते हैं। बस्तर के अपने खेतों को उन्होंने मानो प्रयोगशाला बना दिया है, जहां पर नित नई नई फसलों तथा कृषि नवाचारों पर शोध कार्य करते हैं। वह देश की वर्तमान किसान आंदोलन के सैद्धांतिक सूत्रधार माने जाते हैं किंतु उनका सरोकार विशुद्ध किसानों की समस्याओं पर ही केंद्रित रहा है। गांधीजी तथा विनोबा जी की विचारधारा से प्रभावित डॉ त्रिपाठी किसी भी प्रकार के दलीय राजनीतिक एजेंडे से सदैव पूरी तरह से दूर रहे हैं, और उन्होंनेजनजातीय समुदाय देश की कृषि, पर्यावरण तथा जैव विविधता संरक्षण संवर्धन तथा विशेष रूप से देश की विलुप्त हो रही वनऔषधियों को बचाने के कार्य को ही अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया है। पर्यावरण संरक्षण के कार्य में अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठित ÷हरित योद्धा अवार्ड ( ग्रीन वारियर अवार्ड) से भी सम्मानित किया जा चुका है! उनके द्वारा विकसित की गई काली मिर्च की नई किस्म, जोकि अन्य सभी किस्मों से ज्यादा उत्पादन देती है तथा राजस्थान जैसे गर्म प्रदेशों में भी जिसकी भली-भांति खेती की जा सकती है, देश के 25 से अधिक राज्यों में किसानों के बीच बहुत तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इसके अलावा उन्होंने स्टीविया अर्थात मीठी तुलसी ऑस्ट्रेलियन टीक इन्सुलिन प्लांट तथा सफेद मूसली की नई प्रजातियों को विकसित करने पर भी ठोस कार्य किया है। उनकी इन्हीं उपलब्धियों के कारण उन्हें देश के सर्वश्रेष्ठ किसान का अवार्ड तीन बार दिया जा चुका है। उन्हें देश के वैज्ञानिकों के राष्ट्रीय संगठन के द्वारा हर्बल कृषि वैज्ञानिक का राष्ट्रीय अवार्ड भी दिया जा गया है। बस्तर के बदलते आर्थिक सामाजिक परिवेश को उन्होंने अपने कविताओं में ढाला है। उनके बहुचर्चित कविता संग्रह मैं बस्तर बोल रहा हूं , जिसका अनुवाद अंग्रेजी तथा मराठी में क्रमशः यस इटज बस्तर स्पीकिंग तथा मी आदिवासी बोलतोय के नाम से अनुवाद भी हो चुका है । विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले डाक्टर त्रिपाठी के देश विदेश में स्थित अनुयायियों की संख्या लाखों में है, और वर्तमान में यह कहना अतिशयोक्ति ना होगा कि डॉ राजाराम त्रिपाठी एक व्यक्ति के बजाय अब अपने आप में एक विशाल संस्थान बन चुके हैं। डॉ त्रिपाठी को नई दिल्ली में 28 नवंबर,2021 को गांधी शांति प्रतिष्ठान दिल्ली में आयोजित एक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

## नवंबर माह में चांपा में प्रस्तावित नारी जागरण की जिला कार्यशाला की तैयारी के लिए कार्यकारिणी की बैठक



पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com

शांतिकुंज स्वर्ण जयंती वर्ष के पावन अवसर पर जांजगीर चांपा जिला स्तरीय दो दिवसीय आवासीय नारी सशक्तिकरण कार्यशाला आगामी 13 व 14 नवम्बर 2021 को गायत्री शक्तिपीठ चांपा में होना सुनिश्चित हुआ है।

तत्संबंध में जिला कार्यकारिणी की आवश्यक बैठक गायत्री शक्तिपीठ चांपा में सम्पन्न हुई, जिसमें नारी जागरण कार्यशाला की पूर्व तैयारी, व्यवस्था एवं प्रचार प्रसार करने संबंधी वृहद चर्चा हुई।

उक्त गोष्ठी में जिला समन्वयक बिहारीलाल ताम्रकार, महेश्वर कश्यप, पूरन वैष्णव, राधेश्याम चंद्रा, राजकुमार पटेल, शिवचरण यादव, जी पी राठौर, रामधन कौशिक, प्रहलाद राठौर, बालक राम रत्नमूल, नरेश राठौर, मलयज राठौर, सहित अनेक परिजन उपस्थित रहे, युवा प्रकोष्ठ समन्वयक महेश साहू एवं नारी जागरण प्रमुख श्रीमती पुष्पांजलि साहू ने सभी ब्लाकों से बहनों का पंजीयन फार्म भरने व अधिक से अधिक संख्या में कार्यशाला में उपस्थित होने की अपील की है।

## कुंभकारों, स्व सहायता समूहों, छोटे कारीगरों को कलेक्टर ने दी बड़ी राहत

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

■ मिट्टी के दीए को प्रोत्साहित करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कबीरधाम जिले के मिट्टी के अजीविका से जुड़े कुंभकारों, स्व सहायता समूहों, छोटे कारीगरों से किसी भी कर या टैक्स नहीं वसूलने के निर्देश दिए है। कुंभकारों, स्व सहायता समूहों, छोटे कारीगरों को दीपावली एवं अन्य पर्व पर मिट्टी के बर्तन, दीये और अन्य साज सज्जा के सामग्री बनाते है, ऐसे सभी लोगों को राहत देने के लिए जिले के नगर पालिका एवं सीएमओं के साथ-साथ सभी अनुविभागीय अधिकारियों, सभी तहसीलदारों, सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं जिले के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए है। दीपावली पर्व पर जिले में कुम्हारों और ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दिये बनाये जाते है तथा इन्हें बाजारों में विक्रय हेतु लाया जाता है। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कबीरधाम जिले के नगर पालिका एवं सीएमओं के साथ-साथ सभी अनुविभागीय अधिकारियों , सभी तहसीलदारों, सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं जिले के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है की मिट्टी के दिये विक्रय किये जाने हेतु आने वाले इन ग्रामीणों और कुम्हारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाये।

## जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी ने सेदरी के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को नेस की परीक्षा की अग्रिम तैयारियों के लिए दिया प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



शैक्षणिक जिले शक्ति की जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी ने 26 अक्टूबर को शक्ति विकासखंड के ग्राम-सेंदरी के शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को नेस की परीक्षा के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया, तथा मुखर्जी ने विद्यालय के बच्चों को आगामी दिनों में नेस की परीक्षा को लेकर विभिन्न जानकारियां दी, तथा ओएमआर मार्कशीट भरने के संबंध में भी उनसे सवाल पूछे,एवम उन्हें पूर्ण रूप से प्रशिक्षित किया,तथा विद्यालय के बच्चों ने भी ओएमआर मार्कशीट को भरने के बारे में अच्छे से बताया एवं इस दौरान विद्यालय के बच्चों का नेत्र परीक्षण भी किया गया। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी ने प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला के सभी बच्चों से विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था एवं अध्यापन कार्य के बारे में भी जानकारी ली, तथा विद्यालय के शिक्षक/शिक्षिकाओं से भी उन्होंने अपने निरीक्षण के दौरान चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के दिशा निर्देशों के अनुरूप बच्चों को शिक्षा की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध करवाने की बात कही, साथ ही श्रीमती मीता मुखर्जी ने कहा कि नेस की परीक्षा में सभी बच्चे पूर्ण रूप से सफल हो, तथा मेहनत कर इस परीक्षा में भाग लें, यही महत्वपूर्ण है।

उल्लेखित हो कि शैक्षणिक जिला सकती की जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी जिले के सभी विकासखंडों में निरंतर अपना प्रवास कर शिक्षा के क्षेत्र में सक्रियता के साथ स्कूली बच्चों से सीधे रूबरू होकर उन्हें समय-समय पर विभिन्न जानकारियां प्रदान करती हैं, साथ ही शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी वे सीधे बच्चों से चर्चा करते हुए उसके संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक/शिक्षिकाओं को भी आवश्यक दिशा निर्देश देती रहती है।

## यात्री बस की डिक्की से 44 किलो गांजा के साथ आरोपी पकड़ाया जगदलपुर से दिल्ली लेकर जा रहा था राजस्थान का युवक

पायनियर संवाददाता ∢ कांकेर
www.dailypioneer.com



जगदलपुर से बस में अवैध गांजा तस्करी के मामले में एक आरोपी को पक?ने में कांकेर पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने यात्री बस में गांजा लेकर जा रहे एक आरोपी को पकड़ा है जिसके पास से कुल 40 पैकेट में 44 किलो 750 ग्राम गांजा जब्त किया गया है। कांकेर पुलिस को यात्री बस में एक युवक द्वारा गांजा तस्करी की सूचना मिली थी जिस पर पुलिस सतर्क हो गई और कोतवाली थाना के सामने देर रात बस को रूकवाकर जांच की गई जांच में गांजे से भरे 44 पैकेट गांजा बस के डिक्की में भरा हुआ मिला है बस में पकड़ा गया गांजा किसका है यह लगातार यात्रियों से पूछताछ करने के बाद भी पता नही चल पाया जिसके बाद पैकेट में मिले कुछ कपड़ो के मिलान करने पर राजस्थान के सलमान अली नामक युवक को पक?ा गया तस्कर से बारीकी से पूछताछ करने पर पता चला कि वह यह गांजा जगदलपुर से खरीदकर तस्करी करते हुए दिल्ली ले जा रहा था वहीं पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है जिसमें कुछ और महत्वपूर्ण सुराग पुलिस के हाथ लग सकती है। इस सबन्ध में कांकेर थाना प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई थी कि जगदलपुर से महेन्द्रा ट्रेवल्स की बस से एक आरोपी गांजा की तस्करी कर रहा जिस पर कांकेर कोतवाली टीम द्वारा बैरिकेट्स लगाकर बस को रोक गया जहाँ बस के डिक्की से गांजा का पैकेट बरामद किया गया व आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## ठेकेदार संघ ने किया भुगतान के लिए लोक निर्माण विभाग का घेराव

■ एक साल से लंबित है भुगतान - विरोध प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ∢ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



ठेकेदारों द्वारा अपने लंबित भुगतान को लेकर पीडब्लूडी कार्यालय का घेराव किया गया एवं जमकर विभाग के खिलाफ नारेबाजी की गयी।

ठेकेदारों को का कहना है कि पिछले एक साल से नारायणपुर लोक निर्माण विभाग ठेकेदारों को भुगतान नही किया है जबकि ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण कर दिए गए है उसके बावजूद विभाग भुगतान करने में देरी कर रहा है जिससे हमें आर्थिक परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है।आने वाले दिनों में दीपावली का त्यौहार है सभी मजदूरों को भुगतान करने के लिए पैसे नहीं है हम आर्थिक रूप से परेशान हो रहे है लेकिन विभाग हमारी मांगो को नज़र अंदाज़ कर रहा है। ऐसे में आज सभी ठेकेदार विभागीय कार्यालय का घेराव कर कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपा है एवं अल्टीमेटम दिया है अगर दीपावली के पूर्व हम सभी का लंबित भुगतान प्रदाय नही किया जाता है तो जिले में चल रहे सभी निर्माण कार्य बंद कर दिये जायेंगे और अनिश्चितकाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही विभाग की होगी।

वही इस पूरे मामले में कार्यपालन अभियंता शाक्या का कहना है कि विभाग के पास बजट नही है इसी कारण ठेकेदारों को भुगतान नहीं दे पा रहे हैं जैसे ही अलॉटमेंट आता है सभी ठेकेदारों को भुगतान किया जायेगा।

## धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफातार

पायनियर संवाददाता ∢ मुंगली
www.dailypioneer.com




जिले के लोरमी थाना क्षेत्र के 420 मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने बिलासपुर में किया गिरफ्तार, न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया आरोपी को काफी दिनों से फरार था आरोपी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अखरार निवासी अमित बघेल के द्वारा लोरमी थाना में रिपोर्ट लिखा गया था कि ग्राम अखरार निवासी विनोद दुबे पिता नंदकुमार दुबे उम्र 35 वर्ष जो कि प्रार्थी से पुलिस की नौकरी दिलाने के नाम से करीब 7 लाख रूप्ये लिया गया था लेकिन प्रार्थी को पुलिस की नौकरी नहीं मिली। प्रार्थी अमित बघेल के द्वारा नौकरी नहीं मिलने पर जब आरोपी विनोद दुबे से अपने दिये हुये पैसों की मांग कर रहा था तो विनोद के द्वारा अमित को पैसो को लिये काफी दिनों से घुमा रहा था। पैसा वापस नहीं मिलने पर प्रार्थी अमित बघेल के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर 420 के तहत अपराध दर्ज करते हुए, पुलिस के द्वारा प्रार्थी के रिपोर्ट पर विवेचना कर पतासाजी किया गया जिस पर आरोपी विनोद दुबे पुलिस से लगातार छिपते हुए बच रहा था लेकिन वही लोरमी थाना प्रभारी राजकुमार साहू के द्वारा मुखबिर लगाकर आरोपी की पतासाजी किया गया जिस पर आरोपी बिलासपुर में छिपने की जानकारी मिला, पुलिस के द्वारा टीम बनाकर बिलासपुर गये जहाँ बताये हुए जगह पर पुलिस के द्वारा छापा मारते हुए आरोपी विनोद दुबे को पकड़कर लोरमी थाना लाया गया आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की बाराद्वार शाखा ने किया कोरोना योद्धाओं का सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन मे अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की बाराद्वार शाखा द्वारा 26 अक्टूबर को बाराद्वार शहर में कोविड-19 काल में विभिन्न माध्यमों से अपनी सेवाएं देने वाले कोरोना योद्धाओं का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया,इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन बाराद्वार इकाई की अध्यक्ष श्रीमती उषा कलानोरिया के नेतृत्व में बाराद्वार के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित रहे, साथ ही मंचस्थ अतिथियों में पुलिस थाना बाराद्वार के प्रभारी लखेस केवट, विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक डॉ विजय लहरें की मौजूदगी में विभिन्न क्षेत्रों के अलग-अलग सेवाएं देने वाले कोरोनावायरस को सम्मानित किया,इस दौरान महिला सम्मेलन की अध्यक्ष श्रीमती उषा कलानोरिया ने कहा कि पूरे भारत देश में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा 21 अक्टूबर 2021 को कोविड-19 के टीकाकरण का 100 करोड़ लक्ष्य पूर्ण होने पर यह सम्मान समारोह किया जा रहा है।

तथा बाराद्वार शहर में भी कोविड-19 कॉल में स्वास्थ्य चिकित्सक, कर्मी, स्वच्छता कर्मी, पुलिस विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी, मीडिया के साथी सहित विभिन्न संस्थाओं ने भी सेवा के कार्य किए हैं,तथा सभी ने अपने आपको सुरक्षित रख कर लोगों को सुरक्षित रखने का कार्य करते हुए एक जागरूकता के लिए भी अपना योगदान दिया है,तथा इसी परिपेक्षय्य में आज अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की बाराद्वार शाखा द्वारा यह सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है, इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने भी अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल महिला सम्मेलन द्वारा आयोजित इस कोरोना योद्धा सम्मान के लिए सम्मान के पूरी समिति को आभार एवं साधुवाद ज्ञापित किया, तथा सभी कोरोना योद्धाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### देश के विकास में बेटिया दे रही योगदान : रमन सिंह

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में 36 बेटियों का राज्यपाल ने किया सम्मान

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com



वृंदावन बैरन बाजार रायपुर में कर्मयोगिनी सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में छू लो आसमान बस चाहिए थोड़ा सम्मान के थीम के तहत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का यह कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें छत्तीसगढ़ की 36 बालिकाओं और छात्राओं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है,इन सभी को छत्तीसगढ़ की महामहिम राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके के द्वारा सम्मान किया गया , कार्यक्रम की शुरुआत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रदेश संयोजक अंजय शुक्ला के उद्बोधन से हुवा, जिसमें उन्होंने कहा बेटियां भारत की शान और अभिमान है बस आवश्यकता है तो उन्हें आगे बढ़ाने की उन्हें स्वावलंबी बनाने की और उन्हें उचित सम्मान देने की, उन्होंने देश में चल रहे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्य को भी विस्तार रूप से समझाया।

इस कार्यक्रम में पहुंचकर महामहिम राज्यपाल जी बहुत ही गदगद और भाव विभोर हुई और बालिकाओं की की प्रतिभा से प्रभावित होकर उन्होंने आगामी 8 मार्च (महिला दिवस )के अवसर में पुनः इन सभी बालिकाओं का सम्मान करने की घोषणा की है, इस सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्र से शिक्षा ,खेल, शिक्षा, पत्रकारिता ,पर्वतारोहण,, चिकित्सा आदि सभी क्षेत्र से आई हुई बालिकाओं का सम्मान किया गया,इस अवसर पर राज्यपाल महामहिम सुश्री अनुसुइया उइके जी ने कहा कि आज बेटियां दुनिया के हर कोने में अपनी उपयोगिता को साबित कर रही है,उन्होंने कहा कि आज बेटियां घर संभालने से लेकर देश तक को भी संभाल रही है। बेटियां हर क्षेत्र में सफलता के नए आयाम लिख रही है।

साथ ही साथ उन्होंने कहा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को एक अभियान के रूप में ही नहीं बल्कि इसे एक जन आंदोलन के रूप प्रसारित वा प्रचारित किया जाए, जिसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता हो, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में बेटियां देश के विकास के लिए अपना योगदान दे रही है आज बिटिया हवाई जहाज से लेकर समाज के सभी बड़े पदों पर अपनी प्रतिभा साबित कर रही हैं पुरुषों के मुकाबले एक बेहतर एडमिनिस्ट्रेटर साबित होती हैं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के राष्ट्रीय संयोजक डॉ राजेंद्र फड़के ने कहा कि आज बिटिया हर हर जगह पुरुषों से कदम मिलाकर चल रही है चाहे वह राजनीति के क्षेत्र में हो या सामाजिक सेवा के क्षेत्र में आज बेटियां हर क्षेत्र में अपने कार्यों से अपनी योग्यता को साबित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हमें बेटियों के सम्मान के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होकर यह संकल्प लेना चाहिए कि हमें बेटियों को बेटों के समान समझना चाहिए उनके साथ भी किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए क्योंकि बेटियां आज बेटों से कम नहीं है हर क्षेत्र में बेटियां बेटों के साथ मिलकर काम कर रही है,कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शताब्दी पांडे ने किया।

## विधायक ममता चन्द्राकर विभिन्न ग्रामों में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का श्रवण करने पहुची



पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

विधायक ममता ने मंगलवार को विधानसभा पंडरिया के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम उसलापुर (बघर्रा) ग्राम कुसुमघटा, ग्राम कारीमाटी एवं अधियारखोर में धार्मिक कार्य एवं ग्राम रेंगाबोड़, में दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।

चन्द्राकर अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत ग्राम उसलापुर (बघर्रा) पोड़ी में वर्मा में आयोजित, देवी भागवत महापुराण कार्यक्रम ग्राम कुसुमघटा में वर्मा परिवार में आयोजित श्रीमद्भागवत कार्यक्रम में ग्राम कारीमाटी में श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम एवं ग्राम अंधियारखोर में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अमृत कथा का श्रवणपान की वही ग्राम रेंगाबोड़ में चन्द्राकर परिवार में दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित हुई एवं सभी ग्रामो में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एवं ग्रामवासियों से रूबरू होकर क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू हुई।

## संपादकीय

# चिंताजनक

## कोविड की एक और लहर

**कोविड-19** की तीसरी लहर का खतरा भारत पर मंडरा रहा है, पर वह अभी दूसरी लहर के संकट से उबर नहीं सका है। फिलहाल कोविड-19 वैश्विक महामारी की तीसरी लहर का खतरा भूल भी जाएं तो आम जनता की लापरवाही के कारण कम होने के महीनों बाद भी अभी भारत में दूसरी लहर समाप्त नहीं हुई है। बार-बार की चेतावनी के बावजूद दशहरे के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर एकत्र होने वाली भीड़ ने सुरक्षा प्रोटोकालों का पालन नहीं किया है जिसका नतीजा दिखने लगा है। इस समय नए मामलों में आने वाली कमी घट कर एक प्रतिशत रह गई है। भारत में 18-24 अक्टूबर के बीच 1.08 लाख नए मामले सामने आए हैं। इसके पहले वाले सप्ताह में ऐसे मामले घट कर के वल 1,200 रह गए थे। इसके पहले के 6 सप्ताहों में मामलों में 27 प्रतिशत से अधिक कमी आई थी। दशहरा के एक सप्ताह बाद अनेक राज्यों में मामले बढ़ रहे हैं जिनमें पश्चिम बंगाल सबसे आगे है। इस सप्ताह वहां 5,925 नए मामले सामने आए हैं तथा मौतों की संख्या में भी 60 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इस सप्ताह 2,419 लोगों की मौत हुई है, जबकि इसके पहले वाले सप्ताह में 1,515 लोग मरे थे। कुल मिला कर पिछले सप्ताह मामलों में 41 प्रतिशत वृद्धि हुई है। असम में यह वृद्धि 42 प्रतिशत तथा हिमाचल प्रदेश में 25 प्रतिशत है। दक्षिणी राज्यों में यह वृद्धि सबसे कम है जहां के रल में नए मामलों में के वल 2.5 प्रतिशत वृद्धि हुई है। 10 प्रतिशत से कम वृद्धि वाले राज्यों में दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, जम्मू कश्मीर और बिहार शामिल हैं। चिन्ताजनक बात यह है कि त्योहारों के बाद बढ़ने वाले मामलों में पूरी तरह टीकाकृत लोगों में पुनः संक्रमण शामिल है। उदाहरण के लिए, कोलकाता में ऐसे 150 मामले सामने आए, जबकि अन्य 200 लोगों में कोई लक्षण नहीं थे।

कोविड-19 मामलों में वृद्धि को देखते हुए राज्य सरकारों को अस्पतालों में कोविड वार्ड पुनः खोलने चाहिए। इसके साथ ही अधिकतम मामलों वाले क्षेत्रों में क्वारंटीन के न्द्र पुनः खोलने की जरूरत है। सरकारों के सामने एक ओर अर्थव्यवस्था को खोलने तथा दूसरी ओर कोविड-19 से बचाव व नियंत्रण की रणनीतियों पर काम करने की चुनौती है। लेकिन इस स्थिति से बचा नहीं जा सकता है। पूरी तरह अनलाक की स्थितियों के कारण भी त्योहारों के बाद मामले बढ़े हैं। हालांकि, वर्तमान समय में संपूर्ण लाकडाउन का सवाल नहीं उठता है। इसलिए स्थानीय स्तर पर नियंत्रणों, जैसे माइक्रो-कंटेनमेंट क्षेत्र स्थापित करना सर्वोत्तम समाधान है। इसके साथ ही टेस्टिंग व टेर्क्सिंग तथा क्वारंटीन व आइसोलेशन कार्रवाइयां तेज करने की जरूरत है। के न्द्र सरकार को बाहर से आने वाले लोगों तथा एक राज्य से दूसरे राज्य की यात्रा करने वाले लोगों पर ऐसे नियंत्रण लगाना जरूरी हो गया है। महामारी विज्ञानियों का मानना है कि त्योहारों के पहले आने वाले कम मामलों का कारण महामारी में प्रसार की कमी का प्रमाण नहीं है। देश अभी इसके दायरे से बाहर नहीं निकल सका है। तथ्य यह है कि मृत्यु दर स्थाई रूप से 1.2 प्रतिशत बनी हुई है तथा कुछ राज्यों में त्योहारों के बाद हुई वृद्धि से स्पष्ट है कि टीकाकरण कवरेज में लगातार तेजी से वृद्धि जरूरी है। सरकार को भारत में कोरोनावायरस के नए म्यूटेशन खोजने के बारे में भी विचार करना चाहिए। भारतीय सार्स कोव-2 जीनोमिक्स समूह में एक नया संक्रामक म्यूटेंट शामिल हुआ है जिसे एवाई 4.2 नाम दिया गया है। इस म्यूटेंट में शोध से यूरोप में घबराहट फैल गई है।

# ईंधन संकट से मिली चेतावनी

## सरकार को वर्तमान समय में आयातों पर भारी निर्भरता की स्थिति से निपटने के दीर्घकालीन समाधान खोजने तथा इसे 10-15 प्रतिशत तक लाने की जरूरत है।



उत्तम गुप्ता
(लेखक नीति विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं)



**सार्वजनिक** क्षेत्र उद्यम-पीएसयू कोल इंडिया लिमिटेड-सीआईएल ने वर्ष 2014-15 में 494 मिलियन टन-एमटी उत्पादन किया था। यह 2013-14 की तुलना में रिकार्ड 32 एमटी अधिक था तथा पिछले चार वर्षों में इसमें लगातार 31 एमटी वृद्धि हो रही थी। 2015 में इसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019-20 के लिए 1500 एमटी का लक्ष्य रखा था। इसमें से 1000 एमटी सीआईएल तथा बाकी 500 एमटी निजी कंपनियों से आना था। 2019-20 के दौरान भारत ने 730 एमटी उत्पादन किया जिसमें सीआईएल का योगदान 685 एमटी था। लेकिन यह लक्ष्य से बहुत कम था जिसके कारण उत्पादन मांग से बहुत कम हुआ और उस साल 300 एमटी का आयात करना पड़ा। 2020-21 में घरेलू उत्पादन गिर कर 716 एमटी रह गया तथा इस वर्ष कोविड के कारण देश पूर्व-कोविड स्तर पर उत्पादन लाने के लिए संघर्ष कर रहा है। इस बीच मांग बढ़ी है।

यह अप्रैल-सितंबर 2020 में 255 एमटी की तुलना में अप्रैल-सितंबर, 2021 में 308 एमटी हो गई। इसके कारण पिछले सप्ताह अधिकांश ताप बिजलीघरों में कोयले का भंडार खतरनाक स्तर तक नीचे गिर गया। 7 अक्टूबर, 2021 को 1,00,000 एमडब्लू उत्पादन क्षमता या कुल कोयला-आधारित क्षमता वाले प्लांटों के 40 प्रतिशत के पास दो दिन से कम का भंडार रह गया था। वर्तमान समय में भले ही स्थिति इतनी चिन्ताजनक न हो, पर भारत लगातार संकट वाली स्थिति में बना हुआ है।

कच्चा तेल ऊर्जा का एक और प्रमुख स्रोत है। यह अनेक पेट्रोलियम उत्पाद तैयार करने का प्रमुख कच्चा माल है। 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके आयात में 10 प्रतिशत कमी का वादा किया था। इसके बजाय आयात में 83.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जहां तक स्वच्छ एवं पर्यावरण हितैषी समझे जाने वाले भविष्य का ईंधन कहे जाने वाले प्राकृतिक गैस का सवाल है, देश अपनी आवश्यकता का 50 प्रतिशत आयात करता है। दुनिया भर की अर्थव्यवस्थाओं पर कोरोना वैश्विक महामारी की विनाशकारी विभीषिका के कारण अप्रैल, 2020 में कच्चे तेल की कीमत 20 डालर प्रति बैरल तक गिर गई जो वर्तमान में 85 डालर प्रति बैरल हो गई है। इसके परिणामस्वरूप न के वल आयात खर्च में भारी वृद्धि हुई है, बल्कि पेट्रोल व डीजल उपभोक्ताओं को भारी बोझ उठाना पड़ रहा है। इनके दाम दिल्ली में क्रमशः 105 व 95 रुपये लीटर तक पहुंच गए हैं। पिछले साल इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। जहां तक प्राकृतिक गैस का सवाल है, इसके दाम प्रति ब्रिटिश थर्मल यूनिट-एमबीटीयू 1.79 डालर से बढ़ कर 2.9 डालर हो गए हैं। इसकी सप्लाई तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम-ओएनजीसी तथा आयल इंडिया लिमिटेड-ओआईएल को निर्धारित क्षेत्रों तथा नई खोज एवं लाइसेंसिंग नीति-एनईएलपी के अंतर्गत दिए नए क्षेत्रों से होती है। यह कीमत 1 अप्रैल, 2022 से 5.93 डालर एमबीटीयू तथा इसके अगले साल 7.65 डालर एमबीटीयू हो जाएगी। स्पाट बाजार में आयातित द्रव प्राकृतिक गैस-एलएनजी की कीमत अप्रैल 2021 में 6.5 डालर एमबीटीयू से बढ़ कर वर्तमान समय में 33 डालर एमबीटीयू हो गई है। भारत पर इस वृद्धि के प्रभावों पर गौर करने के लिए कुछ आंकड़ों पर नजर डालनी चाहिए।

भारत में प्रति वर्ष पैदा होने वाला 24 मिलियन टन यूरिया गैस आधारित है। इसकी दो तिहाई जरूरत घरेलू उत्पादन तथा बाकी एक तिहाई आयातित एलएनजी से होती है। आयातित गैस में से 50 प्रतिशत स्पाट बाजार से तथा बाकी निश्चित मूल्य पर दीर्घकालीन समझौतों से मिलती है। गैस मूल्य में प्रति डालर वृद्धि से यूरिया की उत्पादन लागत 1,800 प्रति टन बढ़ जाती है। 7.65 डालर प्रति एमबीटीयू की घरेलू कीमत या इसमें वर्तमान मूल्य पर 6 डालर की वृद्धि को देखते हुए अतिरिक्त वार्षिक भुगतान 17.000 करोड़ रुपये होगा। इसी प्रकार एलएनजी की मूल्य वृद्धि के कारण 19,000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। इस प्रकार मूल्य वृद्धि का प्रति वर्ष प्रभाव लगभग 36,000 करोड़ रुपये होगा। भारत ने घरेलू उत्पादन में योगदान के लिए 2020-21 में लगभग 10 एमटी यूरिया का आयात किया था। वर्तमान वर्ष में वह इसके लिए 500 डालर प्रति टन का भुगतान कर रहा है, जबकि यह पिछले वर्ष 200 डालर प्रति टन था। इसके परिणामस्वरूप यूरिया आयात पर 15,000 करोड़ रुपये अधिक खर्च करने होंगे और यह 51,000 करोड़ रुपये हो जाएगा। वर्तमान नियंत्रित व्यवस्था में यूरिया का अधिकतम खुदरा मूल्य कम कीमत पर रखा जाता है जिसका उत्पादन, आयात या वितरण के खर्च से कोई संबंध नहीं है। इस अंतर की पूर्ति उत्पादक या आयातक द्वारा सब्सिडी से की जाती है। गैस या आयातित यूरिया की चाहे जो कीमत हो, इस पर अतिरिक्त खर्च की पूर्ति सब्सिडी द्वारा होती है जो आयातक या उत्पादक को मिलती है। इस प्रकार के न्द्रीय बजट से 51,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा।

वैश्विक ईंधन संकट के कारण फास्फेट व पोटाश उर्वरकों तथा इसके उत्पादन में प्रयोग होने वाले कच्चे माल की कीमत में भी भारी वृद्धि हुई है। सर्वाधिक लोकप्रिय फास्फेट उर्वरकों में आयातित डाई अमोनियम फास्फेट-डीएपी की वर्तमान कीमत इस साल 630 डालर प्रति टन है, जबकि यह पिछले साल 300 डालर थी। डीएपी के उत्पादन में प्रयोग होने वाले फास्फोरिक एसिड की कीमत 375 डालर से बढ़ कर 1,000 डालर प्रति टन हो गई है। इसी प्रकार इसके उत्पादन में लगने वाले अमोनिया की कीमत भी 470 डालर प्रति टन से बढ़ कर 670 डालर प्रति टन हो गई है। म्यूरेट आफपोटाश की कीमत भी 170 डालर से बढ़ कर 400 डालर प्रति टन हो गई है। सरकार ने मूल्यवृद्धि से निपटने के लिए उर्वरकों की सब्सिडी बढ़ाने की घोषणा की है और सुनिश्चित किया है कि किसानों को इसका भुगतान पुरानी कीमत पर ही करना होगा। इससे सब्सिडी पर खर्च कम से कम 30,000 करोड़ बढ़ जाएगा जो यूरिया पर खर्च 51,000 करोड़ के अलावा है। सरकार को किसानों को अधिक एमएसपी देने तथा राज्यों को अधिक परिवहन खर्च के लिए भारी बोझ उठाना होगा। इसके साथ ही किसानों और घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ती या मुफ्त बिजली देने के लिए भी उनको भारी खर्च करना होगा, भले ही इसके उत्पादन पर चाहे जितना खर्च हो।

2020-21 में जीडीपी का 6.8 प्रतिशत या कुल 15,00,000 करोड़ रुपये राजकोषीय घाटे का बहुत उदार लक्ष्य रखने से सरकार को उर्वरकों व खाद्यान्नों पर उच्च सब्सिडी देने का अवसर मिल गया था। लेकिन देर-सवेर उसे राजकोषीय स्थिति ठीक कर सब्सिडी पर लगाम लगानी होगी। उस समय किसानों और उपभोक्ताओं को ज्यादा भुगतान करना होगा या उत्पादकों, आयातकों, एजेंसियों को भुगतान में विलम्ब तथा कम भुगतान का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। वर्तमान ईंधन संकट को चेतावनी की तरह लेना चाहिए। सरकार को आयात पर भारी निर्भरता की वर्तमान स्थिति से निकलने के दीर्घकालीन समाधान खोजने चाहिए जो कच्चे तेल में 83.5 प्रतिशत, गैस में 50 प्रतिशत, पोटाश में 100 प्रतिशत, फास्फेट में 90 प्रतिशत, यूरिया में 30 प्रतिशत तथा कोयला में 30 प्रतिशत है। हमें इन क्षेत्रों में इसे घटा कर के वल 10-15 प्रतिशत तक करने के प्रयास करने होंगे। जब तक ऐसा नहीं होता है तब तक भारत को बढ़ते आयात खर्च, बढ़ती सब्सिडी, खतरनाक राजकोषीय घाटे, भारी मुद्रास्फीति, आदि का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

# वास्तविक नियंत्रण रेखा पर विद्यमान स्थितियां

> लद्दाख और अन्य जगहों पर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वास्तविक स्थिति। इक्विवोके शन की अपनी लागत है, और हाल ही में जारी किए गए वीडियो और हमारे कर्मियों के गलवान में कैदियों की तस्वीरों ने हमें शर्मिंदा और क्रोधित कर दिया है।

दीपक सिन्हा
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)




**लद्दाख** में 13वीं कोर कमांडर-स्तर की वार्ता के बाद दोनों पक्षों के बीच तीखे आदान-प्रदान, निरर्थकता और शिथिलता में किए गए एक अभ्यास, ने उस तरीके पर प्रतिकूल रूप से ध्यान आकर्षित किया है जिसमें केंद्र सरकार ने अपने ही नागरिकों को अंधेरे में रखा है। लद्दाख और अन्य जगहों पर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर वास्तविक स्थिति। इक्विवोके शन की अपनी लागत है, और हाल ही में जारी किए गए वीडियो और हमारे कर्मियों के गलवान में कैदियों की तस्वीरों ने हमें शर्मिंदा और क्रोधित कर दिया है, मुख्य रूप से इस मुद्दे पर पहले स्थान पर साफ नहीं होने के लिए हमारे नेतृत्व की मूर्खता और अदूरदर्शिता पर। जिन्न को बोतल में रखने के इसके अकुशल प्रयासों ने जो कुछ हासिल किया है, वह चीन की उत्कृष्ट सूचना युद्ध क्षमताओं के हाथों में खेलना है, जिससे उन्हें अपने लाभ के लिए कथा को आकार देने की अनुमति मिलती है। हालांकि, रिहाई के समय से पता चलता है कि हाल ही में अरुणाचल में कुछ पीएलए सैनिकों को अस्थायी रूप से बंदी बनाए जाने की रिपोर्ट का मुकाबला करने के लिए घरेलू स्तर पर प्रसार का उद्देश्य है। बेशक, यह उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर होने वाले चुनावों के साथ मोदी सरकार को शर्मिंदा करने का एक प्रयास भी हो सकता है। मकसद जो भी हो, सच्चाई यह है कि ये वीडियो कर्नल बाबू और उनके आदमियों ने जिस तरह से एक संख्यात्मक रूप से श्रेष्ठ, क्रूर और धोखेबाज दुश्मन द्वारा घात लगाकर हमला किया गया था, जिस तरह से अपनी बात रखने का कोई इरादा नहीं था, उससे कुछ भी दूर नहीं है।

जबकि विदेश मंत्री एस जयशंकर की यह दलील कि भारत-चीन के बीच अलगाव पर बातचीत 'गोपनीय है और एक कार्य प्रगति पर है' में सच्चाई है, इसे नागरिकों के जानने के अधिकार के खिलाफ तौला जाना चाहिए। यही एक संपन्न लोकतंत्र को चीन जैसे देशों से अलग करता है। दुर्भाग्य से, ऐसा प्रतीत होता है कि इसका उद्देश्य जवाबदेही से बचना है, जो कि सार्वभौमिक रूप से राजनेताओं की अप्रत्याशित घटना नहीं है। हालांकि, नकारात्मक पक्ष यह है कि तथ्यों की गलत व्याख्या हमें इस गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार लोगों को जिम्मेदार ठहराना और अधिक कठिन बना देती है, जिससे के वल सरकार की विश्वसनीयता में कमी आती है। जो भी हो, वास्तव में



चिंताजनक बात यह है कि इस मुद्दे पर सैन्य नेतृत्व ने जिस तरह से व्यवहार किया है, विशेष रूप से राजनीतिक प्रतिष्ठान की धोतियों के पीछे छिपने के उसके दयनीय प्रयास। जैसा कि मनोज जोशी ने बहुत संक्षेप में देखा है, चीन, हमारी सरकार और जमीन पर मौजूद हमारे सैनिकों को पता है कि वास्तव में क्या हुआ है और कोई भी राशि उसे बदल नहीं सकती है। जबकि झूठ अल्पावधि में मनोबल बनाए रखने में मदद कर सकता है, दीर्घकालिक प्रभाव मनोबल और विश्वसनीयता दोनों पर कहीं अधिक हानिकारक है। हमारे वरिष्ठ सैन्य पदानुक्रम की नाजुक स्थिति को देखते हुए, जो पहले से ही थिएटर कमांड और इस तरह की स्थापना पर एक दुर्बल भाईचारे के युद्ध के बीच फंस गया है, यह शायद ही मदद कर सकता है। एक आम नागरिक की नज़र में, जो सेना को अन्य संस्थानों से अलग करता है, वह है ईमानदार, प्रत्यक्ष और सीधा, राष्ट्रीय हित को सबसे ऊपर रखना। यह उस तरीके के लिए नहीं कहा जा सकता है जिस तरह से उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल वाईके जोशी ने दावा किया कि देपसांग की स्थिति, जहां हम सबसे अधिक खतरे का सामना करते हैं, एक विरासत का मुद्दा था, जिसका अर्थ है कि यह 2020 की घटनाओं से पहले सामने आया था। लेह कोर के पूर्व कोर कमांडरों द्वारा एक दावे को जल्दी से खारिज कर दिया गया, यह सुझाव देते हुए कि यह बयान राजनीतिक विचारों से प्रेरित था। यह जोड़ा जाना चाहिए कि राजनेताओं की स्कर्ट के पीछे छिपने की घटना नई नहीं है। उदाहरण के लिए, कारगिल संघर्ष के दौरान, शीर्ष सैन्य और नागरिक नेतृत्व ने पहले आसन्न संघर्ष की चेतावनियों को नजरअंदाज कर दिया और बाद में सेना के जनरलों को अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए मध्य-स्तर के कमांडरों को बलि का बकरा बनाकर भागने की अनुमति दी। जैसा कि प्रवीण स्वामी ने 15 अक्टूबर, 2019 को लिखा था, ''जनरलों की अलमारी में कंकाल हैं। और जब तक देश उनका उचित दाह संस्कार नहीं कर देता, वे सेना को परेशान करते रहेंगे। सैन्य नेतृत्व इस तथ्य से अच्छी तरह वाकिफ है कि सशस्त्र बलों का संवैधानिक रूप से अनिवार्य प्राथमिक मिशन सरकार की ओर से ''भारत और उसके हर हिस्से की रक्षा सुनिश्चित करना है।'' वे यह भी जानते हैं कि नेहरूवादी समय बहुत लंबा चला गया है और किसी भी सैन्य पराजय या क्षेत्र के नुकसान के लिए दोष पूरी तरह से उनके दरवाजे पर रखा जाएगा, और अब यह कि रक्षा मंत्रालय के भीतर सैन्य मामलों के विभाग, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की अध्यक्षता में, उनके कामकाज को नियंत्रित करता है। यह बिना कहे चला जाता है कि हम अपनी उत्तरी सीमाओं के साथ एक अत्यंत अनिश्चित और कठिन सुरक्षा वातावरण का सामना कर रहे हैं, जिसका श्रेय चीन-पाकिस्तान सांठगांठ को जाता है।

## फरमाया



**किसी** को भी नागरिकों को मारने की अनुमति नहीं दी जाएगी और हम आपको विश्वास दिलाते हैं कि जम्मू-कश्मीर में शांति बनी रहेगी।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री



**हम** वर्तमान समय में डेल्टा लहर से बाहर निकल रहे हैं और इज़राइल में अधिक प्रकोप होने की आशंका है।


– **नफ्ताली बेनेट**
इजराइल के प्रधानमंत्री



**कांग्रेस** और राष्ट्रीय जनता दल का गठबंधन टूट गया है। कांग्रेस अब अकेले सभी 40 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

– **भक्त चरण दास**
कांग्रेस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## एक हों समान विचारधारा वाले देश

संसार में महाशक्ति बनने की होड़ में चीन की चुनौती अमेरिका की दावेदारी को बोना सिद्ध करने पर आमादा है। विकसित देशों में भी कोरोना महामारी के कहर के कारण आर्थिक एवं सामाजिक परिदृश्य बदला हुआ है। दुनिया के सामने आज आतंकवाद, ग्लोबल वार्मिंग, जनसंख्या वृद्धि एवं चीन जैसे देश की विस्तार वादी एवं जैविक युद्ध संबंधी चुनौतियां मौजूद है। कुपोषण, रंगभेद, जातिभेद, लिंग भेद, भुखमरी, मानवाधिकारों का हनन, सोशल मीडिया द्वारा निजता का हरण आदि समस्याएं भी मुंह बाए खड़ी है। अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार का गठन भी दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास रखने वाले देशों को संगठित होकर आतंकवाद एवं साम्राज्यवादी नीतियों को कुचलने के लिए सामूहिक अभियान चलाना चाहिए। वैश्विक समस्याओं से निपटने के लिए समान विचारधारा वाले देशों को आगे आकर नेतृत्व की बागडोर संभालना चाहिए। विश्व में शक्ति संतुलन बनाए रखने के लिए संयुक्त देशों की सेना का गठन भी किया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के क्रियाकलापों की समीक्षा हेतु सक्रिय प्रयास किए जाने की भी विश्व स्तर पर आवश्यकता है।

– **ललित महालकरी,** इंदौर

## जैविक हथियारों पर रोक लगे

**वर्तमान** में परमाणु ,जैव एवं रासायनिक हथियार प्रणाली के इस्तेमाल की सोच ज्यादा विकसित हो रही है । जैव प्रयोग द्वारा विषाणु या जीवाणु दुश्मन के खेमे के वायु मंडल में महामारी फैलाने का काम सरलता से किया जा सकता है। एक जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान( नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वॉयरालॉजी )के मत के अनुसार जैवीय संरचना के बारे में जानकारी अति महत्वपूर्ण होती है। इससे प्राप्त आंकड़ों के प्रयोग को जैवीय संरचना बदलने में भी किया जा सकता है। इसी कारण कोई देश जैवीय संरचना संबंधी जानकारी अन्य देशों को नहीं देता। इस हेतु परमाणु ,जैव रासायनिक हथियारों के प्रयोग में काम आने वाली सामग्रियों को पूर्णतया गोपनीय रखा जाकर विशेष सतर्कता बरती जाती है और बरती भी जाना चाहिए (इनके प्रयोग पर प्रतिबद्ध नियमों को ध्यान में रखते हुए ) चीन अपनी प्रयोगशाला में वायरसों को इक्कट्ठा करके रखने का एवं फैलाने का खमियाजा अब भुगत ही रहा है।साथ ही अन्य देशों को भी भुगतना पड़ रहा है। चीन का ये वुहान शहर से फैलाने का फंडा अब सब समझने लगे हैं।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

## पाकिस्तान की बौखलाहट

**इस** बार पाकिस्तान ने टी-20 (विश्वकप) क्रिकेट मैच अनेकानेक बार हार कर क्या जीत लिया कि उसके प्रधानमंत्री और गृहमंत्री दोनों ही बौखलाने लग गए। इमरान खान कह रहे हैं कि भारत से मैच जीतने के बाद अभी ऐसी स्थिति नहीं आ गई है कि उससे बातचीत की जाए। खेल से राजनीति का क्या संबंध। उनसे पूछो कि 72 सालों में उससे बात करने का कूटनीतिक दृष्टि से सही समय आया ही कब। जब समय आता है तो सिवाय फितरत के और कुछ नहीं। गृहमंत्री ने कहा कि यह दुनिया में एक धर्मविशेष की जीत है। मैच में कौनसी धर्म विशेष की बात आ गई. हमारा देश तो वैसे ही धर्मनिरपेक्ष है। हां धर्म विशेष की बात तो पाक जैसे ही कट्टर विचारक कर सकते हैं. सऊदी अरब गए इमरान खान इन्वेस्टर्स मीटिंग में. तो उसका कश्मीरी राग अलापने से क्या सम्बन्ध? लगता है कश्मीर का भूत नींद में भी आकर उन्हें सताता होगा। वैसे भी पाकिस्तान को कश्मीर के सपने देखना बंद कर देना चाहिए। वह भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा।

– **महेश नेनावा,** इंदौर

स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती 1 से 6 नवम्बर तक कवर्धा प्रवास पर

# बहेराखार में 100 एकड़ भूमि पर बनने वाले शंकराचार्य महागौसेवालय का निरीक्षण करेंगे

**अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती की प्रेसवार्ता 2 नवम्बर को 2 बजे बिरकोना में**

पायनियर संवाददाता < थानखमरिया
www.dailypioneer.com



ज्योतिष पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगदुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीस्वरूपानन्द सरस्वती महाराज के शिष्य प्रतिनिधि दण्डी स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती ज्योतिर्मठ का छत्तीसगढ़ आगमन हो रहा है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए शंकराचार्य जन कल्याण न्यास के प्रबंध ट्रस्टी चन्द्रप्रकाश उपाध्याय एवं शंकराचार्य जन कल्याण न्यास के मीडिया प्रभारी पण्डित देव दत्त दुबे ने बताया कि स्वामी जी 01 नवम्बर से 06 नवम्बर तक छत्तीसगढ़ प्रवास पर रहेंगे, इस दौरान कवर्धा जिले के विभिन्न स्थानों पर दर्शन, दीक्षा, प्रवचन देंगे एवं कवर्धा जिले के बहेराखार में 100 एकड़ भूमि पर बनने वाले शंकराचार्य महागौसेवालय के स्थल का निरीक्षण करेंगे। स्वामी जी 01 नवम्बर को झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम से प्रातः 7 बजे पूज्य शंकराचार्य जी महाराज का दर्शन पूजन पश्चात प्रस्थान कर 10.30 बजे बोडला पहुंचेंगे, जहां ओमप्रकाश शर्मा के निवास में स्वामी जी की पादुका पूजन होगी,12.30 बजे बोडला से ग्राम-उसलापुर( पोंडी) हेतु प्रस्थान मेघानंद शास्त्री एवं वर्मा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन पश्चात 3 बजे ग्राम-उसलापुर से ग्राम सोनबरसा आगमन 3.25 सीटीएस हरीश कश्यप, नरेंद्र कश्यप एवं डॉ देवीचंद कश्यप के द्वारा परम धर्म संसद 1008 सोनबरसा के संयोजकत्व में पादुका पूजन प्रवचन पश्चात 4 बजे ग्राम सोनबरसा से दौजरी आगमन 4.15 बजे मानिक राम चंद्रवंशी एवं महेंद्र चंद्रवंशी के निवास में पादुका पूजन, प्रवचन पश्चात 4.45 बजे ग्राम दौजरी से कवर्धा हेतु प्रस्थान, कवर्धा में श्री जानकीरमण प्रभु देवालय आगमन चर्चा पश्चात रात्रि विश्राम

2 नवम्बर को प्रातः पूजन, दर्शन, दीक्षा पश्चात प्रातः 10.30 से 11.30 आरक्षित, 12 बजे दोपाहर कवर्धा से ग्राम-परसवारा डॉक्टर पवन मिश्र के निवास में पादुका पूजन वा परिजनो से चर्चा, 12.45 बजे ग्राम-परसवारा से ग्राम-बिरकोना पहुँचेंगे, मोतीराम चंद्रवंशी पुर्व विधायक के निवास में पादुका पूजन पश्चात 1.30 से 2 बजे दोपाहर तक प्रेसवार्ता दोपाहर 2.15 बजे ग्राम बिरकोना से प्रस्थान कर 3.30 बजे सलधा आगमन, प्रवचन पश्चात रात्रि विश्राम श्री शंकराचार्य आश्रम सलधा में। 3 नवम्बर को प्रातः पूजन दर्शन दीक्षा पश्चात 10.30 बजे प्रातः ग्राम-सलधा से ग्राम-सुरजपुरा हेतु प्रस्थान व्हाया (सलधा, देवकर,थान खम्हरिया, सुरजपुरा) ग्राम-सुरजपुरा जि़ला-कबीरधाम शंकराचार्य आश्रम में प्रवचन पश्चात 12 बजे दोपाहर ग्राम-सूरजपुरा से थान खम्हरिया में ओमप्रकाश जोशी के निवास में पादुका पूजन पश्चात 12.45 बजे उलट हेतु प्रस्थान करेंगे जहां शिवकुमार ठाकुर के निवास में पादुका पूजन होगी, उलट से 1.45 बजे प्रस्थान कर बाज़ार चारभाठा में 2 बजे स्वर्गीय गिरधर निर्मलकर के निवास में परिजनों से चर्चा मुलाक़ात, दोपाहर 2.45 में बाज़ार चारभाठा से ग्राम-धमकी हेतु प्रस्थान ,3 बजे ग्राम-धमकी आगमन प्रस्तावित श्री राज राजेश्वरी मंदिर स्थल का निरीक्षण प्रवचन पश्चात 4.30 बजे ग्राम-धमकी से कवर्धा हेतु प्रस्थान, श्री जानकीरमण प्रभु देवालय आगमन पश्चात आरक्षित रात्रि विश्राम। 4 नवम्बर को दीपावली के दिन प्रातः पूजन, दर्शन, दीक्षा पश्चात 11 बजे श्रीजानकी रमण प्रभु देवालय से कवर्धा में ध्वज स्थल लोहारा नाका हेतु प्रस्थान, स्थल निरीक्षण कर, सहसपुर लोहारा पहुंचेंगे, 12 बजे सहसपुर लोहारा में पण्डित देव दत्त दुबे के निवास श्री गुरु कृपा प्रसादम् में पादुका पूजन परिजन से चर्चा पश्चात 12.20 बजे सहसपुर लोहारा से घानीखुटा घाट होते हुए दोपाहर 1.20 बजे ग्राम बहेराखार पहुँचकर प्रस्तावित श्री शंकराचार्य महागौसेवालय स्थल का निरीक्षण कर दोपाहर 2.15 बजे ग्राम-बहेराखार से कवर्धा पहुँचकर श्री जानकीरमण प्रभु देवालय में शाम 6 बजे दीपदान करवाकर, चंद्रप्रकाश उपाध्याय के निज निवास शंकर भवन शांतिद्वीप कालोनी कवर्धा में पूर्ण रात्रि दीपावली महापूजन, रात्रि 11.30 से 12.30 तक भगवती काली मंदिर ठाकुर पारा में भगवती कालरात्रि देवी के जन्मोत्सव पर पूजन करेंगे। 05 नवम्बर को दोपाहर 12 बजे श्री यदुनाथ गौशाला कवर्धा में गौ पूजन कार्यक्रम, तुलादान पश्चात 01 बजे दोपाहर में कवर्धा से रायपुर हेतु प्रस्थान करेंगे।

# बीजा आंगनबाड़ी केंद्र 1 में 06 साल से बिना सहायिका का हो रहा है संचालन

**महिला एंव बाल विकास विभाग बेखबर**

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com




साजा जनपद पंचायत क्षेत्र एवं साजा परियोजना के अंतर्गत बीजा में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में 6 वर्ष से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका की नियुक्ति नही होने से कार्यकर्ता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही बच्चों की देखभाल एवं उनके भोजन को लेकर कई प्रकार की समस्या कार्यकर्ता को हो रही है। लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अभी तक आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका की नियुक्ति नहीं कर पाई है।

बता दे कि पूरा मामला साजा परियोजना के अंतर्गत बीजा सेक्टर के ही बीजा आंगनबाड़ी केंद्र01 का है पिछले 06 साल से भी ज्यादा हो गया है इस केंद्र में सहायिका नही है महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नई सहायिका की भर्ती नहीं की गई है आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका के नहीं होने से कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारियों के साथ-साथ सहायिका की भी जिम्मेदारी निभानी पड़ रही है जिसके कारण कई प्रकार की समस्या होने लगी है। सबसे बड़ी समस्या बच्चों की देखभाल एवं उन्हें दी जाने वाली भोजन को तैयार कर देने की है बच्चों को पालकों को लाना पड़ा रहा है।

बिना सहायिका के संचालित हो रही इस आंगनबाड़ी केंद्र में संबंधित विभाग द्वारा लगभग 6 साल बीत जाने के बाद भी नई सहायिका की भर्ती नही की जा सकी यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या का निराकरण कब तक कर पायेगी या फिर पूर्व की तरह कार्यकर्ता को ही सब काम करना पड़ेगा यह देखने वाली बात होगी, बेमेतरा जिले में बहुत से परियोजना में भर्ती के लिए विज्ञापन निकाला.गया है लेकिन साजा परियोजना के बीजा का नही निकाला जा रहा है बीजा.में बहुत से ऐसे है जो सहायिका का काम कर सकते हैं और विज्ञापन निकलता है तो आवेदन भर सकते है। इस संबंध में साजा परियोजना अधिकारी से संपर्क करना चाहे तो उनका नंबर बंद बताया गया।

**कई बार उच्च कार्यालाय को जानकारी दे दिया गया है**

मेरे द्वारा कई बार परियोजना एवं जिला कार्यालय में बीजा आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका पद रिक्त है जिसकी जानकारी दे दी हुं।

**लक्ष्मी सोनकर,** सुपरवाइजर बीजा सेक्टर

# सर्व आदिवासी समाज जिला कबीरधाम के पदाधिकारी ने ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम बोड़ला सर्व आदिवासी सेवा समिति जिला कबीरधाम के पदाधिकारी ने मीत बदलेगी दुनिया की रीत जी टी.वी सीरियल 2021में गोड़ जनजाती आदिवासी के प्रति सार्वजनिक रूप से घृणा भाव प्रस्तुत किये जाने पर एफ.आई.आर. दर्ज कर कार्यवाही करने की माँग की है, पदाधिकारी ने अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, आनुसूचित जनजाती आयोग भारत सरकार राज्यपाल छ.ग, आनुसूचित जनजाति छ.ग के नाम ज्ञापन सौंप कर संबंधित टी.वी सीरियल पर कार्यवाही करने की माँग किया है।

आदिवासी के प्रति घृणा प्रस्तुत करना गलत है जलेश ध्रुवे मीडिया प्रभारी ने माँग करते आगे कहा है शासन ,प्रशासन को इस मामले में बहुत जल्द कार्यवाही संबंध सीरियल टीवी पर करना चाहिएँ, हम आदिवासी भारतीय संविधान का पालन करते देश में सबका सम्मान करते है कानून अनुसार ,लेकिंन भारत देश में सबसे ज्यादा आदिवासी लोगों के ऊपर ही कई प्रकार के मामले आ रहे है, जो बहुत निंदनीय है। ज्ञापन सौंपने के दौरान रूपसिंह सोमनाथ ध्रुवे, तूलस पंद्राम, उत्तमसिंह मेरावी, मुंशीराम ध्रुवे, सुरेन्द मेरावी, मुकेश मरकाम, संतोष श्याम सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग शामिल रहे।

# कवर्धा की घटना का संत समाज पुरजोर विरोध करेगा



**थानखम्हरिया।** कवर्धा में घटित हिंदू अस्मिता की पहचान भगवा झण्डे के अपमान को संत समाज नहीं सहेगा। घटना का पुरजोर विरोध किया जायेगा। इस घटना से संत समाज व्यथित तथा आक्रोशित है। पाटेश्वरधाम के संत रामबालकदास महाराज ने नगर में पाटेश्वरधाम सेवा संस्थान के सदस्यों तथा श्रद्धालुओं से चर्चा करते हुये कहा कि अब हिंदुओं को जागृत तथा संगठित होना आवश्यक है। विधर्मी तत्व हिंदुओं में फूट डालने, धर्मांतरण करवाने तथा अन्य तरीके से सनातन को नुकसान पहुॅचाने चौतरफा हमला कर रहे हैं जिसका सामना करने हम सबको संगठित होना होगा। बाबाजी ने सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इस अवसर पर ओमप्रकाश जोशी, अनिल सिंघानिया, पुरूषोत्तम अग्रवाल, बृजमोहन साहू, विश्वनाथ साहू, अरूण अग्रवाल, योगेश सिंघानिया, राजेश सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, आशीष बंसल, योगराज साहू, ध्रुव साहू, शिवेन्द्र बिंदल, सुरेश सिंघानिया, टिकेश वैष्णव, मनोज अग्रवाल, काशी अग्रवाल, मनोज शर्मा, जितेन्द्र साहू आदि ने महाराज जी से मुलाकात की।

# स्कूली विद्यार्थियों ने कबाड़ का जुगाड कर वैज्ञानिक उपकरण बनाए, विधायक छाबड़ा ने किया अवलोकन

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत बेरला में स्कूल शिक्षा विभाग वि.ख.बेरला के द्वारा विकासखण्ड स्तरीय कबाड़ से जुगाड टी. एल. एम प्रतियोगिता व सांस्कृतिक मंच लोकार्पण समारोह में मुख्यआतिथ्य मान.आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल छात्र/छात्राओ द्वारा कबाड़ से जुगाड के तहत बनाएं गए प्रदर्शनी का किया अवलोकन, इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रत्येक बच्चों में कहीं ना कहीं प्रतिभा छुपी होती हुई है। ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से उनकी प्रतिभा निखरकर सामने आती है बच्चों को ऐसा प्रयास करना चाहिए कि कोई भी चीज फालतू न हो, हर छोटी छोटी वस्तुओं को जुगाड़ कर कुछ न कुछ काम योग्य सामान बनाना चाहिए। कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को बहुत कुछ सीखने समझने व जानने का अवसर प्राप्त होता है, विज्ञान बच्चों के लिए खिलौना है, बड़ों के लिए समझदारी तो नहीं समझने वालों के लिए एक पहेली (जादू) है।

हमारे आसपास रोज वैज्ञानिक गतिविधियां होती रहती हैं। इस ओर लोगों का बिल्कुल ध्यान नहीं जाता है। इतना ही नहीं, अज्ञानता के कारण हम घरों से कबाड़ बाहर फेंक देते हैं। जबकि, कबाड़ से जुगाड़ कर घर में बेकार पड़ीं वस्तुओं से हम स्टार, मॉडल समेत कई कलाकृतियां बना सकते हैं वस्तुओं से बच्चों में वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए कबाड़ से जुगाड़ कार्यशाला बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता, विकासखंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ कार्यक्रम के अंतर्गत 4 जोन से 32 छात्र छात्राओं सम्मिलित रूप से भागीदार रहे जिसमें बच्चों ने कबाड़ से जुगाड़ के माध्यम से तरह-तरह की गतिविधियों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया इस मंच के माध्यम से बच्चों एक नया प्लेटफार्म एवं एक नया विज्ञान के प्रति जिज्ञासा को फलीभूत किया जिसमें बच्चों ने तरह-तरह की गतिविधियों के माध्यम से अपनी क्रिया विधि को संपन्न किया जिसमें बच्चों ने ट्रैफिक सिग्नल, बाड़ सूचक यंत्र, ट्यूबवेल, बोरवेल्स ,बंदर भगाने के यंत्र, ड्रिप सिस्टम ,आदि तरह तरह की गतिविधियों को लेकर बच्चे उक्त स्थल पर पहुंचे निश्चित ही आप विकासखंड स्तरीय कार्य योजना आगे चलकर हमारे बच्चों को एक नया आयाम देने के लिए आदरणीय रहेगा साथ ही साथ इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में सांस्कृतिक मंच का भी लोकार्पण किया गया।

# अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत 18 दम्पत्तियों को 45 लाख स्वीकृत

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के आदिम जाति तथा अनुसुचित जाति विकास विभाग द्वारा अस्पृश्यता निवारण हेतु अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। योजना नियम 1978 के तहत विवाह करने वाले दम्पत्ति को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 मे बेमेतरा जिले के 18 दम्पत्ति को संयुक्त रूप से ढ़ाई-ढ़ाई लाख रूपए के मान से 45 लाख रु. स्वीकृत किये गये है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बेमेतरा ने बताया कि 18 दम्पत्ति क्रमशः- 1. सुमित संतवानी सिंधी कॉलोनी बेमेतरा एवं उत्तरा डेहरे, 2. संजू मनहरी ग्राम-सोनपुरी एवं ललिता साहू, 3. हरिशंकर दिवाकर किरीतपुर तह.-बेरला एवं रितु यदू, 4. धनपत चतुर्वेदी नवागांव तह.-बेमेतरा एवं दूरपति साहू, 5. मोरध्वज पात्रे सिंघौरी तह. बेमेतरा एवं पूनम साहू, 6. अजय वर्मा ग्राम तेंदुआ तह.नवागढ़ बेमेतरा एवं रीतीमा सतनामी, 7. सुनील कुमार बन्जारे रनबोढ़ नवागढ़ एवं रीना कुमारी साहू, 8.योगेश घृतलहरे नवागांव तह.नवागढ़ एवं जानकी चक्रधारी, 9. राहुल टण्डन बोरिया तह.बेरला एवं लुकेश्वरी सिन्हा, 10. सतीष कुर्रे करेली तह. बेरला एवं चांदनी पाटिल, 11. मनोज कुमार सतनामी सोमईकला तह. साजा एवं कल्याणी पाल, 12. भुनेश्वर कुमार भारती बोरिया बेमेतरा एवं वर्षा ठाकुर, 13. रोहित कुमार पात्रे खैरी तह.बेमेतरा एवं लक्ष्मी चौहान, 14.हिम प्रकाश टण्डन घठोली तह.बेमेतरा एवं गौरी साहू, 15.सतीश सोनवानी लालपुर तह. नवागढ़ एवं लक्ष्मी निषाद, 16.सुखनंदन पटेल बेमेतरा एवं अन्नु कुर्रे, 17. सुरज डेहरे बोरिया बेमेतरा एवं श्यामलता साहू, 18. अनुज आडिल छितापार बेमेतरा एवं फुलेश्वरी यादव इन सभी दम्पत्तियों को अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत ढ़ाई-ढ़ाई लाख रूपए के मान से कुल 45 लाख रु. स्वीकृत किया गया है। ज्ञातव्य हो कि समाज में जाति, पाति, ऊंच-नीच के आधार पर अनुसूचित जाति के लोगों के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार को समाप्त करने के उद्देश्य से नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम-1955 में अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का प्रावधान किया गया है।

कानून द्वारा विवाह हेतु निर्धारित न्यूनतम आयु प्राप्त अनुसूचित जाति के लड़के अथवा लड़की द्वारा सामान्य वर्ग (संवर्ण) के लड़की अथवा लड़के से विवाह करने पर हितग्राही की पात्रता होगी। योजना के तहत संवर्ण लड़के अथवा लड़की के द्वारा अनुसूचित जाति की लड़की अथवा लड़के से अंतर्जातीय विवाह के साहसिक कार्य हेतु वर्तमान में प्रति जोड़ा ढ़ाई लाख रूपए एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाने का प्रावधान है। ज्ञात हो कि प्रदेश के आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन संचालित की जा रही है। जिसके अंतर्गत कानून द्वारा विवाह हेतु निर्धारित न्युनतम आयु प्राप्त अनुसूचित जाति के लड़के अथवा लड़की द्वारा सामान्य वर्ग (सवर्ण) के लड़की अथवा लड़के से विवाह करने पर इस योजना का लाभ दिया जाता है।

# सेवा निवृत्त राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की बैठक आयोजित



**बेमेतरा।** दुर्ग में सेवा निवृत्त राज्य प्रशासनिक सेवा संघ जिला इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दुर्ग जिले के राज्य प्रशासनिक सेवा संघ के सभी सदस्यों को जिला इकाई से जोड़ने, अन्य विभागीय कर्मचारियों के संघो से समंवय करने, तथा सेवा निवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को महंगाई भत्ते की बकाया किस्त आगामी दीवाली पर्व के पूर्व स्वीकृत करने की मांग रखी गयी। बैठक में एस पी दीक्षित केके अग्रवाल, एम आर भारद्वाज, सिद्दार्थ दास, डीएल वर्मा, संजय दीवान, जीआर मोरे, बीएल गजपाल सहित क्यूए खान, एस एन मोटवानी, एम एल जंघेल, एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकारणी का गठन कर एसपी दीक्षित को अध्यक्ष चुना गया।

# जिले में अब तक 5 लाख 11 हजार 759 लोगों का किया गया टीकाकरण

**बेमेतरा।** बेमेतरा जिले मे 26 अक्टूबर 2021 तक 5 लाख 11 हजार 759 लोगों को प्रथम एवं द्वितीय खुराक कोविड टीकाकरण किया गया है। हेल्थ केयर वर्कर (एचसीडब्ल्यू) और फ्रंट लाईन वर्कर (एफएलडब्ल्यू) को प्रथम डोज 8470 व दूसरा डोज 7301 लगाया जा चुका है। जिले के प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रदीप घोष ने बताया कि 45 वर्ष आयु समुह से उपर के लोगों को प्रथम डोज 154309 एवं दूसरा डोज 71885 लोगो को लगाया जा चुका है। जिले मे 01 मई से प्रारंभ 18 वर्ष से उपर आयु समुह के 219365 युवाओं को प्रथम डोज एवं 50429 युवाओं को दूसरा डोज 26 अक्टूबर 2021 तक लगाया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. घोष ने लोगों से अपील किये हैं कि भीड़-भाड़ वाले स्थानों में न जायें, दो गज की दूरी मास्क है जरुरी नियम का पालन करें। समय-समय पर साबून से हाथ धोते रहें, सनेटाईसर का उपयोग करें, ताकि कोरोना का संक्रमण एवं फैलाव को रोका जा सके।

## ''मेरा गांव, मेरा धरोहर'' कार्यक्रम 29 को पीजी कॉलेज में

**बेमेतरा।** आजादी की 75वीं वर्षगांठ अमृत महोत्सव के अवसर पर जिले मे विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम मे 29 अक्टूबर 2021 को बेमेतरा के शासकीय पंडित जवाहर लाल नेहरु कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे ''मेरा गांव, मेरा धरोहर'' के थीम पर शिक्षा स्वास्थ्य तकनीकि, विज्ञान, खेल, साहित्य एवं कला क्षेत्र मे देश/राज्य/क्षेत्रीय उपलब्धियों पर स्कूल/कॉलेज मे चित्रकला आदि प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# आईटीआई नवागढ़ में 2 साल से परीक्षा परिणाम ही नहीं, एबीवीपी का धरना प्रदर्शन जारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



जब जब छात्रों के ऊपर अन्याय व अत्याचार की बात आती है चाहे वह छात्र हित, सामाजिक हित या राष्ट्र हित की बात हो तब तक लगातार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सक्रिय रूप संगठनात्मक रचनात्मक व समय-समय पर आंदोलन आत्मक रूप से अपनी बात रखते आई है इसी बीच शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र नवागढ़ जो कि क्षेत्र का एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है जिसके अंतर्गत कोपा ब्रांच में सत्र 2019-20 में पढने वाले 46 विद्यार्थियों का 3 बार हॉल टिकट जारी हो जाने के पश्चात परीक्षा स्थगित हो जाती थी साथ में केवल 1 विद्यार्थी का पेपर हुआ एवं बाकी विद्यार्थियों में से 19 विद्यार्थियों को बिना पेपर के ही अनुत्तीर्ण घोषित कर दिया गया एवं 26 विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम अभी तक घोषित नही हुआ है । ज्ञात हो अभाविप इस समस्या के समाधान हेतु पूर्व में भी प्राचार्य व एसडीएम को भी विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा था परंतु कोई भी सकारात्मक आश्वसन नहीं मिले 2 वर्षो से परीक्षा परिणाम प्राप्त नही होने के कारण एवं बिना परीक्षा के ही विद्यार्थियों को अनुत्तीर्ण कर देना विद्यार्थियों के जीवन के साथ खिलवाड़ है उक्त समस्त विषयो को ध्यान में रखते हुए एबीवीपी नवागढ़ ने आईटीआई के विद्यार्थियों के लिए जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम मांग किये जिसमे अभाविप दुर्ग विभाग के विभाग संयोजक मनोज वैष्णव ने कहा कि समस्त प्रभावित विद्यार्थियों का तुरंत परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जल्द से जल्द घोषित करें। अभाविप जिला बेमेतरा के संयोजक दुर्गेश वर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के साथ इस प्रकार से अन्याय के कारण विद्यार्थी आने वाले समय में रोजगार के अवसर से अछूते रहेंगे जो अनुचित है नवागढ़ के1 नगर मंत्री प्रशांत रजक जी ने बताया कि बिना परीक्षा लिए विद्यार्थियों का परिणाम घोषित करना ITI के साथ पूरे शैक्षणिक विभाग की अव्यवस्था को दर्शाती है, सभी विषयों को लेकर के आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई नवागढ़ के कार्यकर्ताओं ने आईटीआई के विद्यार्थियों के साथ मिलकर तहसील ऑफिस के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर मांग कर रहे है कि विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम जल्द से जल्द घोषित हो! व विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में ना हो!

जिसमे प्रमुख रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुर्ग विभाग संयोजक मनोज वैष्णव, जिला संयोजक दुर्गेश वर्मा, नगर मंत्री प्रशांत रजक, झामसिंग, हेमचंद साहू, योगेश साहू, टेकचंद बंजारे, चमन रजक, कोठारी,पुण्यांश साहू, युवराज साहू, भागीरथी साहू, कुलदीप साहू, अजय साहू, त्रिलोकी पाठक,रविकुमार यादव, पिंटू साहू, दुर्गा साहू बबिता ध्रुव,प्रवीण वर्मा, तिजराम साहु एवं आईटीआई के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कुंभकारों, स्व सहायता समूहों, छोटे कारीगरों को कलेक्टर ने दी बड़ी राहत

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कबीरधाम जिले के मिट्टी के अजीविका से जुड़े कुंभकारों, स्व सहायता समूहों, छोटे कारीगरों से किसी भी कर या टैक्स नहीं वसूलने के निर्देश दिए है। कुंभकारों, स्व सहायता समूहों, छोटे कारीगरों को दीपावली एवं अन्य पर्व पर मिट्टी के बर्तन, दीये और अन्य साज सज्जा के सामग्री बनाते है, ऐसे सभी लोगों को राहत देने के लिए जिले के नगर पालिका एवं सीएमओं के साथ-साथ सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व), सभी तहसीलदारों, सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं जिले के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि दीपावली पर्व पर जिले में कुम्हारों और ग्रामीणों द्वारा मिट्टी के दिये बनाये जाते है तथा इन्हें बाजारों में विक्रय हेतु लाया जाता है। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने कबीरधाम जिले के नगर पालिका एवं सीएमओं के साथ-साथ सभी अनुविभागीय अधिकारियों (राजस्व), सभी तहसीलदारों, सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं जिले के सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि मिट्टी के दिये विक्रय किये जाने हेतु आने वाले इन ग्रामीणों और कुम्हारों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूर्ण रूप से ध्यान रखा जाये। कलेक्टर ने नगर पालिका, नगर पंचायत क्षेत्र तथा ग्रामीण अंचलों में इनसे किसी भी प्रकार की कर वसूली नहीं करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने नागरिकों से भी अपील है कि मिट्टी के दिये के उपयोग को प्रोत्साहित करें। अपने-अपने नगरपालिका व नगर पंचायत क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मिट्टी के दीयों के विक्रय के लिए स्थान चिन्हांकित करेंगे, ताकि उक्त स्थान पर ग्रामीण जन बैठकर सुविधापूर्ण तरीके से मिट्टी के दीयों का विक्रय कर सकें। वहीं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा तैयार किये गए मिट्टी के दीयों का उपयोग करने के लिए लोगां को प्रोत्साहित करेंगे, ताकि पर्यावरण सुरक्षित रहने के साथ-साथ ग्रामीणों के आय में वृद्धि हो सके।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में सरिया के प्राचार्य की हुई मौत

रायगढ़। सरिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरिया में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ व्याख्याता बी आर पटेल का मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वे 56 वर्ष के थे तथा अनुशासन प्रिय होने के कारण वे सरिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक अलग पहचान से जाने जाते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम 4 बजे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से छुट्टी होने के बाद वे अपने घर बरमकेला कंचनपुर जा रहे थे। इसी बीच श्रद्धा इलेक्ट्रॉनिक बरमकेला बंसल हार्डवेयर के सामने ही तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से उनका निधन हो गया। नगर पंचायत सरिया के अध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार, शाला विकास समिति के अध्यक्ष कलाकान्हू शराप, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल सरिया के प्रभारी प्राचार्य शशि स्वर्णकार, वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सोनी सहित गणमान्य नागरिकों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी है।

### नि :शुल्क मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 29 को

मुंगेली। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले के विकासखण्ड पथरिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 29 अक्टूबर को निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में निम्हांस बैगलुरू से प्रशिक्षण प्राप्त चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय ओबेराय एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के मानव संसाधनों के द्वारा मानसिक रोग जैसे-डिप्रेसन, आत्महत्या का विचार आना, नींद की कमी, बेचैनी, घबराहट, चिडचिडापन, तनाव आदि लक्षण वाले व्यक्तियों का काउंसिलिग एवं उपचार कर आवश्यकतानुसार दवा दिया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने आयोजित निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक लोगों को उपस्थित होकर लाभ उठावे एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने की अपील की है।

# खेलों से भाईचारा और अनुशासन की मिलती है सीख : विधायक मोहले

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




जिला मुख्यालय स्थित षहीद धनंजय सिंह राजपूत स्टेडियम (बी.आर साव षासकीय बहु उच्च माध्यमिक षाला) के प्रागण में आज 21वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का षुभारंभ हुआ। मुंगेली विधान सभा क्षेत्र के विधायक पुन्नू लाल मोहले ने मुख्य अतिथि की आसंदी से पूर्ण गरिमा के साथ 21वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का ध्वज फहराकर राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का षुभारंभ किया। तत्पश्चात् उन्होने खेल के उद्घाटन की विधिवत घोषणा की। जिला मुख्यालय मुंगेली में 29 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में बस्तर जोन के जगदलपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव, बिलासपुर जोन के बिलासपुर, मुंगेली, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, गौरेला-पेंडा-मरवाही, दुर्ग जिले के दुर्ग, बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम, बेमेतरा, रायपुर जोन के रायपुर, महासमुद्र, बलौदाबाजार, गरियाबंद, धमतरी और सरगुजा जोन के अम्बिकापुर, बलरामपुर, कोरिया, सुरजपुर एवं जषपुर जिले के 770 खिलाडी भाग ले रहे है। खिलाड़ियों ने विभिन्न परिधानो में सजधज कर आकर्षक मार्च पास्ट करते हुए राज्य स्तरीय षालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के ध्वज को सलामी दी। तत्पष्चात् षासकीय कन्या शाला मुंगेली और चातरखार आवासीय विद्यालय के बालिकाओं ने रंगा-रंग और सुमधुर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुत दी गई। 21वीं राज्य स्तरीय षालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि श्री मोहले ने क्रीड़ा प्रतियोगिता के षुभारंभ अवसर को संबोधित करते हुए कहा कि बिलासपुर जोन में मुंगेली जिले को राज्य स्तरीय षालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का मेजबानी करने का गौरव प्राप्त हुआ है। जो मुंगेली जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होने कहा कि खेलो से भाई चारा और अनुषासन की सीख मिलती है। इसके साथ ही खेल से साहस बढ़ती है और षक्ति मिलती है। उन्होने कहा कि जीवन में खेल का बहुत महत्व है। बहुत से लोग खेल को कैरियर के रूप में देखते है। इस हेतु उन्होने खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्षन कर अपने जिला, राज्य और देष का नाम रोषन करें। जिला पंचायत की अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने भी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता को संबोधित किया। उन्होने कहा कि राज्य षासन द्वारा खेल को बढ़ावा देने के लिए अनेक कार्य किये जा रहे है। यह खुशी की बात है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुंगेली जिले को राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का मेजबानी करने का मौका दिया है। इसके लिए उन्होने मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर अजीत वसंत ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए कहा कि खेल व्यक्तिव के विकास का अवसर प्रदान करता है। उन्होने कहा कि प्रदेष के विभिन्न हिस्सो के बच्चे खेल में भाग ले रहे है। यह मंच जो उन्हे मिला है। उनका पूरा लाभ उठाये और अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ का नाम रोषन करें। जिला पंचायत के उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी ने राज्य स्तरीय षालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के मैदान में बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है। उन्होने खेल के क्षेत्र में नीरज चौपडा का उदाहरण दिया। उन्होने कहा कि नीरज चौपडा ने एथलीट प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर देश को गौरान्वित किया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाशण जिला षिक्षा अधिकारी सतीश पांडेय ने दिया। तंदुपरांत खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ खेलने की षपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधीक्षक डी.आर आंचला, जिला पंचायत के सदस्य श्रीमति रजनी मानिक सोनवानी, लैला ढ़िढ़े, प्रतिष्ठित नागरिक आत्मा सिंह क्षत्रिय, नगर पालिका परिशद के मुंगेली के पार्षदगण मुंगेली अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित कुमार, उल्लेखनीय है कि 21 वीं राज्य स्तरीय षालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता - षतरंज प्रतियोगिता में 14, 17, 19 वर्ष के बालक-बालिका, कैरम प्रतियोगिता में 17, 19 वर्ष की बालक-बालिकाएं, गतका प्रतियोगिता में 19 वर्ष की बालक-बालिकाएं, सिलम्बम प्रतियोगिता में 14, 17, 19 वर्ष की बालक-बालिकाएं तथा आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में 19 वर्ष की बालक-बालिकाएं भाग ले रहे है।

# ट्रांसफार्मर चोरी करने वाला गैंग पकड़ाया

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



24 अक्टूबर की प्रातः लगभग 04 बजे डॉयल 112 धरमजयगढ़ राइनो को सब स्टेशन धरमजयगढ के पास दो लड़को को ट्रांसफार्मर की चोरी करते समय बिजली आफिस में काम करने वाले स्टाफ द्वारा पकड़ने कर रखने की सूचना दिया गया। डॉयल 112 की धर्मजयगढ़ की वाहन इंवेट पर मौके पर पहुंचकर दोनों लडकों को पकड़कर थाने लायी। घटना के संबंध में थाना धरमजयगढ़ में नरेश कुमार ध्रुव कनिष्ठ यंत्री छ.रा.वि.वि. कंपनी मर्यादित वितरण केन्द्र धरमजयगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

रिपोर्टकर्ता ने बताया कि रात्रि के समय सब स्टेशन में रखे ट्रांसफार्मर का क्वाइल निकालने की घटनाएं हो रही थी। 23-24 अक्टूबर की रात सब स्टेशन के पास रखे 10 केवी.ए. के 04 नग ट्रांसफार्मर की चोरी होने पर आपरेटर व अन्य स्टाफ आसपास ट्रांसफार्मर खोजने गये। सब स्टेशन से कुछ दूरी पर खरसिया मुख्य मार्ग के किनारे एक लड़का (विधि के साथ संघर्षरत बालक) दो ट्रांसफार्मर के साथ छेड़खानी कर रहा था जिसे आपरेटर्स व स्टाफ दौड़ाकर पकड़े। रोड किनारे खड़ी स्प्लेंडर प्लस को आरोपित अपना बताया, जिसे लेकर सब स्टेशन आये, जहां उसका साथी सोनू ध्रुव बाउंडरी के पास पैसन प्रो के साथ पकड़ा गया। आरोपी सोनू ध्रुव पिता सिताराम ध्रुव (20)निवासी सीतामणी थाना कोतवाली जिला कोरबा एवं विधि के साथ संघर्षरत बालक बताए कि बाइक पर कोरबा से रात में आते हैं, सुनसान पर लगे ट्रांसफार्मर निकाल कर तांबा क्वाइल की चोरी करते हैं। दोनों से चोरी की हुई 10 केवी.ए. के 04 नग ट्रांसफार्मर (खुले हुए) कीमती 1,20,000 रूपये, दो मोटर सायकल की जप्ती की गई है। घटना के संबंध में आरोपियों को सक्षम न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है।

# ओडिशा से गांजे की तस्करी बैरियर में गाड़ी छोड़ भागे तस्कर

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव में विजयादशमी के दिन गांजे से भरी कार के चालक के द्वारा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए लोगों को कुचलने की ह्रदयविदारक बड़ी घटना के बाद भी ओडिशा से अवैध गांजे की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है। यही नहीं रायगढ़ का सीमावर्ती सरिया बरमकेला क्षेत्र भी गांजा तस्करों के लिए आवागमन का जरिया बन चुका है। ऐसे ही एक मामले में डोंगरीपाली थाना क्षेत्र के बिरनीपाली बेरियर के पास गांजा तस्कर बेरियर देखकर गांजे से लदा वाहन छोड़कर फरार हो गए। घंटो सर्चिंग के बाद भी उनका पता नही लग सका। ओडिशा से पूरे देश में छत्तीसगढ़ के विभिन्न रास्तों से गांजे की तस्करी बदस्तूर जारी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा पुलिस अफसरों की बैठक लेकर सख्त निर्देश देने के बाद पूरे प्रदेश की पुलिस ताबड़तोड़ कार्रवाई भी कर रही है। वहीं रायगढ़ जिले में भी एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देश पर लगातार कार्रवाई हो रही है। इसी क्रम में मंगलवार की सुबह जिले के डोंगरीपाली थानातंर्गत बिरनीपाली बैरियर के पास तस्कर लाखों रुपए का गांजा व पिकअप वाहन छोड़ भागे। इसके बाद सारंगढ़ एसडीओपी प्रभात पटेल के नेतृत्व में पुलिस व जवानों ने जंगलों में तस्करों को पकडने के लिए घंटों सर्चिंग की। ओडिशा सीमा से लगे डोंगरीपाली थाना क्षेत्र के बिरनीपाली में आबकारी विभाग का बैरियर लगा हुआ है। यहां पड़ोसी राज्यों से आने व जाने वालों वाहनों की सघन तलाशी ली जाती है। बैरियर में डोंगरीपाली पुलिस व आबकारी विभाग के एक गार्ड की ड्यूटी लगाई गई है। मंगलवार की सुबह एक बिना नंबर की पिकअप वाहन ओडिशा की तरफ से पहुंची। जहां बैरियर में तैनात आबकारी विभाग के गार्ड ने वाहन को रोक पूछताछ की तो चालक व खलासी ने गाड़ी में मूंगफली लोड होने की बात कही। दोनों का हाव भाव संदिग्ध लगने वाली पर गार्ड ने तलाशी ली तो तीन मूंगफली बोरियों के बीच तीन बोरी गांजा बरामद हुआ।

# कलेक्टर ने किया अधिक से अधिक लोगों से आवेदन पत्र जमा करने का आग्रह

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूरों और पौनी पसारी व्यवस्था से जुड़े लोगों की चिंता की और उन्हे आर्थिक मदद देने के लिए राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना प्रारंभ की है। इस योजना के तहत भूमिहीन मजदूरों और पौनी पसारी व्यवस्था से जुड़े पंजीकृत परिवारो को प्रतिवर्ष 06 हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस संबंध में पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित शिविर में भूमिहीन कृषि मजदूरों और पौनी पसारी व्यवस्था से जुड़े लोगों ने अब तक 10 हजार 806 आवेदन पत्र जमा किये है। इनमें विकास खण्ड मुंगेली के 03 हजार 999, विकास खण्ड लोरमी के 04 हजार 492 और विकास खण्ड पथरिया के 02 हजार 322 आवेदन पत्र शामिल है। कलेक्टर अजीत वसंत ने राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत पंजीयन हेतु आयोजित शिविर में भूमिहीन मजदूरों और पौनी पसारी व्यवस्था से जुड़े अधिक से अधिक परिवारो को आवेदन पत्र जमा करने का आग्रह किया है। उन्होने बताया कि पंजीयन का कार्य आगामी 30 नवम्बर तक किया जाएगा। उन्होने हितग्राही परिवार को आवष्यक दस्तावेज यथा आधार नंबर, बैक पासबुक के छायाप्रति के साथ आवेदन सचिव, ग्राम पंचायत के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन में यथासंभव मोबाईल नंबर का भी उल्लेख किया जाएं। हितग्राही परिवार आवेदन की पावती ग्राम पंचायत के सचिव से प्राप्त कर सकते है। उन्होने बताया कि यदि किसी हितग्राही परिवार के पास आधार नंबर नहीं है तब मैदानी अमलों के द्वारा ऐसे हितग्राही परिवारों को भारतीय विषिष्ट पहचान प्राधिकरण यूआईडीएआई में पंजीयन हेतु प्रोत्साहित किया जाए।

# ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार मौत, एक अन्य घायल

- घरघोड़ा थाना क्षेत्र के पावर ग्रीड के पास हुई दुर्घटना

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले की जर्जर सड़के और बेलगाम रफ्तार से भागती रेलगाड़ीनुमा कोयला ट्रेलर आए दिन जिले की सडकों पर किसी न किसी माशुम की बलि लेती आ रही है, इसका सबसे बड़ा कारण जर्जर सड़कों पर दौड़ाने वाली इन वाहनों से उड़ानेवाली धुल की गुबार है। इसी कड़ी में मंगलवार को फिर एक बार सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों में से एक युवक की जान चली गई, बाइक में सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया है जिसे उपचार हेतु घरघोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले के घरघोड़ा थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर 1:30 से 2 के बीच मुख्य मार्ग पावर ग्रिड के पास ट्रेलर चालक के द्वारा तेज एवं लापवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाईक सवार को देवलाल मांझी व रामकुमार मांझी को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में जहां देवलाल की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं उसका साथ गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर आगे की जांच में जुट गई है।

# 12वीं बोर्ड परीक्षा में टॉपटेन में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र टिकेश को द्वितीय किश्त के रूप में 5 लाख का चेक दिया

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेष बघेल ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेष्वर साहू की अनुषंसा पर माध्यमिक षिक्षा मंडल द्वारा वर्ष 2019-20 में आयोजित 12वीं बोर्ड परीक्षा में टॉपटेन में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्र टिकेष वैष्णव को उच्च षिक्षा के लिए 20 लाख रूपये की स्वीकृत की है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष श्री साहू और कलेक्टर अजीत वसंत ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय में टिकेष वैष्णव को द्वितीय किष्त के रूप में उनके पिता षिवकुमार वैष्णव को 5 लाख रूपये का चेक प्रदान किया। इस दौरान अध्यक्ष श्री साहू ने टिकेष वैष्णव के पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुंगेली अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित कुमार, तहसीलदार मायानंद चंद्रा, जिला कलेक्टोरेट के अधीक्षक अषोक सोनी और नागेष उपाध्याय उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि टिकेष वैष्णव को 2020 में प्रथम किष्त के रूप में 05 लाख रूपये की राषि प्रदान की गई है।

# जिले में आज 5 हजार से ज्यादा लोगों को लगा टीका

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कोविड-19 सुरक्षा कवच के लिए कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर टीकाकरण का कार्य तीव्रगति से किया जा रहा है। टीकाकरण का कार्य निर्धारित टीकाकरण केंद्र में किया जा रहा है। जहॉ बड़ी संख्या में 18 वर्ष और 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की महिलाएं, पुरूष, युवा तथा बुजुर्ग स्वप्रेरणा से कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए निःशुल्क टीका लगवा रहे है। इसी कड़ी में आज 26 अक्टूबर को शाम 06.30 बजे तक 05 हजार 245 लोगों ने टीका लगवाया। इनमें मुंगेली राजस्व अनुभाग के 01 हजार 458, पथरिया राजस्व अनुभाग के 02 हजार 45 और लोरमी राजस्व अनुभाग के 1 हजार 742 लोग शामिल है। इसे मिलाकर जिले में अब तक 3 लाख 72 हजार 824 लोगों ने कोविड-19 का टीका लगवा कर टीकाकरण के प्रति भरोसा जताया।

# कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन तहसील कार्यालय मुंगेली एवं लालपुर का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जिले में संचालित विकास और निर्माण कार्यो का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में उन्होने आज जिला मुख्यालय के समीप ग्राम गीधा और विकास खण्ड लोरमी के ग्राम लालपुर थाना में निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने निर्माण कार्यो का भी अवलोकन किया। उन्होने कहा कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की समझौता नहीं की जाएगी। उन्होने गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य पाये जाने पर सख्त अनुषासत्मक कार्यवाही करने की बात कहीं। उन्होने निर्माणाधीन तहसील कार्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा करने के निर्देष दिये। इस अवसर पर मुंगेली अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अमित कुमार, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्य पालन अभियंता पी.के. शर्मा, डिप्टी कलेक्टर नवीन भगत भी मौजूद थे।

# कोरोना महामारी ने किया बेसहारा, महतारी दुलार योजना से मिला दोनों बच्चों का सहारा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना महामारी ने बालक सिद्धांत और संस्कृत से उनके पिता को छिनकर उनको बेसहारा कर दिया। ऐसे समय में छत्तीसगढ़ महतारी दुलार योजना इन बच्चों का सहारा बनीं है और उनके सुखद भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया है। अब ये दोनों बच्चे स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे है और उन्हें हर माह 500 रूपये की छात्रवृत्ति भी मिलेगी। बालक सिद्धांत और संस्कृत के पिता स्व. सौरभ तिवारी रायपुर में एक प्राईवेट जॉब करते थे और उनकी माता गृहणी है। कोरोना महामारी के दौर में विगत 14 अप्रैल 2021 को श्री तिवारी की मृत्यु हो गई थी। जिसके बाद तिवारी परिवार के घर की आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई। पहले दोनों बच्चे प्राईवेट अंग्रेजी स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। पिता के मौत के बाद उनकी शिक्षा में बाधा आ गई। बच्चों की माता को इस बात की चिंता हो गई कि अब वह उन्हें अच्छी शिक्षा नहीं दे पाएगी। इसी दौरान मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के पहल पर छत्तीसगढ महतारी दुलार योजना लागू की गई। जिसके तहत कोरोना से मृत छत्तीसगढ़ के निवासियों के बेसहारा बच्चों को निःशुल्क शिक्षा के साथ साथ छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी। बच्चों के नाना श्री नरेश तिवारी ने बताया कि उन्हें इस योजना की जानकारी मिलते ही शिक्षा विभाग में आवेदन किया और इन बच्चों को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल चकरभाठा में कक्षा तीसरी में दाखिला मिल गया। अब ये बच्चें हसते खेलते नये स्कूल ड्रेस पहनकर स्कूल जाने लगे है और उज्जवल भविष्य की ओर कदम बढ़ा चुके है। नरेश तिवारी का कहना है कि महतारी दुलार योजना छत्तीसगढ़ सरकार की अद्भुत योजना है।

# दोस्त पर पेट्रोल डालकर जलाने का प्रयास

- सारंगढ़ थाने में आरोपी पर हत्या के प्रयास का अपराध दर्ज

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

25 अक्टूबर को थाना सारंगढ़ में ग्राम छिंद में रहने वाली हीरा साहू (20) द्वारा उसके बड़े भाई डिलेश्वर साहू के ऊपर गांव के सत्य नारायण साहू पेट्रोल छिंडककर जलाने की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। सारंगढ़ पुलिस आरोपी युवक के विरूद्ध हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि इसका भाई डिलेश्वर साहू (30) और सत्य नारायण साहू दोनों दोस्त हैं। 21 अक्टूबर को डिलेश्वर साहू लगभग 8-9 बजे रात को खाना खाकर घर से बाहर निकला था। उसका दोस्त सत्य नारायण साहू उसके ऊपर पेट्रोल छिड़क कर सिगरेट जलाने के बहाने माचिस जलाकर जान से मारने की कोशिश किया। तब घरवाले दौड़ कर डिलेश्वर साहू को बचाये और घर लाये। उसके बाद डिलेश्वर को सारंगढ़ हास्पिटल में भर्ती कराये, सारंगढ से रायगढ हास्पिटल और फिर रायपुर के डीकेएस हास्पिटल में रिफर किया गया है, जहां ईलाज चल रहा है। घटना के संबंध में आरोपी सत्य नारायण साहू के विरूद्ध धारा 307 का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। सारंगढ़ थाने से जांच अधिकारी द्वारा डीकेएस हॉस्पीटल रायपुर जाकर आहत का कथन लिया गया है।

# सालाना करीब 64 करोड़ खर्च कर बस्तर में वंचित वर्गों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रहा है एनएमडीसी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com





वनवासी बहुल बस्तर संभाग के लोगों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए एनएमडीसी लगातार काम कर रहा है। संभाग के बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर और कोंडागांव जिलें में उत्कृष्ट शिक्षा मुहैया कराने के लिए एनएमडीसी अपने कुल सीएसआर बजट का करीब पैतीस फीसदी हिस्सा राज्य सरकार और जिला प्रशासन के माध्यम से खर्च करता है जो सालाना करीब 64 करोड़ के आसपास है।

**प्रोजेक्ट क्षेत्र में स्कूली शिक्षा के लिए काम**

एनएमडीसी द्वारा दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला प्रोजेक्ट क्षेत्र से घिरे गांव में 40 प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के भवन निर्माण कराए गए है जबकि 21 स्कूलों का रिनोवेशन और 10 स्कूलों में क्षमता विस्तार का कार्य एनएमडीसी द्वारा किया गया है। प्रोजेक्ट क्षेत्र के आसपास के गांव में एनएमडीसी द्वारा 9 आश्रम-छात्रावास का निर्माण किया गया है, जबकि 25 स्कूलों में किचन शेड और शौचालय का निर्माण तथा 41 स्कूलों के बाउंड्रीवांल का निर्माण भी कराया गया है।

**बस्तर संभाग के विभिन्न एजुकेशन सिटी में योगदान**

एजुकेशन सिटी गीदम में नक्सल हिंसा में मारे गए माता-पिता के बच्चों सहित संभाग के अति निर्धन बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए एनएमडीसी ने 24 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से आवासीय आस्था स्कूल की स्थापना की है और उसका संचालन कर रहा है। जबकि बीजापुर जिले में 30 करोड़ की लागत से एजुकेशन सिटी बनाई गई है। इसी तरह सुकमा एजुकेशन सिटी, नारायणपुर एजुकेशन सिटी और बस्तर एजुकेशन सिटी के निर्माण में भी एनएमडीसी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

**स्कूलों के आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में योगदान**

एनएमडीसी ने वर्ष 2014-15 से लेकर 2020-21 तक बस्तर संभाग में 79 स्कूल और हांस्टल का निर्माण कराया है जबकि इस दौरान 788 स्कूलों में पेयजल, शौचालय, अहाता निर्माण, पुस्तकालय निर्माण, अतिरिक्त भवन निर्माण, किचन शेड निर्माण आदि आधारभूत संरचनाओं के विस्तार में मदद की है। एनएमडीसी द्वारा नारायणपुर में करीब एक करोड़ की लागत से रामकृष्ण मिशन स्कूल के विवेकानंद विद्यापीठ का भवन निर्माण कराया गया है जबकि जिले में 390 लाख की लागत से 39 आश्रम-छात्रावासों का निर्माण कराए गए हैं।

बस्तर संभाग के 10 मांडल स्कूल में एक-एक करोड़ की लागत से छात्रावास का निर्माण भी एनएमडीसी के द्वारा कराया गया है। दंतेवाड़ा में पांच करोड़ सत्रह लाख रूपए की लागत से 500 सीटर छात्रावास, जिले के धुरली में 160 लाख की लागत से 100 सीटर छात्रावास, 161 लाख की लागत से शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण और सुकमा में दस करोड़ 35 लाख रूपए की लागत से एक हजार सीटर छात्रावास का निर्माण तथा 6 करोड़ की लागत से बालक-बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निर्माण भी एनएमडीसी के द्वारा कराया गया है। इसके अतिरिक्त सुकमा में 375 लाख की लागत से चार सौ सीटर हांस्टल और 580 लाख की लागत से पोटाकेबिन निर्माण भी एनएमडीसी के द्वारा कराया गया है। एनएमडीसी ने बस्तर और कोंडागांव में भी शिक्षा के लिए जरूरी आधारभूत संरचनाओं का निर्माण किया है। उपरोक्त के अतिरिक्त एनएमडीसी द्वारा बीजापुर जिले में राज्य शासन के साथ मिलकर 106 लाख रूपए की लागत से सोलर हैंडपम्प की स्थापना, नारायणपुर जिले में 127 लाख रूपए की लागत से शौचालय का निर्माण और कोंडागांव के 258 स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था भी की गई है।

**स्कूली शिक्षा में मदद**

वनवासी बहुल बस्तर संभाग में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के लिए एनएमडीसी किरंदुल, बचेली और नगरगार में डीएबी पब्लिक स्कूल का संचालन करता है जिससे हजारों बालक-बालिकाएं लाभान्वित हो रहे है। इतना ही नही एनएमडीसी ने उत्कृष्ट प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए एक तरफतो बस्तर संभाग में विगत सात वर्ष में 79 स्कूल और हांस्टल का निर्माण और 788 स्कूल और हांस्टल के उन्नयन में मदद की है वहीं एनएमडीसी ने 'शिक्षा सहयोग योजना' के माध्यम से वर्ष 2008-09 से लेकर 2020-21 तक 5817 स्कूलों के अति निर्धन एक लाख 56 हजार 423 विद्यार्थियों को 58.51 करोड़ रूपए की स्कांलरशिप दी है ताकि वनवासी क्षेत्र के अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के बच्चे आसानी से शिक्षा ग्रहण कर सके। दंतेवाड़ा के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने के लिए एनएमडीसी द्वारा दंतेवाड़ा ब्लाक के 2.5 करोड़ रूपए की लागत से स्मार्ट क्लास की व्यवस्था कराई गई है। एनएमडीसी दंतेवाड़ा में 300 एकल विद्यालय का भी संचालन करता है ताकि पहुंचविहीन क्षेत्रों में स्थानीय लोगों के बेसिक शिक्षा मुहैया कराई जा सके। एनएमडीसी द्वारा दंतेवाड़ा जिले में दिव्यांग बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए सक्षम स्कूल की स्थापना की गई है और सालाना करीब तीन करोड़ रूपए खर्च कर स्कूल का संचालन किया जा रहा है। सुकमा जिले में भी द्विगांग बच्चों को शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए एनएमडीसी द्वारा 250 लाख की लागत से आकार भवन की स्थापना की गई है और उसका संचालन किया जा रहा है।

> बस्तर के सर्वांगिक विकास के लिए शिक्षा बुनियादी जरूरत है। इसी को ध्यान में रखते हुए एनएमडीसी बस्तर में शिक्षा के विस्तार और विकास के लिए लगातार काम कर रहा है। एनएमडीसी प्रदेश सरकार साथ मिलकर बस्तर संभाग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रहा है। कुछ साल पहले तक दंतेवाड़ा जैसे जिलों से आईआईटी और चिकित्सा शिक्षा के उत्कृष्ट संस्थानों में जाकर शिक्षा ग्रहण करना महज सपना था लेकिन अब बस्तर संभाग के दुरस्थ गांव के बालक-बालिकाएं आईआईटी, मेडिकल और अन्य प्रोफेशनल संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर दुनिया के साथ कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार हो रहें है।'
>
> **सुमित देव,** अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक, एनएमडीसी

# जूनियर इंजीनियर एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिये आवेदन तिथि दो सप्ताह बढ़ी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में जूनियर इंजीनियर (जेई) एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु ऑन लाईन आवेदन की तिथि दो सप्ताह बढ़ा दी गई है। अब अभ्यर्थी 11 नवंबर तक आनलाइन आवेदन जमा कर सकेंगे। पहले इसकी अंतिम तिथि 28 अक्टूबर 2021 तक थी। अब इसमें अनारक्षित वर्ग महिलाओं एवं दिव्यांगजनों की अधिकतम आयुसीमा 45 वर्ष कर दी गई है। वांछित अर्हता प्राप्त इच्छुक अभ्यर्थी पॉवर कंपनी की वेबसाइट www.cspc.co.in पर पर लॉग-इन करके अपना आवेदन आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपलोड कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी के कार्यपालक निदेशक (मा.सं.) मनोज खरे ने बताया कि डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी, जनरेशन कंपनी और ट्रांसमिशन कंपनी में जेई के 307 पदों तथा डाटा एंट्री आपरेटर के 400 पदों पर भर्ती के लिये विज्ञापन जारी किये गए हैं। इनके लिये अभी तक 90 हजार के अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इसमें राज्य शासन के नियमानुसार महिलाओं एवं दिव्यांगजनों को अधिकतम आयुसीमा में 10 वर्ष की छूट देने का भी निर्णय लिया गया है। अब 45 वर्ष तक की अनारक्षित वर्ग की महिलाएं भी दोनों पदों के लिये आवेदन कर सकेंगी। इसमें डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी में जेई के 193 पद, जनरेशन कंपनी में 62 और ट्रांसमिशन कंपनी में 12 पदों के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। तीनों पॉवर कंपनी में सिविल संकाय के 40 पद हैं, जिनके लिए भी आवेदन मंगाए गए हैं। जेई के पात्र अभ्यर्थियों की आनलाइन कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (सीबीटी) (प्रतियोगी परीक्षा) आयोजित की जाएगी, जिसकी मेरिट सूची के आधार पर चयन प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसी तरह डाटा एंट्री ऑपरेटर के लिए ट्रांसमिशन कंपनी में 50 पद और डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी में 350 पदों के लिए आवेदन मंगाए गए हैं।

## लेखिका वर्षा मेहर को मिला प्रभासाक्षी हिन्दी सेवा सम्मान



**रायपुर।** लेखिका व यूट्यूबर वर्षा मेहर को प्रभासाक्षी के 20वें स्थापना दिवस पर प्रतिष्ठित हिन्दी सेवा सम्मान 2021 से सम्मानित किया गया। वे छात्र जीवन से ही लेखन के क्षेत्र में सक्रिय रहीं हैं। उनके यूट्यूब चैनल को दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है। प्रभासाक्षी हिन्दी सेवा सम्मान देश के प्रतिभाशाली साहित्यकार, लेखकों को दिया गया। वर्चुअल माध्यम से 26 अक्टूबर को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। हिंदी सेवा के प्रति समर्पित प्रभासाक्षी के तत्वावधान में देश के 25 लोगों को 'हिंदी सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 'विचार संगम' नामक कायक्रम का ऑनलाइन आयोजन किया गया। इस विचार संगम में देश भर के प्रतिष्ठित विचारक व चिंतन शामिल हुए।

# सामुदायिक वन संसाधन अधिकार की मान्यता और प्रबंधन के संबंध में तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर जिले में सामुदायिक वन संसाधन अधिकार की मान्यता एवं प्रबंधन के संबंध में 26 से 28 अक्टूबर तक आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पंचायत जगदलपुर के सभाकक्ष में किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ में वनाधिकार मान्यता अधिनियम के सफल क्रियान्वयन के लिए गठित कार्य समिति के सदस्य मोहन हीराबाई हीरालाल उपस्थित थे। इसके अलावा आदिवासी, दलित मंच के संयोजिका राजिम कतेवास एवं सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. शरदचन्द्र लेले भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों एवं प्रशिक्षकों ने उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयं सेवकों को सामुदायिक वन संसाधन अधिकार की मान्यता और प्रबंधन के उद्देश्यों एवं इसके सफल क्रियान्वयन हेतु जमीनी स्तर पर किए जाने वाले कार्यो के बारीकियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन हिराबाई हीरालाल ने सामूहिक अधिकार की प्रेरणा और वन अधिकार कानून का योगदान के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वनों एवं वन्य संसाधनों की रक्षा वहां पर रहने वाले आदिवासियों एवं वनवासियों ने की है। हीरालाल ने कहा कि वनाधिकार मान्यता अधिनियम वनों में रहने वाले आदिवासियों एवं वनवासियों को उनके वाजिब हक को दिलाने में अत्यंत कारगर साबित होगा। उन्होंने इस कार्य में लगे सभी लोगों को अपने कार्य को पूरी सावधानी एवं निष्ठापूर्वक करते हुए इसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने को कहा।

## शायरा खान का महिला कांग्रेस मुंगेली ने किया गर्मजोशी के साथ स्वागत, बनी कई रणनीतियां!



**पथरिया।** भारतीय महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव शायरा खान के प्रथम मुंगेली आगमन पर महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ आतिशी स्वागत किया, प्रदेश अध्यक्ष राज सभा सांसद फूलों देवि दीदी महिला कांग्रेस के फूलोदेवी नेताम के निर्देशानुसार जिला महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित किया गया, इस बैठक में जिला महिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जागेश्वरी वर्मा के नेतृत्व में बूथ प्रबंधन एवं बूथ कमेटी, जोन कमेटी पर चर्चाएं हुई, आगामी विधानसभा चुनाव 2023 में पुनः सरकार बनाने का संकल्प लिया गया साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को घर-घर किस रूप में पहुँचना है उस पर चर्चाएं की गई, इस अवसर पर मुंगेली जिला महिला कांग्रेस प्रभारी व प्रदेश सचिव शायरा खान ने कहा की प्रदेश की हमारी सरकार ने सरकार के योजनाओं को प्रसार-प्रचार करने के लिए हमें निर्देशित किया हमें योजनाओं को गांव के अंतिम नागरिक तक पहुचना है आप कमर कस ले 2023 में फिर से प्रदेश अध्यक्ष में कांग्रेस की सरकार बनाना है, इस अवसर पर महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष जागेश्वरी वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष माया रानी सिंह नूरजहाँ शहर अध्यक्ष बैठक में मौजूद समस्त महिला कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार की विफलताओं को घर-घर तक पहुँचाना है, रसोई गैस एवम सब्जी की बढ़ती महंगाई के विषय मे केंद्र सरकार गरीबो का अहित कर रही है, लगातार देश मे अत्याचार जारी है, इन्ही सब विषयों को लेकर बैठक सम्पन्न हुआ एवं बड़े आंदोलन का रूपरेखा तैयार की गई!

# विधायक सन्तराम नेताम ने लिम दरहा मिडवे का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन कोण्डागांव की महत्वकांक्षी योजना लिंगो पर्यटन स्थल का मंगलवार 26 अक्टूबर को विधायक केशकाल सन्तराम नेताम ने औचक निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि केशकाल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खालेमुरवेंड व 12 मोड़ो की घाटी केशकाल के नीचे भव्य लिंगो पर्यटन स्थल विकसित किया जा रहा है, सर्व सुविधा युक्त इस पर्यटन स्थल में यथा संभव सभी बेहतरीन निर्माण कार्य किया जा रहा, जहा खूबसूरत गेट, व्यवसायिक काम्पलेक्स, बेहतर गार्डन, बोटिंग सुविधा, रेस्ट हाउस के साथ-साथ गढ़ कलेवा भी बनाया जा रहा। जहा बस्तर के स्वादिस्ट व्यंजन का पर्यटकों को स्वाद चखाया जाएगा। इसके साथ ही पुस्तकालय भी बनाया जाना है जहां लोग सँस्कृति व सभ्यता को लेकर जान सकेंगे। विधायक सन्तराम नेताम के साथ आलाधिकारियों ने पर्यटन स्थल का जायजा लिया, साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये, उन्होंने निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा किसी भी प्रकार के लापरवाही ना करने की बात कही इसके साथ ही उन्होंने बेहतर गार्डन पर्यटन स्थल पर विकसित करने की बात कही व्यवसायिक कम्पलेक्स के समीप बन रहे खूबसूरत फवारा को सराहा। विधायक सन्तराम नेताम से बात करने पर उन्होंने बताया कि बस्तर के प्रदेश द्वार केशकाल में पर्यटन की असीम सम्भावनाये है जिसके साथ ही प्रत्येक क्षेत्र को विकसित करने योजनाओ पर कार्य तेजी से चल रहा है।

लिंगो पर्यटन मुख्य रूप से बस्तर का केंद्र बिंदु रहेगा जहा सर्व सुविधा युक्त पर्यटन स्थल विकसित किया जा रहा है, बस्तर घूमने आ रहे पर्यटक यहां रुक बस्तर के नजारों व विभिन्न जानकारी ले सकेंगे। इसके साथ ही बस्तर के स्वादिस्ट व्यंजन से भी स्थानीय समूह द्वारा लोगों को लुभाने की कोशिश करेंगे। इसके बाद बहु प्रतीक्षित मांग केशकाल बायपास मार्ग जहा उक्त पर्यटन स्थल से 3 किलोमीटर की दूरी से ही शुरू होना है जिसको लेकर भी विभागीय अधिकारी व ठेकेदार को निर्देश दिए जा रहे ते जल्द से जल्द बायपास मार्ग पूर्ण करने की बात कही। कुछ ही दिनों में 12 मोड़ो के घाटी के नाम से मशहूर केशकाल घाटी में अब 12 से अधिक जलप्रपात व टाटामारी माझिनगढ़ के विहंगम दृश्य के साथ साथ आस्था का केंद्र शिव का पॉवन धाम गोबराहीन के ग्रामीण अंचल में होम स्टे आदि में भी आगे आने लगा है। जहाँ युवाओ को रोजगार के नए नए साधन भी उपलब्ध हो रहे है। इस अवसर पर आरईएस एसडीओ सचिन मिश्रा सहित ठेकेदार व कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक्सिस बैंक ने दूसरी तिमाही में दर्ज किया 3,133 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

सीएएसए और फीस का मजबूत प्रदर्शन, फोकस क्षेत्रों में ऋण वृद्धि में तेजी, सीमित पुनर्गठन, एसेट क्वालिटी में सुधार, लचीला बैलेंस शीट देश में निजी क्षेत्र के तीसरे सबसे बड़े बैंक, एक्सिस बैंक ने वित्त वर्ष 22 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के परिणामों की घोषणा की, जिसमें अब तक का उच्चतम तिमाही शुद्ध लाभ 3,133 करोड़ रुपए दर्ज किया गया। क्यू2 एफवाई 21 में यह राशि थी 2,160 करोड़ रुपए और इस लिहाज से सालाना आधार पर 86 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) सालाना 8 प्रतिशत बड़कर क्यू2 एफवाई 22 में 7,900 करोड़ रुपए पर पहुंची, जबकि क्यू2 एफवाई 21 में यह राशि थी 7,326 करोड़ रुपए। क्यू2 एफवाई 22 के लिए इसका शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 3.39 प्रतिशत था। सीएएसए सालाना आधार पर 21 प्रतिशत और तिमाही आधार पर 5 फीसदी बढ़ा, जबकि सीएएसए अनुपात 42 प्रतिशत पर रहा, सालाना आधार पर 201 बीपीएस ऊपर। बैंक के परिचालन राजस्व ने 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई है। क्यू2एफवाई 21 में यह राशि 10,895 करोड़ रुपए थी, जबकि क्यू2एफवाई22 में 11,699 करोड़ रुपए हो गई। 30 सितंबर 2021 तक, बैंक का सकल एनपीए और शुद्ध एनपीए स्तर क्रमशः 3.53 फीसदी और 1.08 फीसदी था, जबकि 30 जून 2021 को यह 3.85 प्रतिशत और 1.20 फीसदी था। बैंक की शुल्क आय 3,231 करोड़ रुपए पर, इसमें सालाना आधार पर 17 फीसदी और तिमाही आधार पर 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रिटेल फी में सालाना आधार पर 19 फीसदी और तिमाही आधार पर 21 फीसदी की वृद्धि, बैंक की कुल शुल्क आय का 63 प्रतिशत हिस्सा। वित्तीय वर्ष की पहली छमाही के लिए लाभ सहित बैंक का समग्र पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीएआर) 20.04 प्रतिशत था, जिसमें सीईटी 1 का अनुपात 15.81 फीसदी था।

## मरीजों के परिजन को वस्त्र और बच्चे को खिलौने मिलने से खुशी



**रायपुर।** संस्था 'देर ना हो जाए' समय समय पर कैंसर से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाती है। मेकाहारा में भर्ती कैंसर मरीजों हेतु आवश्यक व उपयोगी सामग्री का वितरण भी करती है। कैंसर विभाग में अनेक मरीज ऐसे हैं जो बाहर के हैं तथा काफी समय से यहां भर्ती है। उनके परिजन भी कोई आवास की व्यवस्था न होने के कारण अस्पताल परिसर में ही रहते हैं। ऐसे में उनके पास कपड़ों का अभाव बना रहता है। इनके लिए कपड़ों की व्यवस्था के उद्देश्य से संस्था ' देर ना हो जाए ' द्वारा लोगों से अपील कर उपयोगी वस्त्रों को एकत्र कर आज उन्हें निःशुल्क प्रदान किया गया। कैंसर विभाग के प्रमुख डॉ. विवेक चौधरी के हाथों वितरण कार्य का शुभारंभ किया गया। जहाँ एक ओर महिलाएं और लडकियां साड़ी, सलवार, कुर्ती और बच्चों के कपड़े पाकर खुश हुए वहीं दुसरी ओर पुरुषों को शर्ट, पेंट, जींस, टी शर्ट मिलने की प्रसन्नता थी। कैंसर से पीड़ित बच्चों को खिलौने भी वितरित किए गए। साथ ही विभाग के कर्मचारियों को दिवाली भेंट स्वरुप दिये प्रदान किए गए। इस अवसर पर कैंसर विभाग से डॉ. विवेक चौधरी, डॉ. प्रदीप चंद्राकर, डॉ. मंजूला बेक, डॉ. राहुल, डॉ. राजीव रतन जैन,प्रियंका नामदेव, संस्था की अध्यक्ष शीलू लुनिया, संयोजक मुकेश शाह व रानू लुनिया, नफीसा रंगवाला, छगन पटेल, तृप्ति लुनिया, मासूम लुनिया, रिद्धि सोनीगरा, हिमांशु सोनकर, भास्कर, शुभम राखेचा, राखी, रुखसार खातून, रक्षा डूंभरे, मुनमुन सोनी, पायल सोनी, खुशी जैन, अंबे पंसारी, मानसी मेघानी, दीपा मानिकपुरी, अंकिता साहू आदि ने वस्त्र वितरण में सहयोग किया।

## 1 नवंबर से धान खरीदी और रकबा कटौती रोकने की मांग को लेकर बीजेपी कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन



**जशपुरनगर।** प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निर्देशानुसार बुधवार को जिला भाजपा जशपुर द्वारा, जशपुर भाजपा मंडल सहित जिले के सभी 20 मंडलों में 1 नवंबर से धान खरीदी करने, रकबा कटौती पर रोक एवं समर्थन मूल्य बढ़ाकर एकमुश्त भुगतान करने के संबंध में किसान हितैसी मांगो को लेकर राज्यपाल के नाम कलेक्टर एवं एसडीएम एवं तहसीलदार के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से भाजपाइयों ने प्रदेश कांग्रेस सरकार से मांग किया है कि धान की खरीदी हर हाल में 1 नवंबर से प्रारंभ किया जाए, दिसंबर माह में खरीदी चालू करने से किसानों को अपना धान बेचने में बहुत परेशानी होती है और कई किसान अपना धान बेच भी नही पाते हैं, प्रदेश में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार थी तब 1 नवम्बर से धान खरीदी का काम चालू हो जाता था इसके साथ ही धान की पूरी कीमत का भुगतान भी एकमुश्त हो और साथ ही पिछला बकाया भुगतान भी तुरंत करें।

# बलदेव फर्नीचर में डिस्काउंट का विशेष ऑफर



**रायपुर।** त्योहारी सीजन में बलदेव फर्नीचर द्वार ग्राहकों के लिए डिस्काउंट का विशेष ऑफर दिया जा रहा है संचालक जसविंदर सिंह ने बताया कि हमारे यहां सभी प्रकार के स्टील फर्नीचर, मोल्डेड फर्नीचर, होम फर्नीचर, कंप्यूटर फर्नीचर एवं ऑफिस फर्नीचर, बैडरूम सेट,सोफे सेट,डाइनिंग सेट,रैक लाइनर आउटडोर फर्नीचर,शो केश सोफे कम बेड,लॉबी सेट,सेंटर टेबल उपलब्ध है। हमारे यहाँ क्वालिटी का विशेष ध्यान रखा जाता है। इसके अलावा विभिन्न कंपनियों जैसे -गोदरेज के सेफ (लॉकर)फर्नीचर, नीलकमल के फर्नीचर,नीलकमल के गद्दे,पूजा आदि के फर्नीचर भी रखे जाते हैं। समय के साथ-साथ ,नए-नए डिज़ाइन लोगो की रुचि अनुसार उपलब्ध कराए जाते हैं। गुणवत्ता व सर्विस का विशेष ध्यान रखा जाता है। हमारी संस्था 40 वर्षो से ग्राहकों से जुड़ी है।

# युवाओं को रोजगार प्रदान करने कलिंगा ने पांच गांवों का किया चयन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय हमेशा सामाजिक सुधारों और विभिन्न सामाजिक परियोजनाओं के विकास के पक्ष में कार्य करने की आकांक्षा रखते है। इस उद्देश्य के साथ हमने इन गांवों के युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर के लिए प्रशिक्षण और कौशल प्रदान करने के लिए पड़ोसी गांवों में से पांच गांव (कोटनी, कुहेरा, पलौद, तांडुल, कोटराभाठा) का चयन किया है। इसी मिशन के साथ कलिंगा विश्वविद्यालय ने बैठक के दौरान जन शिक्षण संस्थान योजना, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत कलिंगा विश्वविद्यालय ने पांच गांवों को गोद लेते हुए सामाजिक विस्तार के रूप में कौशल भारत पहल का आयोजन किया। उद्घाटन समारोह में ठाकुर राम सिंह मुख्य चुनाव आयुक्त , अतुल सिंह निदेशक जन शिक्षण संस्थान रायपुर, कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर, रजिस्ट्रार डॉ. संदीप गांधी, नवाचार और ऊश्मायन प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. मोनिका सेठी शर्मा, पांच गांव (कोटनी, कुहेरा, पलौद, तांडुल, कोटराभाठा) के सरपंच प्रतिनिधि, कलिंगा विश्वविद्यालय के डॉ. सुषमा दुबे, डॉ. सुनिल कुमार, डॉ. स्मिता प्रेमानंद और विभिन्न संकाय के सदस्य भी शामिल थे। वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के सहायक प्राध्यापक श्रिया त्रिपाठी द्वारा प्रख्यात अतिथियों का स्वागत किया गया। कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर. श्रीधर ने कौशल विकास की आवश्यकता पर बात की। हर स्तर पर कौशल को बढ़ाने पर जोर दिया और कहा कि यह आवश्यक है कि नौकरी तलाशने वाले हमेशा अपने कौशन को लगातार बढ़ाने का प्रयास करें।


**न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र. क्र. बी-121/2021
ग्राम मुंगेली प.ह.नं. 59

एतद् द्वारा मुंगेली के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **जसपाल सिंह पति/पिता स्व. मनजीत सिंह** जाति सिक्ख निवासी व जिला मुंगेली निवासी में अपने **मां दर्शन कौर** की मृत्यु दिनांक **04/09/2007** को होने से एवं उप पंजीयक न.पा. **मुंगेली** के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 17/11/2021 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/10/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**मुंगेली**



**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, कांकेर (छ.ग.) 494336**
**OFFICE OF THE PRINCIPAL GOVERNMENT POLYTECHNIC, KANKER (C.G.) 494336**
email : govtpolykanker@gmail.com

क्रमांक/**ST**/**SC** स्टे./निविदा/शापॉकां/2021/804 कांकेर, दिनांक 26/10/2021

## // निविदा सूचना विज्ञप्ति//

संस्था के लिए वर्ष 2021-22 हेतु रू. एक लाख पच्चास हजार लगभग के ड्राईंग एवं स्टेशनरी सामग्री क्रय करने हेतु निविदा मुहरबंद लिफाफे में दर आमंत्रित किये जाते हैं। ड्राईंग मटेरियल एवं स्टेशनरी सामग्री संबंधी विस्तृत जानकारी के लिये संस्था में निविदा पत्रक मूल्य रू. 300/- (रूपये तीन सौ) मात्र नगद या चेक द्वारा भुगतान क्रय 27/10/2021 से 16/11/2021 समय 01 बजे तक कार्यालयीन दिवस/समय में प्राप्त कर सकते हैं। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी सूचना पटल एवं संस्था के वेब साइट www.polykanker.ac.in से प्राप्त कर सकते हैं। यदि निविदा पत्रक संस्था के वेब साइट से डाऊन लोड किये जाते है तो निविदा पत्रक के मूल्य रू. 300/- का डीमांड ड्राफ्ट Principal, Govt. Polytechnic Kanker (C.G.) के नाम से बनाकर निविदा जमा करते समय अलग से संलग्न करें।

निविदा प्रपत्र बेचने का तिथि - 27/10/2021 से 16/11/2021 दोपहर 01 बजे तक

निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि -16/11/2021 दोपहर 03.00 बजे तक

निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 16/11/2021 दोपहर 04.00 बजे तक

स्थान - शासकीय पॉलीटेक्निक कांकेर (छ.ग.)

G- 64772/3

**प्राचार्य**
**शासकीय पॉलीटेक्निक**
**कांकेर छ.ग.**



**छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, भाटापारा**
( छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम )
( छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की एक उत्तरवर्ती कम्पनी )

## बिजली बंद की सूचना

छ.स्टे.पा.डि.क्रं. लिमिटेड भाटापारा संभाग के सम्माननीय उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि दीपावली पूर्व लाइनों एवं उपकेन्द्रों का मेंटेनेंस कार्य हेतु समय 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक नीचे दर्शाये क्षेत्रानुसार की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

**आवश्यकतानुसार समय में परिवर्तन संभाव्य है।**

| क्र. | दिनांक | 33/11 के.व्ही. उपकेंद्र / फीडर का नाम | फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 28.10.2021 | 220/132/33 के.व्ही. भाटापारा | 33 के.व्ही. उपकेन्द्र भाटापारा पटपर सबस्टेशन | 11 के.व्ही. मातादेवालय, पटपर, औद्योगिक, धुर्राबांधा, खैरी, अटलज्योति, फीडर। |
| 2. | | 33/11 के.व्ही. सिगारपुर | 11 के.व्ही. निपनिया फीडर | निपनिया, कोदवा, कोनि, बंजर, गुडाघाट, सेमराडिह |
| 3. | | 33/11 के.व्ही. सूरजपुरा | 11 के.व्ही. दतरेंगी ग्रामीण | दतरेगी, दतरेंगा, कुम्हरखान, अमलीडीह, कडार |
| 4. | | 220/132/33 के.व्ही. सुहेला, सुहेला से जरौद फीडर | सुहेला से जरौद फीडर | सुहेला वितरण केन्द्र के जरौद सबस्टेशन के अंतर्गत आने वाले समस्त ग्राम |
| 5. | | 33/11 के.व्ही. सिमगा उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. खैरघट फीडर | ग्राम खैरघट, चुरचुटिया, कचलोन, मांढर एवं खण्डुवा के समस्त उपभोक्ता |
| 6. | | 33/11 के.व्ही. सुहेला उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. लोहारी फीडर | लोहारी शिकारी केशली भोथीडीह |
| 7. | | 33/11 के.व्ही. ढेकुना उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. लिमतरा फीडर (ढेकुना) | ग्राम-लिमतरा, संजारी, नवागांव, मर्राकोना, गणेशपुर देवरीडीह, तरपोंगा एवं बम्हनीडीह के समस्त उपभोक्ता। |
| 8. | | 33/11 के.व्ही. रोहरा उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. मांचाघाट ग्रामीण फीडर | ग्राम मोहभट्टा, बुचीपार, दावनबोड, रेंगाबोड़, ढाबाडीह, सकरीपार, धिवनपुरी, कोलिहा एवं माचाभाट के समस्त उपभोक्ता |
| 9. | | सुहेला से लोहारीफीडर | सुहेला से लोहारीफीडर | लोहारी शिकारी केशली भोथीडीह |
| 10. | 29.10.2021 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जरौद | 11 के.व्ही. बोडतरा ग्रामीण फीडर | बोडतरा, मजगांव, बोरसी, बिलाईडबरी, कुकराचुदा |
| 11. | | 33/11 के.व्ही. निपनिया | 11 के.व्ही. भोथीडीह अटल ज्योति फीडर | पंप कनेक्शन |
| 12. | | 33/11 के.व्ही. सूरजपुरा | 11 के.व्ही. दतरेंगी अटल ज्योति | पंप लाईन |
| 13. | | 132/33/11 के.व्ही. दुलदुला उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. बैकुंठ फीडर | ग्राम औरैठी, बेमता, लखना एवं भूमिया के समस्त उपभोक्ता। |
| 14. | | 33/11 के.व्ही. मनहोरा उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. मनहोरा टाऊन फीडर | ग्राम मनहोरा, चौरेंगा, अकलतरा, मांढर एवं मोटीयारी डीह के समस्त उपभोक्ता। |
| 15. | | 33/11 के.व्ही. जरौदा उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. सिनोघा ग्रामीण फीडर | ग्राम भंवरगड़ से जांगड़ा, मुड़पार सेक्शन के समस्त उपभोक्ता। |
| 16. | 30.10.2021 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अमलीडीह | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र अमलीडीह | अमलीडीह, खम्हरिया, गोढ़ी, टोपा, खैरी, गुर्रा, नवागांव, आलेसुर, राजाढार |
| 17. | | 33/11 के.व्ही. बिटकुली | 11 के.व्ही. लालपुर फीडर | लालपुर, ओटेबंद |
| 18. | | 33/11 के.व्ही. सूरजपुरा | 11 के.व्ही. टेहका ग्रामीण फीडर | मधुबन, टेहका |
| 19. | | 33/11 के.व्ही. मनहोरा उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. मनहोरा अटल ज्योति फीडर | ग्राम मनहोरा, चौरेंगा, अकलतरा, मांढर एवं मोटीयारी डीह के पंप उपभोक्ता। |
| 20. | | 33/11 के.व्ही. जरौद उपकेन्द्र | 11 के.व्ही. बोड़तरा ग्रामीण फीडर | ग्राम मंजगांव से कुकराचुंदा, बिलाई-डबरी सेक्शन के समस्त उपभोक्ता |
| 21. | 31.10.2021 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सेमरिया | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र सेमरिया | सेमरिया टाउन, समेरिया ग्रामीण, एच.टी. कनेक्शन |
| 22. | | 33/11 के.व्ही. बिटकुली | 11 के.व्ही. लालपुर अटल ज्योति, बिटकुली फीडर | बिटकुली, खैरा, खपरी (र), पथरिया, लालपुर पंप कनेक्शन |
| 23. | 01.11.2021 | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पटपर | 11 के.व्ही. धुर्राबांधा अटल ज्योति | धुर्राबांधा क्षेत्र के पंप कनेक्शन |
| 24. | | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र जरौद | 11 के.व्ही. बोडतरा अटल ज्योति | बोडतरा क्षेत्र के पंप कनेक्शन |
| 25. | | 33/11 के.व्ही. रोहरा उपकेंद्र | 11 के.व्ही. माचाभाट ग्रामीण फीडर | ढाबाडीह, सकरीपार, धिवनपुरी एवं कोलिहा सेक्शन के समस्त उपभोक्ता |

1. ''स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाये''
2. ''समयावधि में देयक का भुगतान करे, लाईन विच्छेदन से बचें।''

**(जी.पी.अनंत)**
**कार्यपालन अभियंता (सं/सं) संभाग**
**छ. स्टे. पा. डि. क्रं. लिमिटेड भाटापारा**
**कर्मचारी क्रमांक 05331110**

# एक ही घर से उठीं चार अर्थियां तबाह हुआ पूरा परिवार

## पत्नी ने दो बच्चों को कुंए में फेंका और फिर खुद कूद गई, पति ने फांसी लगाकर जान दे दी

- पहले भी आत्महत्या की कोशिश कर चुका था डोमन, शराब का भी आदी था
- पुलिस की पड़ताल जारी, वैवाहिक जीवन में क्लेश को माना जा रहा सामूहिक आत्महत्या का कारण

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव के करीब डोंगरगांव विधानसभा केलालबाग थाना क्षेत्र के ग्राम करमतरा में दंपत्ति की बच्चों के साथ खुदकुशी की खबर पर प्रदेशभर की निगाहें जमी हुई हैं। मंगलवार की देर शाम ग्राम करमतरा में डोमन साहू (32), वेदिका (28) और इनकी 3 वर्षीय बेटी और 2 वर्षीय बेटे की मौत हो गई। परिजनों को इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी तब मिली जब वे अपने खेत से मिंजाई कर शाम 5 बजे घर पहुंचे। बुधवार की शाम साहू परिवार के घर से जब एक साथ चार अर्थियां निकली तो यहां मौजूद लोग भी अपने आंसू नहीं रोक पाए। वहीं मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस की अब तक की जांच में यह सामने आया है कि वेदिका ने पहले अपने बच्चों को कुंए में फेंका और फिर खुद भी कुंए में छलांग लगा दी। इस घटनाक्रम के बाद डोमन ने घर से कुछ ही दूर स्थित कोठार में बनी झोपड़ी में फांसी लगाकर जान दे दी। ग्राम में चार मौतों की खबर के बाद मातम पसर गया। परिवार के अन्य सदस्यों को इस घटनाक्रम से गहरा सदमा लगा है।

इस पूरे मामले की जांच जारी है। दंपत्ति की खुदकुशी और बच्चों को कुंए में धकेलने जैसे दिल दहला देने वाले आत्मघाती घटनाक्रम के पीछे की वजहें आखिर हैं क्या इसका पता लगाने की कोशिश की जा रही है। मंगलवार को घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस के आला अफसरों के साथ दल-बल मौके पर पहुंचा। यहां पहले तो मृतकों के शव बरामद किए गए। कुंए में पहले दंपत्ति की बेटी की ही लाश नज़र आई। पर जब उसे बाहर निकाला गया तो वेदिका और उसके पुत्र की लाश भी मिली। वहीं डोमन घर से दूर फंदे पर झूलता मिला।



### पूछताछ की, परिजन कुछ कह न सके

मौके पर खुद एसपी डी श्रवण सहित एएसपी प्रज्ञा मेश्राम, लालबाग टीआई शिवेंद्र सिंह राजपूत व अन्य अफसर पहुंचे थे। यहां पुलिस ने ग्रामीणों से मृतक की पारिवारिक पृष्ठभूमि की पड़ताल की है। ग्रामीणों ने बताया है कि, डोमन शराब का आदि था। शायद इसे लेकर उसके वैवाहिक जीवन में क्लेश चल रहा था। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि डोमन ने इससे पहले भी आत्महत्या की कोशिश की थी लेकिन उसे बचा लिया गया था। वहीं पुलिस के सवालों का परिजन कुछ जवाब ही न दे सके।

### सदमे में परिजन

मृतकों के परिजन अभी गहरे सदमे में है। उनके लिए सवालों का जवाब देना मुश्किल होता रहा। लालबाग टीआई शिवेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि, मृतकों के शव को मंगलवार की देर रात तक मेडिकल कॉलेज की मरच्यूरी पहुंचा दिया गया था। बुधवार को उनका पीएम करवाकर परिजनों के सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि जांच शुरु हो चुकी है। हमने पड़ोसियों और अन्य ग्रामीणों से चर्चा की है।

### सिर पर चोट के निशान



इधर, मृतिका वेदिका के सिर से चोट के निशान मिले हैं। हालांकि घर में किसी तरह की हिंसा के कोई साक्ष्य नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि वेदिका जब कुंए में कूदी उसी दौरान उसके सिर पर भी चोट लगी। दरअसल, जिस कुंए में वेदिका और उसके बच्चों के शव मिले हैं वह ढंका हुआ है। इस कुंए से पानी निकालने के लिए एक छोटी सी जगह है। आशंका है कि वेदिका ने यहीं से पहले बच्चों को कुंए में फेंका और फिर खुद भी कूद गई। बहरहाल, पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार करने की भी बात कह रही है। हालांकि इस पूरे मामले को पारिवारिक तनाव के चलते सामुहिक आत्महत्या ही माना जा रहा है।

### हंसता खेलता परिवार तबाह हो गया

मृतकों के परिजनों का बात करना भी मुश्किल है। इस बीच डोमन के पिता हेमनाथ साहू यही कह पाते हैं कि उनके बेटा-बहू के बीच सब ठीक था। डोमन के परिवार में उसके माता-पिता के अलावा छोटा भाई ङ्क बहू और उनके बच्चे भी हैं। यह हंसता-खेलता संयुक्त परिवार दंपत्ति के आत्मघाती कदम के चलते एक ही झटके में तबाह हो गया। मंगलवार देर शाम के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मातम का माहौल है। लोग एक साथ चार अर्थियां देखकर खुद के भी आंसू नहीं रोक पाए।

# उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष के सामने पुलिस प्रशासन नतमस्तक, चेतन सुरगी रवाना, शक्ति को चिखली की कमान

- विवाद गहराने के बाद आनन फानन में चिखली प्रभारी हटाए गए

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली व चिखली चौकी प्रभारी चेतन चन्द्राकर के आपसी विवाद का मंगलवार की शाम पटाक्षेप हो गया। जिला पुलिस प्रशासन ने अध्यक्ष के सामने घुटने टेकते हुए अपने विभाग के उप निरीक्षक को चिखली से हटाकर सुरगी भेज दिया। एक ही दिन में आनन फानन में किये गए इस बदलाव से जहाँ एक ओर सोशल मिडिया व आम जनता के बीच पुलिस प्रशासन का जमकर छीछालेदर हो रहा है वहींदूसरी ओर अब चौकी प्रभारी को हटवाने के बाद अध्यक्ष आसिफ अली का कद उनके पदाधिकारियों के बीच बढ़ गया है। गौरतलब है कि शहर के चिखली इलाके इस मामले को लेकर कांग्रेस के दो गुट आमने सामने हो गए थे। इसके ही चलते कांग्रेस के एक धड़े ने अपने ही मंडल अध्यक्ष के खिलाफ शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष से शिकायत कर भी कर दी थी।आसिफ अली की ओर से खड़े धड़े ने आरोप लगाया था कि चिखली चौकी प्रभारी चेतन चंद्राकर जुआ की अवैध गतिविधियों को सांठगांठ कर बढ़ावा दे रहे हैं।

### सीएसपी से हुई थी चौकी प्रभारी की शिकायत

कांग्रेस के दो धड़ों में बंटने के बीच पुलिस चौकी प्रभारी चेतन चंद्राकर के खिलाफ भी युवाओं के एक गुट ने एसपी के नाम सीएसपी गौरव राय को शिकायत की थी। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि पुलिस चौकी प्रभारी के पक्ष में आए युवा सरेआम अनैतिक काम में लिप्त है। उत्तर मंडल कांग्रेस अध्यक्ष आसिफ अली ने सीधा आरोप लगाते हुए कहा था कि क्षेत्र में चौकी प्रभारी और अन्य लोगों की सांठगांठ में जुआ की अनैतिक गतिविधियां संचालित हो रहीं हैं।इस मसले को लेकर आसिफ अली मंगलवार को चौकी के सामने प्रदर्शन भी करने वाले थे लेकिन चौकी प्रभारी को हटाए जाने का आश्वासन दिए जाने के बाद उन्होंने प्रदर्शन नहीं किया।

### जिला पुलिस अधीक्षक की जमकर किरकिरी

इस पूरे मसले में जिला पुलिस अधीक्षक की सोशल मिडिया व चौक चौराहों में जमकर किरकिरी हुई है। आम जनता ने खुलकर इस मामले में कहा कि राजनितिक दबाव की वजह से एसपी ने अपने ही विभाग के अधिकारी का एक ही दिन अन्यत्र तबादला कर दिया जिससे पुलिस का मनोबल टूटता नजर आता है। सीधे तौर पर जिला पुलिस प्रशासन पर आरोप लग रहे हैं कि विभाग ने उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष के आगे घुटने तक दिए और मजबूरी में उन्हें चेतन चंद्राकर को हटाना पड़ा।

# जेनरिक दवाइयां लिखकर जरूरतमंदों की मदद करें डॉक्टर : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने मुख्यमंत्री सस्ती दवा योजना अंतर्गत धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स तथा टीकाकरण के संबंध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स में ब्रांडेड कंपनी की जेनरिक दवाईयां उपलब्ध हैं। धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के साथ जनसामान्य को सस्ते में दवा मिलेगी। इसमें डॉक्टर जेनरिक दवाईयां लिखकर जनसामान्य की मदद कर सकते हैं। उन्होंने सभी डॉक्टर्स से कहा कि मरीजों को जेनरिक दवाईयां लिखें ताकि उन्हें सस्ती दवा मिलने में किसी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जनौषधि केन्द्र हैं जहां 130 तरह की जेनरिक दवाईयां तथा सर्जिकल आईटम उपलब्ध हैं। जिले में तथा शहर में और भी धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स खोले जाएंगे। कलेक्टर ने सभी डॉक्टर से कहा कि टीकाकरण के लिए लोगों को प्रेरित करें।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण की तीसरी लहर की आशंका को ध्यान में रखते हुए शासकीय मेडिकल कॉलेज पेण्ड्री, मानपुर, सोमनी, खैरागढ़, जिला चिकित्सालय बसंतपुर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल में आक्सीजन जनरेशन प्लांट की स्थापना की जा रही है तथा कई तरह की सुविधाएं दी जाएगी। ऑक्सीजन बेड 500 से बढ़ाकर 2 हजार की गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में टीकाकरण में राजनांदगांव जिला तीसरे स्थान पर है और इसके लिए सीएचएमओ तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अच्छा कार्य किया है।

**डोंगरगांव, मोहला में शत प्रतिशत टीकाकरण :** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी ने बताया कि राजनांदगांव जिले में डोंगरगांव एवं मोहला विकासखंड शत प्रतिशत टीकाकृत विकासखंड बन गया है।

# अवैध शराब का गढ़ खुज्जी में मध्यप्रदेश की शराब जब्त

- आबकारी विभाग की रेड में 25 पेटी अवैध शराब बरामद

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के सन्निकट गांव खुज्जी में अवैध शराब बिक्री की लगातार शिकायतों के बाद आबकारी विभाग ने रेड कार्रवाई की है। आबकारी विभाग द्वारा दीवाली से पूर्व रेड बम फोड़ते हुए रेड में लगभग 25 पेटी शराब मिलने की खबर है। विभागीय सूत्रों की माने तो 25 पेटी गोवा ब्रांड की अंग्रेजी शराब मध्यप्रदेश की है। अवैध शराब पर रेड कार्रवाई में एक ही व्यक्ति के कब्जे से मध्यप्रदेश की 25 पेटी अवैध शराब बरामद होने से खुज्जी सहित समूचे अंचल में हड़कंप मच गया है।

आबकारी विभाग के आधादर्जन अधिकारी व कर्मचारी सुबह से ही खुज्जी में रेड मारने पहुंचे थे। 2 घण्टे में ही सारी तस्वीर साफ हो गई थीं। आबकारी विभाग व स्थानीय विश्वसनीय सूत्रों की माने तो शिकायतों के मद्देनजर व मुखबीर सूचना पर आबकारी की टीम 9 बजे से खुज्जी पहुंच गई थी। टीम ने स्थानीय निवासी 32 वर्षीय युवक निषाद से पूछताछ करते हुए सभी संदिग्ध ठिकानों पर खोजबीन की। अंततः कार्टून पैक लगभग 25 गोवा ब्रांड की महँगी शराब बरामद हुई। उक्त शराब को मध्यप्रदेश की बताई जाती है। आरोपी युवक के पास कोई वैध दस्तावेज नही मिलने पर आबकारी विभाग द्वारा पंचनामा बनाकर अवैध शराब जब्त करते हुए युवक को अपने कब्जे में लेने की खबर है।






### मंत्रियों से शिकायतों का असर

अवैध शराब बिक्री कोई नई बात नही है। आलम ये है कि शराब के शासकीयकरण के बाद अवैध बिक्री में इजाफे हो रहे हैं। कुछ संभ्रात वर्ग स्थानीय नेताओं अथवा प्रशासन की नाराजगी से बचने डायरेक्ट मंत्री व प्रभारी मंत्री से करने लगे हैं। विगत दिनों 2 माह पूर्व प्रभारीमंत्री तथा गत सप्ताह गृहमंत्री के आगमन दरम्यान भी शराब को लेकर शिकायतों की खबर छनकर आई थी। खुज्जी की कार्रवाई को भी इसी वाकये से जोड़ कर देखा जा रहा है।

### खुज्जी में मोहल्लेवार शराब बिक्री

स्थानीय ग्रामीणों ने पायनियर को बताया कि खुज्जी में 2 वर्षों से अवैध शराब की बिक्री में बढ़ गई है। पहले यदाकदा ही सुनने में आता था, कोविड दरम्यान से स्कूली बच्चे में अवैध शराब के गिरफ्त में हैं। ग्रामीणों की माने तो विद्यार्थी युवा भी स्कूटी में शराब लाकर दोगुनी कीमत पर बेचते हैं। खुज्जी में अवैध शराब बिक्री ट्रेंड बन गया है। गांव में प्रत्येक मोहल्ले में 2 से 3 स्थानों पर दोगुनी कीमत पर शराब बिकने की बात ग्रामीणों ने दबी जुबान से कही है।

# कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण के लिए टीकाकरण पर जोर

- बदलते मौसम में सतर्क रहने की अपील

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए टीकाकरण की गति बढ़ाने के साथ ही जिले के अस्पतालों में सर्दी, खांसी व जुकाम सहित अन्य साधारण बीमारियों से पीड़ित मरीजों की लगातार जांच की जा रही है। इस दौरान अच्छी खबर यह भी है कि सामान्य दिनों के मुकाबले पिछले छह दिन से जिले के अस्पतालों में कोरोना संक्रमित एक भी मरीज नहीं मिला है। ओपीडी में भी मरीजों की उपस्थिति की संख्या में भी गिरावट दिख रही है। कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण व इससे बचाव हेतु केंद्र व राज्य सरकार की गाइड लाइन का पालन कराने के लिए क्षेत्र में लगातार सख्ती भी बरती जा रही है। शासकीय अस्पतालों में सतत जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है जिसके फल-स्वरूप, अस्पतालों में सामान्य दिनों के मुकाबले 18 अक्टूबर से अब तक कोरोना का एक भी पॉजिटिव मरीज नहीं मिला है। यानी पिछले छह दिन से कोरोना के पॉजिटिव मरीज नहीं मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस दौरान शहर के साथ ही गांवों में भी लोगों से विशेषकर बदलते मौसम में सतर्क रहने की अपील की जा रही है। कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग और राजस्व विभाग के समन्वय से किया जा रहा है। इसके अंतर्गत कोरोना टीकाकरण हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए एक दिन पूर्व मुनादी भी कराई जा रही है। इन प्रयासों के फलस्वरूप जिले में अब तक लगभग 87.74 प्रतिशत लोगों ने पहला तथा लगभग 44.26 प्रतिशत लोगों ने दूसरे डोज का टीका लगवा लिया है, जो उत्साहवर्धक है। टीका लगवाने के लिए जिले में अब हर वर्ग के लोग उत्साह से सामने आने लगे हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी ने बताया, कोरोना संक्रमण पर पूरी तरह नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। शहर के साथ ही गांव-गांव में कोरोना टीकाकरण किया जा रहा है।




### जागरुकता अभियान भी चल रहा

इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया, सुरक्षा व स्वास्थ्य के संदर्भ में शासन के निदेर्शों के तहत अस्पताल आने वाले मरीजों की कोरोना जांच प्राथमिकता से की जा रही है। शासकीय अस्पतालों में सतत जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है जिसके फलस्वरूप, अस्पतालों में सामान्य दिनों के मुकाबले 18 अक्टूबर से अब तक कोरोना का एक भी पॉजिटिव मरीज नहीं मिला है। यानी पिछले छह दिन से कोरोना के पॉजिटिव मरीज नहीं मिले हैं। इसी तरह ओपीडी में भी मरीजों की संख्या में भी गिरावट है। उन्होंने बताएए, कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मास्क लगाने, हाथों को सैनिटाइज करने तथा दो गज दूरी का पालन करने की अपील के साथ ही लोगों से शासन के निदेर्शों का पालन कराने पर सतत जोर दिया जा रहा है।




**राजनांदगांव।** दिवाली पर्व सप्ताह भर ही शेष हैं और शहर का बाजार ठंडा पड़ा हुआ है। ये तस्वीर शहर के सबसे व्यस्ततम बाजार जूनी हटरी की है। पर्व के अवसर पर इन सड़कों पर पैर रखने को भी जगह नहीं होती लेकिन दिवाली जैसे त्यौहार के बीच बाजार में पसरे इस सन्नाटे से व्यापारियों की चिंता बढ़ गई है।

### भाजपा ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

# किसानों को पैसों की जरुरत, एमएसपी वृद्धि के साथ एक नवंबर से धान खरीदी की मांग

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

जिला भाजपा ने किसानों को एमएसपी वृद्धि का लाभ तथा किसानों की अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की। साथ ही एक नवंबर से धान खरीदी शुरू करने की मांग करते जिला भाजपा ने राज्यपाल अनुसुईया उइके के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

भाजपा नेताओं ने 6 सूत्रीय मांग के ज्ञापन में कहा कि छत्तीसगढ़ में धान की फसल अब तैयार है, लेकिन शासन द्वारा इस सत्र में इसकी खरीदी को लेकर किसी तरह की घोषणा नहीं किए जाने से किसानों में बेचैनी है। प्रदेश में प्रमुख रूप से महामाया और सरना दो किस्म के धान की खेती होती है। इसमें महामाया की कटाई नवंबर के पहले सप्ताह में पूरी हो जाएगी और सरना की कटाईभी पहले सप्ताह में ही शुरू हो जाएगी। किसानों को कटाई और मिंजाई के लिए भी पैसे की जरूरत होती है। इसके साथ ही दीपावली त्यौहार भी पहले सप्ताह में ही होने के कारण किसानों को पैसों की सबसे अधिक आवश्यकता इसी समय होती है।

भाजपाईयों ने ज्ञापन में कहा कि प्रदेश में धान के रकबे को गुपचुप ढंग से कम किए जाने की साजिश भी कांग्रेस सरकार रच रही है। अफसरों पर दबाव डाला जा रहा है। कर्मचारियों को जबरन धान का रकबा कम दिखाए जाने का निर्देश दिया जा रहा है। रकबे को काफी कम कर धान खरीदने के अपने कर्तव्यसे प्रदेश सरकार बचना चाह रही है। इसी तरह केंद्र सरकार लगातार फसलों के एमएसपी में वृद्धि करती जा रही है, लेकिन छत्तीसगढ़ के किसानों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। कहा गया कि कांग्रेस सरकार अपने वादे के अनुसार धान का 25 सौ रुपए प्रति क्विंटल कीमत एकमुश्त तो नहीं दे पा रही है, उपर से केंद्र द्वारा हर सत्र में जो समर्थन मूल्य बढ़ाया जा रहा है उसका भी लाभ किसानों को नहीं दिया जा रहा है। पिछले सत्र में केंद्र ने धान के समर्थन मूल्य में करीब 300 रुपए की वृद्धि की है। इस अनुपात में प्रदेश के किसानों को अगले फसल के लिए न्यूनतम 2800 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत एकमुश्त देने की घोषणा करना चाहिए।ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मधुसूदन यादव, भाजपा नेता दिनेश गांधी, नीलू शर्मा, विक्रांत सिंह, पवन मेश्राम, आकाश चोपड़ा, इरफान शेख, पूर्णिमा साहू समेत अन्य भाजपा नेता शामिल थे।



# चवेली क्षेत्र में दुर्गंध से क्षेत्रवासी हलाकान, स्वास्थ्य को लेकर चिंता

पायनियर संवाददाता < ठेलकाडीह
www.dailypioneer.com

लगातार 2 सफ्ताह से चवेली (ठेलकाडीह) के आस पास रहने वाले ग्रामीण एक अजीब सी दुर्गंध से परेशान हैं। यह दुर्गंध शाम होते ही सुबह 9 बजे तक घुटन वाली होती है। सरपंच संघ अध्यक्ष नोमेश वर्मा ने इस पर कार्यवाही करने हेतु कलेक्टर के नाम पत्र सौंपा है। वर्मा ने बताया कि लगातर कुछ दिनों से क्षेत्र में अजीब तरह की दुर्गंध फैल जाती है जिससे लगभग 5 से 7 पंचायत अत्यधिक प्रभावित है। इस दुर्गंध के कारण लोगो को घुटन होने लगी है। क्षेत्र के लोगो के स्वास्थ्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है।यह दुर्गंध चवेली में बने हड्डी गोदाम जो कि वर्तमान में बंद हो चुके हैवहां से फैलने की आशंका जताई जा रही है। क्योंकि हड्डी गोदाम क्षेत्र में मुर्गे के अपशिष्ठ को संग्रहित कर जलाया जाता है। पूरे क्षेत्र में वायु प्रदूषित हो रही है। लोगो को प्रदूषित वायु के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की आशंका है।सरपंच संघ अध्यक्ष वर्मा ने आगे कहा यदि शिकायत के बाद भी किसी प्रकार की कार्यवाही नही होती है तो क्षेत्रवासियों के साथ जिला प्रशासन का घेराव किया जाएगा।आपको बता दें कि अभी हाल ही में ठेलकाडीह के पास के गांव गातापार कला में लगभग 80 लोग खराब खाद्य पदार्थ के सेवन के कारण जिला अस्पताल में भर्ती हुए थे।



## क्विक न्यूज

### राज्योत्सव के लिए जिला पंचायत के सीईओ होंगे नोडल अधिकारी

**बिलासपुर।** जिला मुख्यालय बिलासपुर में राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय राज्योत्सव 2021 का आयोजन 1 नवम्बर 2021 को किया जाएगा। इस आयोजन के सभी कार्यो के सफल संपादन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बिलासपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### राज्योत्सव में जैविक हाट बाजार रहेगा आकर्षण का केंद्र

**बिलासपुर।** राज्योत्सव के अवसर पर 1 नवम्बर 2021 को पुलिस ग्राउंड मैदान बिलासपुर जैविक हाट बाजार लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेगा। जिसमें जैविक उत्पादन करने वाले किसान अपने उत्पादों की बिक्री कर सकेंगे। उपसंचालक कृषि शशांक शिंदे ने बताया कि जिला स्तरीय जैविक हाट बाजार में जैविक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोटा विकासखण्ड्ड के वनांचल ग्राम नगोई एवं सिलदहा के जैविक उत्पादक कृषक समूहों द्वारा उत्पादित धान विष्णुभोग एवं एच.एम.टी. के चांवल तथा विभिन्न जैविक उत्पाद जैसे-रागी, अरहर, चनादाल, सरसों एवं सूर्यमुखी के खाद्य तेल एवं अन्य फसल जैसे हल्दी एवं अन्य दलहन, तिलहन अनाज वर्गीय इत्यादि फसलों के जैविक बीज की भी प्रदर्शनी लगाई जायेंगी। स्टाल में विकासखण्ड कोटा के ग्राम सिलदहा के जैविक उत्पादक कृषक समूह के कृषकों द्वारा निर्मित जीवामृत एवं दिव्यास्त्र तथा मोपका गोठान में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट तथा शिवतराई गोठान में निर्मित वर्मी वॉश भी उपलब्ध रहेगा। जहां किसान आवश्यकता अनुसार जैविक उत्पाद क्रय कर सकते है। जैविक हाट बाजार में जैविक कीटनाशक दवाईयां जैसे नीमास्त्र, दशपरणी, जीवामृत, बीजामृत इत्यादि जैविक कीटनाशकों की प्रदर्शन के साथ साथ इसको तैयार करने की विधि की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### अपहर्ताओं ने छात्र की मां से मांगे 10 लाख, पुलिस ने कुछ घंटे में ही आरोपियों को किया गिरफ्तार

# चाकू की नोक पर छात्र को अगवा करने वाले सात आरोपी दबोचे गए

पायनियर संवाददाता ≺ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कट्टा खरीदने के लिए कम उम्र के 7 लडको ने 9 वी कक्षा के एक छात्र का अपहरण कर लिया और उसकी मां को फोन कर 10 लाख रुपए की मांग की और चेतावनी दी कि पुलिस को खबर किया तो उसका बेटा जिंदा नहीं बचेगा।

कट्टा खरीदने के बाद पता नही ये लड़के और कौन से अपराध को अंजाम देने वाले थे लेकिन पुलिस ने उनकी इस घातक मंशा पर पानी फेर दिया और कुछ घंटे के भीतर ही अपहृत छात्र को सकुशल अपहरण कर्ताओं के कब्जे से छुड़ाने के साथ ही सभी सातों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की टीम ने सधी हुई रणनीति के तहत कुछ घंटे के भीतर ही अपहरण कर्ताओं टीके पहुंचकर छात्र को बचा लिया।

### छात्र को अपहरण कर्ताओं से सकुशल छुड़ाया



#### दस बजे ट्यूशन जाने के लिए निकला था

तखतपुर में रहने वाले शशिकांत पांडे के 15 वर्षीय पुत्र हिमालया पांडे पाठक पारा में कोचिंग क्लास जाता हैं। रोज की तरह वह मंगलवार को भी नौवीं कक्षा में पढ़ने वाला हिमालय पांडे सुबह 10.00 बजे ट्यूशन जाने के लिए निकला था। रोज वह 11ः30 बजे तक घर वापस आ जाता है, लेकिन इस दिन शाम 4.00 बजे तक वह घर नहीं लौटा तो परिवार की बेचैनी बढ़ने लगी। इसी दौरान उसकी मां के मोबाइल पर किसी अनजान व्यक्ति का फोन आया, जिसने बताया कि उनका पुत्र अपहरणकर्ताओं के कब्जे में है और उसे सुरक्षित छोड़ने के लिए 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। फिरौती न देने की सूरत में हिमालय पांडे को जान से मारने की धमकी भी दी गई ।

#### कॉन्फ्रेंस कॉल का इस्तेमाल

इसके लिए पुलिस टीम ने आपसी तालमेल के साथ किसी थ्रिलर फिल्म की तरह अपराधियों का काम तमाम करने पुख्ता रणनीति बनाई और बड़ी ही सावधानी के साथ अपराधियों के मंसूबे को ध्वस्त किया। इस मामले में एक नाबालिग सहित सात अपहरणकर्ता गिरफ्तार किए गए हैं। ग्रामीण होने के बावजूद अपहरणकर्ता इतने शातिर थे कि वे फिरौती के लिए कॉन्फ्रेंस कॉल का इस्तेमाल कर रहे थे। मगर पुलिस ने 2 घंटों में ही 40 किलोमीटर की दूरी तय कर पहुंचविहीन सैदा गांव के निर्माणाधीन सूने मकान से अपहृत बालक को बरामद कर अपहरण कर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया।

#### 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए

अपहरण की बात सुनते ही परिवार के हाथ पांव फूल गए और उन्होंने तत्काल तखतपुर थाने पहुंचकर इसकी सूचना दी। एसपी और अन्य अधिकारियों ने तत्काल कोटा एसडीओपी आशीष अरोरा को इस मामले को सुलझाने के लिए निर्देशित किया। जिन्होंने 1-1 बिंदुओं पर काम करते हुए एक कुशल टीम का गठन किया। टीम ने तत्काल अलग-अलग बिंदुओं पर काम शुरू कर दिया। हिमालया पांडे सुबह घर से ट्यूशन जाने वाले जिस- जिस रास्ते से गुजरा था उस रास्ते में पड़ने वाले 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए गए। पांडे परिवार के नजदीकी रिश्तेदारों, दोस्तों और गांव में रहने वालों की भी जानकारी जुटाई गई। इधर अपहृत की मां ने बताया कि उन्होंने फोन पर अपहरणकर्ता की जो आवाज सुनी है वो जानी पहचानी है और उन्होंने एक संदेही का नाम भी बताया।

# स्कूटी की डिक्की से 2 लाख की उठाईगिरी



पायनियर संवाददाता ≺ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

नागोराव शेष स्कूल कृष्णा नगर के पास रहने वाले बंटी पाहुजा मन्नू चौक टिकरापारा में सिद्धार्थ राशन एवं किराना दुकान संचालित करते है। 26 अक्टूबर की शाम करीब 7.45 बजे वे अवि मानिकपुरी के साथ अपने जुपिटर स्कूटी क्रमांक सीजी 10, एन 5755 की डिक्की में 1 लाख 95 हड़ार 400 रु रखकर शनिचरी बाजार स्थित धीरज ट्रेडर्स के संचालक दिलीप का हिसाब करने गए थे।

हिसाब में 10 हड़ार रुपये कम पड़ने पर वे उसी जुपिटर स्कूटी से अपने घर पैसा लेने गए। इस दौरान उन्होंने देखा कि उनकी डिक्की का लॉक टूटा हुआ है और डिप्टी खुली हुई है।




# पत्नी के साथ करवाचौथ मनाने पहुंचा ससुराल तो पुलिस पकड़ ले गई

पायनियर संवाददाता ≺ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रेम जाल में फंसाकर युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने पहले तो युवती को अपने प्रेम जाल में फंसाया फिर उससे शादी का वादा कर उसके साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाया था। बाद में उससे बातचीत बंद कर दूसरी लड़की से शादी कर ली थी।

परेशान युवती ने जब इस बात की शिकायत पुलिस से की तब पुलिस ने आरोपी को उसके ससुराल से ही गिरफ्तार किया है। आरोपी



युवक बेमेतरा अपने ससुराल में करवा चौथ बनाने पहुंचा था। मामला बिल्हा थाना क्षेत्र का है। अपने जाल में फंसा कर किया प्यार का इजहार बताया जा रहा है कि मामला करीब एक साल पहले का है। 21 साल की युवती और बिल्हा क्षेत्र के निपनिया निवासी 29 वर्षीय रामकुमार कोसले दोनों गांव के एक शादी में मिले थे। इस बीच उनकी दोस्ती हो गई। फिर रामकुमार ने युवती को प्यार का इजहार किया था। युवती भी रामकुमार को चाहने लगी। जून 2020 में युवक ने उसके साथ शादी करने का वादा किया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया था। युवती भी उसके झांसे में आ गई। इसके बाद रामकुमार अप्रैल 2021 तक युवती का शारीरिक शोषण करता रहा। अचानक युवक ने उससे बातचीत करना बंद कर दूरी बढ़ा ली। इस बीच युवती को पता चला कि उसकी शादी हो गई है।

## दंडित बंदी की मृत्यु पर दंडाधिकारी जांच के आदेश

**बिलासपुर।** दंडित बंदी चमेली बाई हलवाई पति राजगोपाल हलवाई, उम्र लगभग 87 वर्ष, निवासी-पाड़ीमार, भदरापारा, बाल्को नगर, थाना बाल्को नगर जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ की सिम्स बिलासपुर में उपचार के दौरान 7 अक्टूबर 2021 को रात्रि 10.08 बजे मृत्यु हो गई है। इस संबंध में जिला दंडाधिकारी बिलासपुर द्वारा जांच का आदेश दिया गया है। जांच के बिन्दुओं में- बंदी क्या जेल दाखिल होने के पूर्व से किसी बीमारी से पीड़ित था अथवा जेल दाखिल होने के पश्चात उसे बीमारी हुईड़ बंदी को किसी प्रकार की शारीरिक यातना तो नहीं दी गई। बंदी को उपचार के दौरान दी गई चिकित्सा पर्याप्त थी अथवा नहींड़ चिकित्सा का ब्यौरा दिया जायेड़ बंदी की मृत्यु के क्या कारण हैंड़ अन्य मुद्दे जो जांच के दौरान सामयिक पाये जाये।




# छग के उद्योगों और पावर प्लांट को पहले दें कोयला-धर्मजीत सिंह

पायनियर संवाददाता ≺ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के उद्योगों तथा कैप्टिव विद्युत संयंत्रों को प्राथमिकता के आधार पर कोयला आपूर्ति की मांग को लेकर आज लोरमी से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के विधायक धरमजीत सिंह के नेतृत्व में हजारों नागरिकों ने एसईसीएल के बिलासपुर स्थित मुख्यालय का घेराव और धरना प्रदर्शन किया। सिंह ने एसईसीएल से पूछा कि अगर छत्तीसगढ़ प्रदेश में कोयले की कमी नहीं है तो छत्तीसगढ़ के उद्योगों को कोयले की पर्याप्त आपूर्ति में क्या समस्या है। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के नागरिकों और किसानों ने अपनी जमीन, अपना घर, नदियां, जंगल कोल इंडिया और एसईसीएल को कोयले के उत्पादन के लिए दिया है इसलिए यहां के नागरिकों का यह अधिकार है कि उनके उद्योगों को प्राथमिकता के आधार पर और पर्याप्त मात्रा में कोयला मिलना चाहिए। राज्य में बढ़ी संख्या में ऐसे उद्योग हैं जो अपने संयंत्रों के प्रचालन के लिए कैप्टिव विद्युत संयंत्रों के जरिए विद्युत का




उत्पादन करते हैं। यदि इन कैप्टिव विद्युत संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति नहीं हुई तो इससे जुढ़े प्रदेश के उद्योग धंधों पर विपरीत असर होगा। बेराजगारी की समस्या निर्मित होगी। एसईसीएल राज्य के उद्योगों और कैप्टिव विद्युत संयंत्रों को पहले कोयला दे। उनकी जरूरतें पूरी होने के बाद यदि दूसरे प्रदेशों को कोयला दिया जाता है तो प्रदेशवासियों को कोई आपत्ति नहीं होगी। श्री सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के संज्ञान में भी यह बात लाई जा रही है कि प्रदेश के उद्योगों विशेषकर कैप्टिव विद्युत संयंत्रों को कोयले की भरपूर आपूर्ति की आवश्यकता है। उन्होंने मांग की कि मुख्यमंत्री एसईसीएल के अधिकारियों को तलब करें और उन्हें प्रदेश के उद्योगों को कोयला आपूर्ति करने का निर्देश दें। श्री सिंह ने केंद्रीय कोयल मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी के हाल ही में हुए कोरबा प्रवास का ढ़िक्र करते हुए कहा कि एक ओर देश में कोयले का गहरा संकट है वहीं श्री जोशी यह कह रहे हैं कि कोयले की कमी नहीं है। श्री सिंह ने जोशी के बयान पर चुटकी लेते हुए सवाल उठाया कि अगर उनकी बात में सच्चाई है तो फिर प्रदेश के उद्योगों को पर्याप्त मात्रा में कोयले की आपूर्ति क्यों नहीं हो रही है। इस दौरान श्री सिंह ने यह भी कहा कि केंद्रीय कोयला मंत्री के सामने कोरबा में भू-विस्थापितों और उनके परिवारों के द्वारा किया गया प्रदर्शन इस बात की ओर इशारा है कि एसईसीएल भू-व्यवस्थापन एवं पुनर्वास नीति का ठीक तरह से पालन नहीं कर रहा है। गांव वालों को जो सुविधा मिलनी चाहिए, वह उन्हें नहीं मिलीं। श्री सिंह ने मांग की कि एसईसीएल के भू-विस्थापितों का पुनर्वास प्रावधानों के अनुरूप हो। खदान से प्रभावित होने वालों को एसईसीसएल नौकरी दे। सिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस के शिष्टमंडल ने एसईसीएल के सीएमडी एपी पांडा को एक ज्ञापन सौंपा जिसमें यह कहा गया है कि एसईसीएल अपने उपभोक्ताओं के साथ हुए दीर्घकालिक फ्यूल सेल एग्रीमेंट (एफएसए) को बहाल करे। कैप्टिव विद्युत संयंत्रों को कोयले की पर्याप्त आपूर्ति हो ताकि उद्योगों में ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित न हो। इस बीच एसईसीएल के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सनीश चंद्र ने यह बयान दिया है कि देश में कोयले की मांग बढ़ी है। मानसून के दौरान एसईसीएल का उत्पादन कम हुआ।

## सिम्स में जूनियर डॉक्टर की सीनियर डॉक्टर ने की पिटाई, विरोध में जूनियर डॉक्टरों ने किया काम बंद

पायनियर संवाददाता ≺ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सिम्स में आपातकालीन चिकित्सा में तैनात जूनियर डॉक्टर को सीनियर डॉक्टर ने तमाचा मार दिया। बताया जा रहा कि तमाचा मारने वाले डॉक्टर का नाम केएन चौधरी हैं जो फिलहाल सर्जन के पद पर पदस्थ हैं। जिन्होंने जूनियर डॉक्टर रोहित मेहराना को तमाचा मारा है। सूत्रों के अनुसार सीनियर डॉक्टर ने टिटनेस का इंजेक्शन लगाने के निर्देश जूनियर डॉक्टर को दिए थे। जूनियर डॉक्टर ने इंजेक्शन तो लगा दिया पर इसका उल्लेख पर्ची में नही किया। इस वजह से सीनियर



को लगा कि उनके निर्देशो की अवहेलना जूनियर द्वारा की गई हैं और उन्होंने आक्रोश में आ कर अपने जूनियर को तमाचा मार दिया। घटना से आक्रोशित सभी जूनियर डॉक्टरों ने काम बंद कर दिया और मेन गेट पर इक्कठे हो गए। जिन्हें सिम्स के डीन डॉक्टर केके सहारे ने पहुँच कर समझाइश दी।

## स्व सहायता समूह, कुम्हार व छोटे कारीगरों से नहीं लिए जायेंगे कोई शुल्क

पायनियर संवाददाता ≺ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

दीपावली त्यौहार के लिए मिट्टी के दिये एवं अन्य सामग्री तैयार करने वाले कुम्हार, स्वसहायता समूह एवं छोटे कारीगरो से कोई कर या शुल्क वसूल नही की जायेगी और उन्हे स्थानीय स्तर पर अपने सामग्री के विक्रय लिए सुविधा एवं प्रोत्साहन दिया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सारांश मित्तर द्वारा जारी आदेशानुसार दीपावली त्यौहार के अवसर पर जिले के समीपस्थ एवं दुरस्थ ग्रामों से मिट्टी के बर्तनो का व्यवसाय करने वाले कुम्हार तथा ग्रामीण जो विक्रय के लिए नगरीय क्षेत्रो, नगरपालिका निगम, नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत एवं कस्बाई क्षेत्रो में अपना माल लेकर आते है। यह व्यवसाय क्षेत्रिय परम्परा से जुड़ा होने के साथ-साथ व्यापक पर्यावरणीय हित में भी है। दीपावली पर्व इस व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों के जीविकोपार्जन के साथ-साथ उनके घर परिवार की आर्थिक दशा सुधारने से जुड़ा धर्नाजन का छोटा माध्यम भी है। इस लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा निर्देशित किया गया है कि कुम्हारो स्वसहायता समूहो, छोटे कारीगरो से कोई भी कर या शुल्क नही लिया जाए एवं उन्हे स्थानीय स्तर पर पूर्ण सहयोग एवं आवश्यक सुविधाए उपलब्ध करायी जाए।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403